सूर्योदय 5:39 सूर्यास्त 7:17

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 24.5 अधि |
| धर्मशाला | 20 न्यू | 31 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,185.58 |
| निफ्टी | 24,768.35 |
| सोना | 98,520 |
| चांदी | 1,12,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना पीएम कृषि सिंचाई योजना में शामिल : भारद्वाज

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 1 अगस्त 2025 | 17 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 214, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# हिमाचल विधानसभा का मानसून सत्र 18 से

## आशा वर्कर्स के भरे जाएंगे 290 पद; लॉटरी स्कीम फिर शुरू, वन टाइम लिगेसी पॉलिसी पर मुहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य के विकास और जनकल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इन फैसलों में मानसून सत्र की तारीख तय करने से लेकर आशा वर्कर्स की भर्ती, आपदा राहत और सरकारी राजस्व बढ़ाने जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं।

हिमाचल विधानसभा का मानसून सत्र 18 अगस्त से 2 सितंबर तक होगा, जिसमें कुल 12 बैठकें होंगी। यह लंबा सत्र इसलिए रखा गया है, ताकि विधायक अपने क्षेत्रों में आपदा से हुए नुकसान पर विस्तार से चर्चा कर सकें। वहीं, राज्य के राजस्व में वृद्धि के लिए मंत्रिमंडल ने लॉटरी स्कीम को फिर से शुरू करने को मंजूरी दी है। इससे सरकार को अतिरिक्त आय होगी, जिसका उपयोग विकास कार्यों में किया जा सकेगा। मंत्रिमंडल ने दुर्गम और जनजातीय क्षेत्रों में 290 आशा वर्कर्स के पद भरने की मंजूरी दी है। यह कदम इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बेहतर बनाएगा। वहीं, एचआरटीसी बसों में मुफ्त यात्रा के पात्र लोगों को अब एक पहचान पत्र बनवाना अनिवार्य होगा। अपंजीकृत निर्माण उपकरण वाहनों को पंजीकृत करने के लिए एक 'वन टाइम लिगेसी पॉलिसी' को भी मंजूरी दी गई है।



राज्य सचिवालय शिमला में वीरवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

### सोलन और पालमपुर नगर निगम में जलशक्ति विभाग जारी करेगा पानी के बिल

### पर्यटन विकास परिषद का होगा गठन

**पर्यटन** को बढ़ावा देने के लिए एक नई पर्यटन विकास परिषद का गठन किया जाएगा, जो 50 करोड़ से अधिक लागत वाली पर्यटन परियोजनाओं को मंजूरी देगी। वहीं, शहरी निकायों में सुधार करते हुए सोलन और पालमपुर नगर निगम के पानी के बिल अब आईपीएच विभाग द्वारा जारी किए जाएंगे।

### गवर्नर के लिए खरीदी जाएगी 92 लाख की मर्सिडीज

**कैबिनेट** की मीटिंग में राज्यपाल के लिए 92 लाख रुपए की लागत से नई मर्सिडीज-बेंज गाड़ी खरीदने की मंजूरी प्रदान की गई। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए इंडस्ट्री मिनिस्टर हर्षवर्धन चौहान ने कहा, 'राज्यपाल की पुरानी मर्सिडीज गाड़ी को 5 साल से ज्यादा समय हो गया है। इसे देखते हुए कैबिनेट ने नई गाड़ी खरीदने का निर्णय लिया है।'

### शहरी निकाय चुनाव में लागू होगा ओबीसी आरक्षण

**सरकार** ने आगामी शहरी निकाय चुनावों में ओबीसी के लिए आरक्षण लागू करने का निर्णय लिया है और इसके लिए एक पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी दी है। टीजीटी और जेबीटी पदों की परीक्षा में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में दो साल की छूट दी गई है। इसके अतिरिक्त, अनाथ बच्चों के लिए आईटीआई, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग जैसे तकनीकी संस्थानों में प्रति पाठ्यक्रम एक सीट आरक्षित करने का भी फैसला किया गया है, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।

### डिस्टिलरी-ब्रुअरी संयंत्रों में होमगार्ड की होगी तैनाती

**राजस्व** को बढ़ाने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसके तहत डिस्टिलरी और ब्रुअरी संयंत्रों में होमगार्ड और आबकारी अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। वहीं, खनिज खदानों की नीलामी से सरकार को 18.82 करोड़ का राजस्व मिलने की उम्मीद है। लंबित मामलों को निपटाने के लिए, 'हिमाचल प्रदेश सद्भावना विरासत मामलों के निपटान की योजना-2025' का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा, जिससे लगभग 30,000 मामलों का निपटारा होगा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### रूस में लगातार दूसरे दिन आया भूकंप

**एजेंसी, व्लादिवोस्तोक।** रूस में लगातार दूसरे दिन भूकंप आया है। रूस के पूर्वी इलाके में मौजूद कुरिल आईलैंड्स पर वीरवार सुबह आए इस भूकंप की तीव्रता 6.5 थी। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, यह भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 10:57 पर दर्ज हुआ। इसकी गहराई महज 10 किलोमीटर थी। इससे पहले बुधवार को कुरिल द्वीपों के पास समुद्र में 8.8 तीव्रता का भीषण भूकंप आया था। जो अब तक दर्ज किए गए सबसे शक्तिशाली भूकंपों में छठे नंबर पर है। हालांकि, इसमें अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। 8.8 तीव्रता के भूकंप के बाद रूस, जापान, चीन और अमेरिका तक सुनामी लहरें पहुंची थीं। रूस में ये लहरें 4 मीटर ऊंची, जबकि अमेरिका में 1 मीटर तक ऊंची थीं। (अनंत ज्ञान)

### 6 भारतीय कंपनियों पर ट्रंप ने लगाया बैन

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार देर रात ईरान से प्रतिबंधित रसायन और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की खरीद करने वाली 24 कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया। इनमें 6 भारतीय कंपनियां भी हैं। चीन की 7, यूएई की 6, हॉन्गकॉन्ग की 3, तुर्किये और रूस की 1-1 कंपनी शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने इन प्रतिबंधों की घोषणा की। मंत्रालय का कहना है कि इन कंपनियों ने 2024 में ईरानी मूल के 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा के उत्पाद यूएई के रास्ते मंगवाए। ईरान इस पैसे से न्यूक्लियर प्रोग्राम बढ़ा रहा है और आतंकी फंडिंग कर रहा है। ईरान पर 2018 से प्रतिबंध है। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका में एफ-35 लड़ाकू विमान क्रैश

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिका से एक विमान हादसे की खबर सामने आई है। अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित नेवल एअर स्टेशन लेमूर के पास एक एफ-35 लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। गनीमत बस इस बात की रही कि पायलट विमान से बाहर निकलने में सफल रहा। घटना की जानकारी अमेरिकी नौसेना के अधिकारियों ने दी। इस घटना को लेकर एनएएस लेमूर की ओर से एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि पायलट सफलतापूर्वक विमान से बाहर निकल गया और सुरक्षित है। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि यह विमान कैसे क्रैश हो गया है, इसके कारणों की जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- एसएचओ बार-बार बदलना सही नहीं, कुछ चीजें हमारे कंट्रोल में नहीं -पेज 2
- गांव की जमीन से उठी बदलाव की बयार -पेज 3
- धर्मशाला में रेहड़ी-फड़ी वालों को वेंडिंग जोन में मिलेगी जगह -पेज 5
- स्थाठी आपदा प्रभावितों को भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू -पेज 9
- तलाड़ा के पास मलबा आने के चलते 10 घंटे ठप रहा यातायात -पेज 11

### मुंबई एयरपोर्ट पर 8 करोड़ की ड्रग्स जब्त



**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई कस्टम डिपार्टमेंट के एविएशन अधिकारियों ने 8 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की है। यह कार्रवाई 29 और 30 जुलाई को हुई। इसमें 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कस्टम ऑफिसर्स ने छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बैंकॉक से आई फ्लाइट नंबर वीजी760 से तीन संदिग्ध पैसेंजर्स को रोका था। इनके सामान की जांच के दौरान 1.990 किलो हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) मिला, जिसकी बाजार में करीब 2 करोड़ रुपए की कीमत है। दूसरे मामले में बैंकॉक की फ्लाइट नंबर 6ई1060 से एक पैसेंजर के पास 6.22 किलो गांजा बरामद किया गया। इसकी बाजार कीमत 6 करोड़ रुपए है। दोनों मामलों में एविएशन अधिकारियों ने कुल 8 करोड़ की ड्रग्स जब्त की है। आरोपियों ने इन हाइड्रोपोनिक वीड के पैकेट्स को ट्रॉली बैग के अंदर काले और पारदर्शी वैक्यूम सील पैकेट्स में छिपा रखा था। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू आज रवाना होंगे दिल्ली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू अगले दो-तीन दिन शिमला में नहीं मिलेंगे। वह शुक्रवार सुबह 10 बजे दिल्ली रवाना होंगे। सीएम 2 अगस्त को कांग्रेस पार्टी के संवैधानिक चुनौती कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। सीएम सुक्खू 3 अगस्त को वापस शिमला लौट सकते हैं।



बताया जा रहा है कि सीएम सुक्खू जिन लोगों के आपदा में घर व जमीन दोनों बह गए हैं और कुछ लोगों के पास मकान बनाने को भी जमीन नहीं बची, ऐसे लोगों को घर बनाने के लिए वन भूमि देने की केंद्रीय मंत्री से मांग उठा सकते हैं। क्योंकि प्रदेश में भूमिहीन लोगों को जमीन देने में फॉरेस्ट कंजर्वेशन एक्ट आड़े आ रहा है।

### कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम संवैधानिक चुनौती में लेंगे भाग

### पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात संभव

**सीएम** सुक्खू पीएम नरेंद्र मोदी व केंद्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात कर सकते हैं। पीएम से मुलाकात को टाइम मिला तो उन्हें प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में बादल फटने से हुए नुकसान की जानकारी देंगे। सीएम कांग्रेस हाईकमान से भी मुलाकात कर सकते हैं। इस दौरान नए संगठन और कैबिनेट विस्तार को लेकर भी चर्चा संभावित है, क्योंकि प्रदेश में लगभग 9 महीने से कांग्रेस हाईकमान नया संगठन नहीं बना पाया है।

### मालेगांव ब्लास्ट मामले में एनआईए के स्पेशल कोर्ट का फैसला

# साध्वी प्रज्ञा समेत सभी आरोपी बरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट केस में एनआईए के स्पेशल कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा समेत सातों आरोपियों को बरी कर दिया है। इस केस में 7 मुख्य आरोपी थे। इनमें पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, कर्नल प्रसाद पुरोहित, रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी और सुधाकर धर द्विवेदी शामिल थे। पीड़ितों के वकील शाहिद नवीन अंसारी ने कहा कि हम एनआईए कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे। इस मामले में जांच एजेंसियां और सरकार फेल हुई हैं।

गौर रहे कि मालेगांव में 29 सितंबर, 2008 को धमाका हुआ था। इसमें 6 लोग मारे गए थे और करीब 100 लोग घायल हुए थे। करीब 17 साल बाद आए फैसले में जज एके लाहोटी ने कहा कि जांच एजेंसी आरोप साबित नहीं कर पाई हैं। ऐसे में आरोपियों को संदेह का लाभ मिलना चाहिए। जज लाहोटी ने कहा कि धमाका हुआ था, लेकिन यह साबित नहीं हुआ कि बम मोटरसाइकिल में रखा था। यह भी साबित नहीं हुआ कि मोटरसाइकिल साध्वी प्रज्ञा के नाम था। यह भी साबित नहीं हो सका कि बम बनाने के लिए आरडीएक्स कर्नल प्रसाद पुरोहित ने लाया था। इस केस का फैसला 8 मई, 2025 को वाला था, लेकिन फिर कोर्ट ने इसे 31 जुलाई तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। मालेगांव ब्लास्ट केस की शुरुआती जांच महाराष्ट्र एटीएस ने की थी। 2011 में केस एनआईए को सौंप दिया गया था। एनआईए ने 2016 में चार्जशीट दाखिल की थी। केस में 3 जांच एजेंसियां और 4 जज बदल चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



**कहा-बाइक प्रज्ञा की थी और कर्नल आरडीएक्स लाए, ये साबित नहीं हुआ**

# डोनाल्ड ट्रंप ने इंडिया को अब डेड इकोनॉमी बताया

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारत और रूस को डेड इकोनॉमी बताया है। उन्होंने कहा कि भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि भारत-रूस के साथ क्या करता है? वे मिलकर अपनी मृत अर्थव्यवस्था को कैसे गिरा सकते हैं, मुझे इससे क्या मतलब है। हमने भारत के साथ बहुत कम व्यापार किया है। उनके टैरिफ बहुत अधिक हैं, दुनिया में सबसे अधिक। इसी तरह रूस और अमेरिका भी लगभग कोई व्यापार नहीं करते। आइए इसे ऐसे ही रहने दें। ट्रंप ने रूस के पूर्व राष्ट्रपति मेदवेदेव पर भी हमला बोला।



ट्रंप ने कहा कि रूस के पूर्व राष्ट्रपति मेदवेदेव खुद को अभी भी राष्ट्रपति समझते हैं। उनको अपनी बातों पर ध्यान देना चाहिए। वह खतरनाक क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### राहुल गांधी बोले-ट्रंप ने बिलकुल सही कहा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी बताने पर कहा कि उन्होंने बिलकुल सही कहा है। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री को छोड़कर पूरी दुनिया जानती है कि भारत की इकोनॉमी डेड है। भाजपा ने अडानी की मदद के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है।

# अब शिमला के रामपुर में फटा बादल

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** शिमला जिले के रामपुर के तहत आते कूट गांव और उसके आसपास के क्षेत्र में बुधवार देर रात हुई जोरदार बारिश ने तबाही मचा दी। धनपल कंडा कूट में बादल फटने की घटना सामने आई, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, भारी वर्षा के कारण गांव में किसानों की मक्की, धान व दलहनी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई, जबकि सेब के बागानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कई सेब के पौधे तबाह हो गए हैं। एक बड़ा पुल तथा तीन छोटे पुल भी सैलाब में बह गए। मुख्य कूट यातायात मार्ग भी भूस्खलन और पानी के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं, कोर्ट पंचायत के दूरदराज गांव खिऊंचा में दो बिजली के खंभे बह जाने से पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। ग्रामीणों को बिजली कटौती के चलते भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय जनता ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द क्षेत्र का दौरा किया जाए और राहत कार्य शुरू कर क्षति का उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

### एक बड़ा और तीन छोटे पुल सैलाब में बहे

# केंद्र सरकार ने किसानों के लिए खोला पिटारा

## किसान संपदा का बजट बढ़ाकर 6520 करोड़ किया, 4 रेल लाइनों के लिए 11,168 करोड़ मंजूर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में वीरवार को कैबिनेट बैठक हुई। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, 'मोदी कैबिनेट की बैठक में 6 अहम फैसले लिए गए हैं। इनमें 2 किसानों और फूड सेक्टर से जुड़े हैं। वहीं, चार फैसले नॉर्थ-ईस्टर्न सेक्टर में रेलवे नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए हैं।' वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना का बजट बढ़ाकर 6520 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इससे किसानों को फूड प्रोसेसिंग में फायदा मिलेगा। वहीं, नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के लिए 2,000 करोड़ रुपए दिए गए हैं।



इसके अलावा, 4 रेलवे लाइनों के लिए 11,168 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। इसमें इटारसी से नागपुर चौथी रेल लाइन के लिए 5,451 करोड़ रुपए दिए गए हैं। वहीं, अलुआबाड़ी रोड से न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे लाइन के लिए 1,786 करोड़, छत्रपति संभाजीनगर-परभानी रेलवे लाइन दोहरीकरण के लिए 2,179 करोड़ और डंगोआपोसी-करौली रेलवे लाइन के लिए 1,752 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

**अपराध** जागरूकता के बावजूद शातिरों के जाल में फंस रहे पहाड़ के लोग

# फोन हैकिंग से हिमाचल में करोड़ों की सेंधमारी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में साइबर ठगों ने अब फोन हैकिंग को अपना नया हथियार बना लिया है, जिसके जरिए वे लोगों को बड़े पैमाने पर चूना लगा रहे हैं। केवल एक सप्ताह में ही साइबर ठगों ने प्रदेशवासियों को 1.94 करोड़ रुपए का चूना लगा दिया है। प्रदेश में हर दूसरे दिन कोई न कोई व्यक्ति इन शातिर ठगों का शिकार हो रहा है, जिससे साइबर अपराधों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। स्टेट सीआईडी के साइबर सेल द्वारा किए गए विश्लेषण में हिमाचल में बढ़ते साइबर क्राइम के इन चिंताजनक आंकड़ों का खुलासा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 से 25 जुलाई तक सीवाई स्टेशन के डेटा सेंटर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से साइबर अपराध से संबंधित कुल 3950 शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

इन शिकायतों में से साइबर विंग की सीवाई स्टेशन के डेटा सेंटर टीम ने 335 शिकायतों को एनसीआरपी पोर्टल पर अपलोड किया है। इन वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित 335 शिकायतों में प्रदेश की जनता से कुल 1,94,64,718 रुपए की धोखाधड़ी की गई है।

**एक सप्ताह में ही साइबर ठगों ने लगाया 1.94 करोड़ रुपए का चूना**





### सीधे बैंक खातों में सेंध लगा रहे साइबर ठग

**जानकारी** के अनुसार, जिन लोगों ने अपनी बैंक डिटेल्स या अन्य महत्वपूर्ण जानकारी साइबर ठगों के साथ साझा की है, ठगों ने उनकी मदद से सीधे उनके बैंक खातों से पैसे निकाल लिए हैं। इसके अतिरिक्त, जो व्यक्ति इन ठगों के कहने पर कोई ऐप अपने फोन में डाउनलोड कर लेता है, उनके फोन को हैक करके बैंक खातों से पैसे उड़ा लिए जाते हैं। सीधे तौर पर ठग विभिन्न तरीकों से लोगों को फंसा रहे हैं।

### 55 लाख से अधिक की राशि करवाई होल्ड



मोहित चावला
डीआईजी, सीआईडी

**स्टेट** सीआईडी विंग के डीआईजी मोहित चावला ने कहा कि साइबर विंग की सीवाई स्टेशन के डेटा सेंटर टीम ने ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों को तुरंत एनसीआरपी पोर्टल पर अपलोड किया। इस तत्परता के परिणामस्वरूप 55,51,900 रुपए की धोखाधड़ी की राशि को तुरंत साइबर अपराधियों के खातों में होल्ड करवा लिया गया है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई साइबर अपराधियों के मंसूबों पर कुछ हद तक लगाम लगाने में सहायक सिद्ध हुई है।



## न्यूज ब्रीफ

### पीएचसी धनेटा का दर्जा बढ़ाने पर सीएम का जताया आभार

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के धनेटा क्षेत्र की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था सर्वमंगल सभा धनेटा की बैठक धनेटा में संपन्न हुई, जिसमें सभा के पदाधिकारियों के अलावा आसपास की 16 पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता मनोहर लाल शर्मा ने की। इसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करके पीएचसी धनेटा का दर्जा बढ़ाकर सीएचसी का दर्जा दिए जाने पर मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताया है। सभा के संस्थापक एवं महासचिव पीडी शर्मा ने बताया कि बैठक में सभा के चीफ पैटर्न चंद्र प्रकाश नंदा, पैटर्न भारत भूषण कपिल, उपाध्यक्ष शक्ति चंद शर्मा तथा सदस्य ओम प्रकाश शर्मा, प्रधान मधुबाला, पंचायत प्रधान भदरूं रणजीत राणा, सहकारी सभा निदेशक संतोष शर्मा के अलावा कैप्टन सुनील दत्त शर्मा, कैप्टन पृथ्वी चंद कौशल, देशराज शीतल, ओम प्रकाश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, लाला राजेश चड्ढा सहित 16 पंचायतों के सर्वमंगल सभा के प्रतिनिधियों ने धनेटा पीएचसी को सीएचसी का दर्जा दिए जाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि मरीजों को अब उचित उपचार नजदीक धनेटा में ही उपलब्ध होगा। उन्होंने शीघ्र ही इसकी अधिसूचना जारी किए जाने तथा स्टाफ तैनात किए जाने का आग्रह किया है।

### राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने पर विधायक ने दी बधाई



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक लेकर आए करोट पंचायत के बढ़ई गांव के सुनेश कुमार को सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने घर जाकर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि इलाके के लिए यह बहुत ही बड़े गर्व की बात है। पिछले काफी समय से सुनेश बेहतर प्रयास कर रहे हैं और इस बार स्वर्ण पदक जीतने पर उनके समर्थक भी बहुत खुश हैं। कुछ दिन पहले राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में प्रथम आए सुनेश को शाल, टोपी पहनाकर विधायक ने सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि जीत के दौरान भी मैंने सुनेश को बधाई दी थी और आज घर जाकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा यह बड़ा हर्ष का विषय है कि हमारी विधानसभा से एक फौजी पूरे राष्ट्र में स्वर्ण पदक लेकर आया है। सुजानपुर का नाम पूरे देश में रोशन किया है, जिसके लिए मैं सुनेश और उनके परिवार व संपूर्ण सुजानपुर विधानसभा को बधाई देता हूं।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए अब ऑनलाइन आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के लिए आवेदन को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया आरंभ की गई है। डीसी अमरजीत सिंह ने बताया कि अब पात्र लोग स्वयं मोबाइल, कंप्यूटर और लैपटॉप से या नजदीकी लोक मित्र केंद्र के माध्यम से वेबपोर्टल हिमपरिवार.एचपी.जीओवी.इन/ईकल्याण **himparivar.hp.gov.in/ekalyan** पर लॉग इन करके सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी आवश्यक दस्तावेजों को स्कैन करने के बाद इन्हें वेबपोर्टल पर अपलोड करके आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अब लोग घर बैठे ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस ऑनलाइन सुविधा के आरंभ होने से बुजुर्गों, दिव्यांग व्यक्तियों, एकल नारियों और अन्य पात्र लोगों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने जिला के सभी एसडीएम और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में इस ऑनलाइन सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### डबरेड़ा में 300 परिवारों को डस्टबिन किए वितरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** डबरेड़ा पंचायत में एक विशेष स्वच्छता जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस अभियान में लंबलू क्षेत्र से बीडीसी सदस्य कैप्टन तिलक राज शर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई। कैप्टन तिलक राज शर्मा पिछले लंबे समय से गांव-गांव जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं। वे न केवल जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं, बल्कि ग्रामीणों को स्वच्छता से जुड़ी मूलभूत सुविधाएं जैसे वाटर कूलर, डस्टबिन और पानी की टंकियां भी उपलब्ध करवा रहे हैं। बुधवार की बैठक में उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छ जल एवं स्वच्छ वातावरण की महत्ता को सरल और प्रभावशाली ढंग से समझाया। उन्होंने कहा,आओ हम सब मिलकर अपने क्षेत्र को स्वच्छता और विकास में सहयोग दें। इस मौके पर ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वच्छता अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कैप्टन तिलक राज शर्मा द्वारा मौके पर श्रीबाला जी हनुमान मंदिर तामला कुंड के लिए वाटर कूलर, संतोषी माता मंदिर लंबलू के लिए पानी की टंकी व डुग्गी, डबरेड़ा गांव के लगभग 300 परिवारों को डस्टबिन वितरित किए गए, जिससे लोग अपने घरों और आस-पास की साफ-सफाई को लेकर अधिक सजग हो सकें। डस्टबिन पाकर ग्रामीणों ने भारत सरकार व कैप्टन तिलक राज शर्मा का आभार व्यक्त किया।

### सेवानिवृत्ति पर पुलिस लाइन में समारोह आयोजित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** पुलिस लाइन हमीरपुर में बुधवार को सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। जिला पुलिस हमीरपुर परिवार की ओर से उपनिरीक्षक केवल सिंह प्रबंधक अधिकारी पुलिस लाइन हमीरपुर तथा मानक सहायक उपनिरीक्षक सुनील चंद पुलिस लाइन की सेवानिवृत्ति के अवसर पर एसपी भगत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को जिला पुलिस हमीरपुर परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एएसपी राजेश कुमार, डीएसपी नितिन चौहान के अलावा सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के परिजनों ने भी हिस्सा लिया।

# एसएचओ बार-बार बदलना सही नहीं, पर कुछ चीजें हमारे कंट्रोल में नहीं

चिट्टे के खिलाफ हमीरपुर जिले में पुलिस ने इसमें आधा दर्जन से ज्यादा मुख्य अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज कर इसके मार्ग की रीढ़ को तोड़ने में कामयाबी तो हासिल की है, लेकिन अभी मुकम्मल तौर पर 'पार' पाना बाकी है। इसके लिए आने वाले दिनों में अच्छे रिजल्ट्स और मिलेंगे, लेकिन कई मामलों में अच्छी परफॉर्मेंस तब तक नहीं हो सकती, जब तक अधिकारी का ठहराव बराबर न बने। 107 मामलों में लैब रिपोर्ट्स वांछित हैं, उनके आते ही चिट्टे के मामले में फैला प्रदूषण और कंट्रोल होगा। हमीरपुर जिले के एसपी **भगत सिंह ठाकुर** से 'अनंत ज्ञान' के हमीरपुर जिले के ब्यूरो चीफ **विक्रम ढटवालिया** ने बहुत ही बेबाकी के साथ कई मुद्दों पर लंबी बातचीत की। पेश हैं विशेष बातचीत के मुख्यांश :-

**हमीरपुर** जिले के एसपी भगत सिंह ठाकुर ने कहा कि चिट्टे पर शिकंजा लगातार और सख्त हुआ है। विशेष स्ट्रेटजी के तहत पुलिस और आम लोगों के बीच में जो समन्वय तैयार हुआ, उसी का नतीजा बेहतर मिला है। अनुभवी अधिकारी इसमें लगाए गए हैं। अच्छे परिणाम पिछले कुछ महीनों से सामने आए हैं। हर व्यक्ति को इसमें इंवॉल्व करने के कारण ही दिन-प्रतिदिन इसके आंकड़े भी बदल रहे हैं।

कारण यह है कि बहुत लोग इसके आदी हो चुके हैं। जिस आशू को कुछ दिन पहले पकड़ा गया था, उस पर आठवां केस बना है, जिसने बहुत लोगों को खराब किया है। एक बात साफ है कि जिस बड़े स्तर पर अब इसमें सफलता मिल रही है, के कारण जो लोग चिट्टे में इंवॉल्व थे, वे अब कुछ चोरियों में भी दिलचस्पी लेने लगे हैं। इस मामले में पुलिस मुकम्मल तौर पर मुस्तैदी से काम कर रही है। उन्होंने

**बच्चों के बनें शिक्षक :** गलोड़ और लदरौर में रैगुलर पुलिस चौकी स्थापित कर दी गई हैं, जबकि भोटा और बिझड़ में इन्हें रैगुलर करने के लिए फाइल सरकार के पाले में भेजी है। जितनी उम्मीद समाज पुलिस से करता है, उसी तर्ज पर समाज को भी पुलिस की मदद करनी चाहिए। जो बच्चे इसकी आदत में घुल गए हैं, वे वापस कैसे आएं, इसके लिए रिहैबिलिटेशन जरूरी है। उन्हें प्रताड़ित न किया जाए और समाज के हर बार को इसमें मदद करनी चाहिए। उनके साथ मेल मिलाप से उनकी नियत को जांचते रहें। उन्हें सही दिशा दें, उनके शिक्षक बने, इसी से भला होगा।

**हमीरपुर के एसपी भगत सिंह ठाकुर से**
**अनंत ज्ञान की विशेष बातचीत**



बताया कि जिले में लगभग 5,500 सीसीटीवी कैमरे हैं, जिनमें ज्यादातर प्राइवेट हैं। सरकारी सेक्टर में तो केवल 150 के करीब हैं। इनकी वजह से कई चोरियों और अपराधों को पकड़ने में कामयाबी मिल रही है।

सांसद अनुराग ठाकुर के साथ पिछले दिनों दिशा की जो बैठक हुई थी, उसकी फीडबैक के आधार पर इस मामले में एक मास्टर प्लान तैयार किया गया है। थोड़ा महंगा है, लेकिन इस प्लान के तहत सांसद के साथ फिर बैठक होगी और इस प्लान को यदि जल्दी लागू कर दिया गया, तो और अच्छे रिजल्ट आएंगे।

एसएचओ को बार-बार बदलने के मामले पर उन्होंने कहा कि ऐसा हमीरपुर पुलिस स्टेशन में ही हुआ है और पिछले 1 साल में 6 या 7 बार एसएचओ बदले जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि बार-बार अधिकारी को बदलना सही नहीं है। इससे न ही तो परफॉर्मेंस मिल पाती है और न ही सही दिशा में काम हो पता है। कुछ चीजें हमारे कंट्रोल में नहीं है। यदि अधिकारी को बेहतर ठहराव मिले, तभी परफॉर्मेंस मिल सकती है। उसका आकलन होता है।

सहकारी सभा में हुए घोटाले की तफ्तीश को लेकर एसपी का कहना था कि एक मामला बहुत जल्द हल होने वाला है। उसकी फोरेंसिक रिपोर्ट कुछ दिनों में आ जाएगी, लेकिन एक संगरोह सभा का भी जरूरी और गंभीर मामला है, वह भी जल्द हल होगा। कुछ क्रिमिनल मामले भी हैं। अब कारण यह है कि उनकी जांच भी अधिकारियों के बदलने से प्रभावित तो होती है। पुलिस की प्राथमिकताएं भी बीच-बीच में रोजाना बदलती रहती हैं। इसी कारण कुछ देरी भी हो रही है।

कई चिट्टे के मामलों में सात मुख्य आरोपी सलाखों के भीतर हैं। इनमें ज्यादातर पर 15, 10 या 9 मामले दर्ज हैं। 120 से 122 तक दो-दो मामलों वाले केस दर्ज हैं। इसके अलावा तकरीबन 600 मामले एक-एक मामले के हैं। उन्होंने कहा कि 107 ऐसे मामले हैं, जो कि परीक्षण लैब में जांच के लिए गए हुए हैं, उनकी रिपोर्ट्स जैसे ही आएगी, ये भी सलाखों के अंदर होंगे।

## तकनीकी विश्वविद्यालय: काउंसिलिंग में बीटेक की 123 सीटें आवंटित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में वीरवार को हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एचपीसीईटी) के आधार पर बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की पहले चरण की काउंसिलिंग दूसरे दिन एसटी मुख्य श्रेणी, ईडब्ल्यूएस, कश्मीरी विस्थापित के तहत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हुई।

इसमें मेरिट के आधार पर 123 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गईं। जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गईं, उन्हें संबंधित शिक्षण संस्थान में चार अगस्त तक रिपोर्ट करनी होगी। पहली अगस्त को सामान्य श्रेणी, बेटी है अनमोल, ऑल इंडिया कोटा के तहत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग आयोजित की जाएगी।

## सुजानपुर के सरकारी स्कूल में लगी आग, 50 हजार का नुकसान, करोड़ों की संपत्ति बचाई

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुजानपुर में लगी आग का दृश्य।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुजानपुर में वीरवार सुबह आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची जिससे आग पर काबू पाया गया। आग लगने की घटना साइंस ब्लॉक के बाहर लगे मीटर में हुई, जो जलकर राख हो गया। वीरवार सुबह 6.50 पर सुजानपुर फायर ब्रिगेड को सूचना मिली कि सीनियर सेकेंडरी स्कूल के भवन में आग लग गई है, जिस पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

फायर कर्मी मनोज कुमार ने बताया कि साइंस ब्लॉक के बाहर मीटर में शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगी थी। उन्होंने बताया कि गनीमत रही कि साइंस ब्लॉक के कमरे तक आग नहीं पहुंची। कमरे में साइंस से संबंधित ज्वलनशील पदार्थ भी हो सकते थे, जिससे कि बिल्डिंग को खतरा हो सकता था।

गनीमत यह रही कि यह घटना रात के समय भी नहीं हुई। स्कूलों में आजकल बरसात की छुट्टियां होने के चलते स्कूल बंद है। फायर ब्रिगेड के अनुसार लगभग 50000 का नुकसान हुआ है, जबकि करोड़ों की संपत्ति को बचा लिया गया है।

## पद्म श्री पुरस्कार के लिए 5वीं बार भेजा रविंद्र ने आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी रविंद्र सिंह डोगरा का नाम 5वीं बार पद्म श्री पुरस्कार के लिए हिमाचल से समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए नामांकित हुआ है। बुधवार को उन्होंने नामांकन की प्रति उपायुक्त हमीरपुर के द्वारा राज्य सरकार को भेजी है। रविंद्र सिंह डोगरा हिमाचल प्रदेश में पिछले पंद्रह वर्षों से लगातार समाजसेवा और जनकल्याण के कार्यों में लगे हुए हैं, जिससे प्रदेश की जनता को बहुत लाभ मिला है।

डोगरा ने खुशी जताई के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने राजनीति से ऊपर उठकर इस बात का संज्ञान लेते हुए विभाग के आला अधिकारी से पूछा था कि आखिर चार बार डोगरा का नाम राज्य सरकार के पास आने के बाद उनके नाम को आगे क्यों नहीं बढ़ाया गया। महिला उत्थान, महिला उत्पीड़न व शोषण के खिलाफ डोगरा मुखर होकर बोलते तथा लिखते हैं और उनके द्वारा बहुत से केसों में पैरवी कर न्याय



रविंद्र सिंह डोगरा भेजे गए पत्र के साथ।

दिलवाया गया। कोरोना काल में अढ़ाई साल लगातार उन्होंने हमीरपुर, मंडी, कांगड़ा के तकरीबन डेढ़ लाख लोगों को व्यक्तिगत तौर पर सैनेटाइजेशन से लेकर दवाओं तक की सुविधा घर-द्वार जाकर दी गई थी। इसमें गांव, घरों, स्कूलों, बैंकों, बाजारों, पुलिस स्टेशनों बसों से लेकर बड़े मंदिर शामिल थे।

इतना ही नहीं कोरोना से होने वाली मौतों के दाह संस्कार का कार्य भी डोगरा द्वारा उस समय किया गया था, जिसके लिए उन्हें हिमाचल में काफी ख्याति मिली पर पद्म श्री पुरस्कार नहीं मिला। रविंद्र सिंह डोगरा हिमाचल प्रदेश के सबसे युवा चेहरा हैं जिनका नाम लगातार पांचवीं बार पद्म श्री पुरस्कार के लिए हमीरपुर जिले से सरकार को भेजा गया है। इसमें 3 बार भाजपा सरकार थी और 2 बार कांग्रेस का कार्यकाल रहा।

देखना यह है कि इस बार रविंद्र सिंह डोगरा का नाम केंद्र सरकार के पास भेजा जाता है या नहीं। इस विषय पर डोगरा का कहना है कि वह पुरस्कार के लिए काम नहीं करते बल्कि वह जनता के लिए निस्वार्थ काम करते आ रहे हैं, इसलिए उनका नाम इस पुरस्कार के लिए आगे आता है। उनका यह भी कहना है। कि पुरस्कार मांगा नहीं जाता, दिया जाता है। इसलिए अब गेंद सरकार और प्रशासन के पाले में है। डोगरा के बारे में एक बात प्रसिद्ध है कि अपने किसी भी काम के लिए वह किसी से भी कोई पैसा या खर्च नहीं लेते, उनकी समाजसेवा निस्वार्थ, निष्पक्ष और निशुल्क होती है।

## अंतिम संस्कार के संघर्ष की घटना निंदनीय, दर्ज हो मामला : राजकुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

कबीर पंथ समाज सुधार सभा के जिला अध्यक्ष राजकुमार ने कहा है कि आजादी के 78 साल बाद भी अनुसूचित समुदाय के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बनकर व्यवस्था परिवर्तन करने में असहाय हो रहा है।

बहुत ही दुखद है कि आजादी के 78 साल के बाद और भारतीय संविधान को लागू हुए भी 75 साल हो गए हैं, जिसमें अनुसूचित जातियों के लिए बहुत से कानून बने हैं। उनकी सुरक्षा के लिए एट्रोसिटी एक्ट भी बना है परंतु वह लागू कितना हो रहा है, इसका उदाहरण भी ब्लॉक बड़सर के ननावां पंचायत में हुए इस अति निंदनीय कृत्य ने किया। एक अनुसूचित जाति परिवार को अंतिम संस्कार के लिए कितना संघर्ष करना पड़ा, यह मनुवादी सोच को दर्शाता है।

क्या जिस भूमि पर सहेली भेवड़ में शमशानघाट बना है, वहां पर यह किसी व्यक्ति विशेष की भूमि पर बना है। इसकी छानबीन होनी चाहिए और अगर यह किसी सार्वजनिक भूमि पर शमशानघाट बना है, तो इनके उपर एट्रोसिटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज होना चाहिए। दोषियों को सजा मिलनी चाहिए क्योंकि यह बहुत ही शर्मनाक और घृणित मानसिकता का कृत्य है।

## पशुपालन में हैं अपार संभावनाएं, आधुनिकीकरण पर दें बल : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा है कि पशुपालन जैसे पारंपरिक सेक्टर में आज भी रोजगार की काफी अच्छी संभावनाएं हैं। इसमें आधुनिक तकनीक का समावेश करके ग्रामीण आर्थिकी को बल दिया जा सकता है। पशुपालन विभाग और इस पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े आम किसानों एवं पशुपालकों को आधुनिकीकरण की दिशा में कार्य करना चाहिए।

इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी को बल मिलेगा। पशुपालन के क्षेत्र में आधुनिकीकरण की संभावनाओं को लेकर वीरवार को आयोजित एक कार्यशाला की अध्यक्षता



अमरजीत ने पशुपालन की बढ़ती संभावनाओं पर अधिकारियों व पशुपालकों से की चर्चा।

करते हुए उपायुक्त ने बताया कि इस सेक्टर में व्यापक सुधार के लिए राज्य स्तर पर एक व्यापक कार्य योजना तैयार की जाएगी। इसके लिए हमीरपुर जिले से भी संभावित योजनाएं और महत्वपूर्ण सुझाव एवं प्रस्ताव प्रेषित किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे जिला में पशु चिकित्सा से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण, पशुओं की नस्ल में सुधार, दुग्ध उत्पादों के बेहतर विपणन, दुग्ध सहकारी सभाओं के गठन, चारे की समस्या के स्थायी समाधान, पशु चारे की फसलों की खेती और पौधरोपण, आधुनिक तकनीक एवं मशीनों के उपयोग, युवाओं को पशुपालन के लिए प्रेरित करने और इस सेक्टर के अन्य सभी पहलुओं के मद्देनजर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करें। इसमें कृषि विभाग, बागवानी विभाग, वन विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, जल शक्ति, उद्योग, सहकारिता विभाग, मिल्क फेडरेशन और अन्य विभागों के इनपुट्स के अलावा स्वयं सहायता समूहों, गोसदनों के संचालकों तथा आम पशुपालकों के सुझाव भी शामिल होने चाहिएं। कार्यशाला में पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. देवेंद्र कतना ने भी विस्तृत ब्यौरा पेश किया। इस अवसर पर विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. शशिपाल अत्री व गणमान्य मौजूद रहे।

## बडैहर पंचायत की ग्रामसभा में नई आईआरडीपी गाइडलाइन का विरोध

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल के तहत आने वाली बडैहर पंचायत की ग्रामसभा बैठक भारी हंगामे की भेंट चढ़ गई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने आईआरडीपी (एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम) की नई गाइडलाइन का जोरदार विरोध करते हुए इसे गरीबों के हितों के खिलाफ बताया।

गुस्साए ग्रामीणों ने न सिर्फ बैठक में विरोध जताया, बल्कि कोरम पूरा करने के लिए हस्ताक्षर करने से भी साफ इंकार कर दिया, जिससे पंचायत को कार्यवाही अधूरी छोड़नी पड़ी। ग्रामसभा के आयोजन के समय पंचायत भवन में

**कोरम भी नहीं हुआ पूरा नई गाइडलाइंस को वापस लेने की मांग की**

बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे, लेकिन जैसे ही आईआरडीपी योजना की नई गाइडलाइन का जिक्र हुआ, ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का कहना था कि नई गाइडलाइन में पात्रता मानकों को इस तरह से बदल दिया गया है कि वास्तव में जरूरतमंद और गरीब लोग इस योजना से बाहर हो सकते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार द्वारा बनाई गई नई शर्तें भ्रामक और अपारदर्शी हैं, जिनसे पारिवारिक आय, संपत्ति और अन्य मानकों के आधार पर वास्तविक गरीब वर्ग को योजना से वंचित किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसे एकतरफा फैसला बताया और सरकार से तत्काल इस गाइडलाइन को रद्द करने की मांग की।

बडैहर पंचायत के प्रधान वीरेंद्र मैहलवाल ने बताया कि बैठक में ग्रामीणों की भारी भीड़ थी, लेकिन सभी ने नई आईआरडीपी गाइडलाइन का खुलकर विरोध किया और कोरम पूरा करने के लिए आवश्यक हस्ताक्षर करने से भी मना कर दिया, जिस पर पंचायत की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी। उन्होंने बताया कि ग्रामसभा के एजेंडे में आईआरडीपी योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की सूची तैयार करना और अन्य विकासात्मक कार्यों की रूपरेखा तय करना शामिल था, लेकिन विरोध के चलते पंचायत की कोई भी औपचारिक कार्यवाही नहीं हो सकी।

ग्रामीणों ने सरकार से मांग की कि आईआरडीपी की पुरानी गाइडलाइन को ही पुनः लागू किया जाए, जिससे वास्तव में गरीब और वंचित परिवारों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर गाइडलाइन को वापस नहीं लिया तो आंदोलन किया जाएगा।

## मकतेड़ी गांव में 10 फुट लंबे अजगर का रेस्क्यू



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विस क्षेत्र के मकतेड़ी गांव में लोगों को 10 फुट लंबा अजगर मिला है। एक दंपती सुबह जब खेत में काम कर रहा था, तब उन्होंने अजगर को देखा और घबरा गया और फिर घर वालों को फोन किया। खेतों में ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम एवं स्नेक रेस्क्यूर को फोन किया। वन विभाग और स्नेक रेस्क्यूर सुदर्शन ने बड़ी मुश्किल से अजगर को पकड़ कर साथ लगते जंगल में छोड़ दिया। इससे पहले भी बड़सर विधानसभा के समैला तथा जोड़ेअंव में भी काफी बड़ा अजगर मिला था।

## केरल की तर्ज पर शिक्षक प्रमोशन में हो व्यवस्था परिवर्तन : कला संघ

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो हमीरपुर**

टीजीटी कला अध्यापक संघ के महासचिव विजय हीर ने कहा है कि नई शिक्षा नीति 2020 के पैरा 5.20 के अनुसार शिक्षकों के राष्ट्रीय व्यावसायिक मानदंड (एनपीएसटी) निर्मित हो चुके हैं। केरल सहित देश के 75 स्कूलों में एनपीएसटी पायलट कार्यक्रम शुरू हुआ है, जिसमें 25 केंद्रीय विद्यालय, 25 नवोदय विद्यालय और 25 अन्य विद्यालय शामिल हैं, जिसमें 1100 से अधिक शिक्षकों ने इस प्रमोशन सिस्टम के लिए पंजीकरण करवाया है।

संघ ने कहा है कि अक्तूबर 2024 में केरल सरकार ने भी शिक्षक पदोन्नति हेतु नई तीन स्तरीय प्रणाली अपनाई है, जिसमें परीक्षा, साक्षात्कार, मूल्यांकन जैसे मानदंडों के आधार पर शिक्षकों को प्रवीण, उन्नत या विशेषज्ञ स्तर पर पदोन्नति मिलेगी। इस तरह केरल में अब सेवा अवधि के आधार पर दी जा रही वरिष्ठता को प्राथमिक आधार नहीं माना जाएगा, अपितु शिक्षक का योग्यता प्रदर्शन ही भावी पदोन्नति का आधार होगा। इस तरह शिक्षकों की प्रमोशन उसकी शिक्षण में परफॉर्मेंस, परीक्षा, पीआर रिव्यू आदि पर आधारित होगी।

विद्यालयों में प्रदर्शन आधारित संस्कृति लाने और शिक्षकों के कौशल-विकास हेतु केरल में किया गया व्यवस्था परिवर्तन पायलट आधार पर प्रदेश में भी अपनाया जाना चाहिए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर ने प्रदेश सरकार से दोहराई है।

### टीजीटी कला संघ ने तय की चुनावी डेडलाइन

टीजीटी कला संघ महासचिव विजय हीर ने कहा कि स्कूली अवकाश और आपदाओं के चलते सदस्यता अभियान पूर्ण कर खंड स्तरीय चुनाव 15 अगस्त तक, जिला स्तरीय चुनाव 31 अगस्त और राज्य स्तरीय चुनाव 15 सितंबर तक पूर्ण करने की अंतिम तिथि तय कर दी गई है।

## सीएम पर प्राकृतिक आपदा लाने का आरोप राणा के मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है : विवेक

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** मुख्यमंत्री सुक्खू पर बादल फटने जैसी प्राकृतिक आपदा लाने के सुजानपुर के पूर्व विधायक राजिंद्र राणा के आरोप से साबित होता है कि राजिंद्र राणा का मानसिक दिवालियापन निकल गया है। यह बात कांग्रेस नेता विवेक कटोच ने कही ।



उन्होंने कहा कि जब 2023 में हिमाचल में प्राकृतिक आपदा आई थी, तब प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू एक-एक तिनका जोड़ कर लोगों का घर बसाने में लगे थे, तब पूर्व विधायक राजिंदर राणा कांग्रेस पार्टी को धोखा देकर भाजपा के साथ खरीद फरोख्त करके हिमाचल में सरकार को बदलने की साजिश में लगे हुए थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के खजाने से बिना केंद्र सरकार की मदद के 4500 करोड़ का बजट जारी पर पुनः आपदा प्रभावितों को बसाया।

आपदा प्रभावितों को बसाने के लिए जो मदद मुख्यमंत्री सुक्खू ने की, उतनी मदद आज तक देश में किसी भी सरकार ने नहीं की और तब भी देश-प्रदेश की जनता ने भी मुख्यमंत्री का बढ़-चढ़ र साथ दिया था, तब सुजानपुर के पूर्व विधायक राजिंद्र राणा बंद कमरे में अपनी विधायकी का सौदा करने के लिए फड़फड़ा रहे थे। आपदा के समय तो पक्ष और विपक्ष को साथ मिलकर पुनर्वास का काम करना चाहिए।

**एक्शन** अनंत ज्ञान में छपी खबर के बाद लोक निर्माण विभाग हरकत में आया

## भालत में सड़क के बीचोंबीच पड़ी क्रशर बजरी हटाई

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** 'सड़क के बीचोंबीच पड़ी क्रशर बजरी बनी खतरा, आक्रोश' टाइटल से बनी खबर को 'अनंत ज्ञान' में प्रमुखता से छापा था। खबर को पढ़ने के बाद लोक निर्माण विभाग हरकत में आया और इस बजरी को सड़क से हटा दिया गया। गौर हो कि बड़सर-शाहतलाई सड़क मार्ग पर भालत के पास बीते कई दिनों से सड़क के बीचोंबीच क्रशर बजरी पड़ी हुई थी, जिसके चलते एक साइड से सड़क मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था।

**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**

वीरवार को अनंत ज्ञान में प्रकाशित समाचार को पढ़ते ही लोक निर्माण विभाग हरकत में आया और अधिकारियों ने मौके पर जेसीबी भेज कर सड़क मार्ग पर रखी गई बजरी को हटा दिया, साथ ही एक्सईएन पीडब्ल्यूडी रवि शंकर का कहना है कि आगे से अगर किसी ने विभाग की अनुमति के बिना मुख्य सड़क मार्ग पर किसी प्रकार की निर्माण सामग्री को अगर खुले में फेंका तो ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि लोगों को चाहिए किसी प्रकार का निर्माण करने से पहले निर्माण सामग्री रखने के लिए अपनी जगह छोड़ दें। सड़क मार्ग पर किसी प्रकार का भी अतिक्रमण सहन नहीं होगा। सड़क पर निर्माण सामग्री लोग फेंक देते हैं और अगर कोई एक्सीडेंट होता है व कोई जानमाल की क्षति होती है तो ऐसे में उन लोगों को जिम्मेदार माना जाएगा, जिन्होंने सड़क के किनारे निर्माण सामग्री फेंकी होगी और उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


सड़क के बीचोंबीच पड़ी क्रशर बजरी बनी खतरा, आक्रोश



अनंत ज्ञान समाचार पत्र में छपी खबर (दाएं) बड़सर-शाहतलाई सड़क मार्ग पर भालत के पास सड़क पर क्रशर बजरी को हटाती जेसीबी।

## न्यूज ब्रीफ

### हत्यारे को आजीवन व चिट्टा तस्कर को सात साल का कारावास

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय रोहड़ू ने अहम फैसला सुनाते हुए अपने ही साथी को मौत के घाट उतारने वाले बिहारी मूल के मजदूर गोविंदा को आजीवन कारावास और दस हजार रुपए जुर्माना अदा करने का फैसला सुनाया है तथा जुर्माना अदा न करने पर 6 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, विशेष सत्र न्यायालय रोहड़ू ने अहम फैसला सुनाते हुए चिट्टे के साथ पकड़े गए बरटू सीमा निवासी 34 वर्षीय रजनीश को 7 साल का कठोर कारावास और एक लाख रुपए का जुर्माना अदा करने का फैसला सुनाया है। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।



### पीटीसी डरोह में शिफ्ट होगा एपीटी मुख्यालय

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** प्रदेश की राजधानी शिमला से सशस्त्र एवं पुलिस प्रशिक्षण मुख्यालय को जिला कांगड़ा के पीटीसी डरोह में स्थानांतरित करने के आदेश प्रदेश सरकार ने जारी कर दिए हैं। अब प्रदेश सरकार ने इस मुख्यालय को पीटीसी डरोह में बदलने के आदेश जारी किए हैं। पीटीसी डरोह में अब एक ही स्थान पर यह संस्थान कार्य करेगा। पुलिस आर्म्ड एंड ट्रेनिंग मुख्यालय डरोह में होने से पुलिस विभाग के प्रशिक्षण कार्य को काफी मजबूती मिलने की उम्मीद है। ट्रेनिंग संबंधी सभी कार्यों के लिए पीटीसी से एपीटी मुख्यालय से पत्राचार होता था। अब इस संस्थान के पीटीसी में होने से एक लंबी प्रक्रिया की समाप्ति हो जाएगी। इससे प्रशिक्षण में तेजी के साथ-साथ मजबूती भी मिलेगी। पीटीसी डरोह की डीआईजी सौम्या संबाशिवन ने बताया कि सरकार ने एपीटी मुख्यालय को पीटीसी में शिफ्ट करने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने एपीटी स्टाफ के लिए पीटीसी डरोह में व्यवस्था कर दी है। उधर, हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने शस्त्र एवं प्रशिक्षण पुलिस बल के मुख्यालय को डरोह में स्थानांतरित करने पर मुख्यमंत्री सुक्खू को विशेष धन्यवाद दिया।

# हिमाचल के सेब बागानों पर मार्सोनिना पत्ता और काला धब्बा रोग का तिहरा वार

## झड़ते दाने, घटती गुणवत्ता और बदरंग फल, उपज और गुणवत्ता खतरे में

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल, अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ अपने सेब के बागानों के लिए भी प्रसिद्ध है। ये बागान न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, बल्कि अनगिनत परिवारों की आजीविका भी हैं, मगर इस साल इन बागानों पर पत्ता धब्बा रोग, मार्सोनिना और काले धब्बे जैसी फंगल बीमारियों का तिहरा वार हुआ है, जिससे बागवानों के माथे पर चिंता की गहरी लकीरें खिंच गई हैं। यह सिर्फ एक बीमारी नहीं, बल्कि एक गंभीर संकट है जो प्रदेश के बागवानी क्षेत्र के भविष्य पर काले बादल बनकर छा रहा है।



जानकारी के अनुसार इस वर्ष पत्ता धब्बा रोग और अन्य संबद्ध बीमारियों ने सेब के पेड़ों को अपनी चपेट में ले लिया है। पत्तियों पर धब्बे, उनका समय से पहले पीला पड़ना और फिर झड़ जाना आम हो गया है, जिसे मुख्य रूप से पत्ता धब्बा रोग के रूप में देखा जा रहा है. लेकिन, इसके साथ ही मार्सोनिन कोरोनारिया का प्रकोप भी तेजी से बढ़ा है, जिससे पत्तियों पर गहरे भूरे रंग के गोलाकार धब्बे बन रहे हैं, जो बाद में मिलकर पूरी पत्ती को झुलसा देते हैं, जिसका सीधा असर सेब के विकास और रंगत पर पड़ रहा है।

वहीं, काले धब्बे मुख्यत: सूटी ब्लॉच और फ्लाईस्पेक जैसी बीमारियां भी सेब की खूबसूरती पर ग्रहण लगा रहे हैं। ये धब्बे फलों की सतह पर काली, चिकनी परत या छोटे-छोटे काले बिंदु के रूप में दिखाई देते हैं, जिससे सेब की बाहरी चमक और आकर्षकता पूरी तरह से खत्म हो जाती है, लेकिन इनका बाजार में बिक्री मूल्य बहुत कम हो जाता है क्योंकि उपभोक्ता ऐसे फलों को पसंद नहीं करते।

सबसे हृदयविदारक दृश्य सेब के दानों का समय से पहले पेड़ों से झड़ना है। बागवानों का कहना है कि उन्होंने ऐसा नुकसान पहले कभी नहीं देखा। उनकी सालभर की मेहनत और निवेश पर पानी फिरता दिख रहा है।

### आर्थिक अस्थिरता से डगमगाएगा सेब का कारोबार

**यह** संकट केवल वर्तमान फसल तक सीमित नहीं है। मार्सोनिना, काले धब्बे और पत्ता धब्बा रोग जैसी बीमारियां अगर अनियंत्रित रहीं, तो पेड़ों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य पर भी इनका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। बार-बार बीमारी के प्रकोप से पेड़ कमजोर हो जाएंगे, जिससे उनकी फलन क्षमता कम हो जाएगी और अंतत: वे सूख भी सकते हैं। यह हिमाचल की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा खतरा है। यदि स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो भविष्य में छोटे और मझोले बागवानों के लिए खेती करना मुश्किल हो जाएगा।

### विशेषज्ञों की राय और आवश्यक कदम

**बागवानी** विशेषज्ञों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन, असामयिक वर्षा और उचित प्रबंधन की कमी ने इन बीमारियों को बढ़ावा दिया है। उनका सुझाव है कि नवीनतम शोधों और तकनीकों का उपयोग करके इन बीमारियों का मुकाबला किया जाना चाहिए। सही समय पर फफूंदनाशकों का छिड़काव, रोग प्रतिरोधी किस्मों का विकास, संतुलित पोषण प्रबंधन और मिट्टी के स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। सरकार और बागवानों को मिलकर इस चुनौती का सामना करना होगा ताकि हिमाचल के सेब बागानों की पुरानी शान वापस लाई जा सके और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को इस गंभीर संकट से उबारा जा सके।

# मुख्यमंत्री सुक्खू का फरमान, अब पंचायत स्तर पर होगा 'चिट्टे' पर 'वार'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**छह पंचायतों में एक पुलिस कांस्टेबल होगा तैनात, एक आशा वर्कर और एक पंचायत सचिव भी होंगे शामिल**

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य से 'चिट्टे' के बढ़ते नशे को उखाड़ फेंकने के लिए सख्त और सीधे निर्देश जारी किए हैं। यह सिर्फ एक सरकारी घोषणा नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने और नशे के काले कारोबार की जड़ों पर सीधा प्रहार है। मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया है कि अब चिट्टे के खिलाफ लड़ाई सीधे आपकी पंचायत और मोहल्ले तक पहुंचेगी!



मुख्यमंत्री ने शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि चिट्टे के पूरे नेटवर्क को तोड़ने के लिए अब जमीनी स्तर पर एक्शन होगा। उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं कि हर पांच से छह पंचायतों में एक पुलिस कांस्टेबल, एक आशा वर्कर और एक पंचायत सचिव की विशेष ड्यूटी लगाई जाएगी। इन जवानों और कर्मचारियों का काम सिर्फ नशे के सौदागरों पर पैनी नजर रखना ही नहीं, बल्कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें इस दलदल से बाहर निकालने में मदद करना भी होगा।

### तस्करी में शामिल सरकारी कर्मचारी भी नहीं बक्शे जाएंगे

**सीएम** सुक्खू ने इस मुद्दे पर अपनी गंभीरता दिखाते हुए कहा है कि सरकार ने एनडीपीएस एक्ट लागू कर दिया है। इसके तहत चिट्टे के कारोबार में शामिल पाए जाने वाले या पहले से संलिप्त लोगों को तुरंत हिरासत में लिया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि नशे के काले धंधे से बनाई गई अवैध संपत्ति भी जब्त की जाएगी।

### सरकार की मुहिम में जनता से सहयोग की अपील

**मुख्यमंत्री** ने दो-टूक शब्दों में कहा कि चिट्टे के सेवन या तस्करी में शामिल किसी भी सरकारी कर्मचारी पर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने समाज से भी नशे के खिलाफ जागरूक होने और इस लड़ाई में सहयोग करने का आह्वान किया, क्योंकि नशे पर लगाम लगाने के लिए सरकार और जनता दोनों का मिलकर काम करना बेहद जरूरी है।

# गोहर में बस खाई में गिरी, एक मौत, 9 घायल

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** गोहर उपमंडल में बाढ़ु-चैलचौक-जहल रूट पर वीरवार शाम तुना के पास एक निजी शीतला बस के खाई में गिरने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि चालक-परिचालक सहित नौ लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को नेरचौक मेडिकल कॉलेज में रैफर किया गया है।



दुर्घटनाग्रस्त बस और घायलों को बाहर निकालते लोग।

यह हादसा चैलचौक लौटते समय तुना के पास कशावरी (चांदनी नाला) में हुआ। बस जहल से चैलचौक की ओर जा रही थी कि अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक महिला की पहचान निर्मला पत्नी किशोरी, निवासी नौंन के रूप में हुई है।

घायलों की पहचान सपना देवी पत्नी सुरेश, निवासी शाला, बुद्धि देवी पत्नी लालमन, निवासी तरौर, अमन ठाकुर पुत्र रविंद्र, परिचालक, निवासी नलेड़, प्रकाश पुत्र रूप लाल, चालक, निवासी सेगली, भारती पत्नी करुंनेश, निवासी तरौर, मीरा देवी पत्नी शेर सिंह, निवासी तरौर, मीना देवी पत्नी दुर्गा दास, चंद्रा देवी पत्नी ब्रेस्तु, भामा देवी पत्नी परम देव सभी निवासी नौंन के रूप में हुई है।

एसडीएम गोहर बचित्र सिंह ने घटना की पुष्टि की है। वहीं, एएसपी सागर चंद्र ने बताया कि पुलिस ने बस चालक प्रकाश के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने का मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

# फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना पीएम कृषि सिंचाई योजना में शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**केंद्रीय राज्य मंत्री राज भूषण ने सांसद डॉ. भारद्वाज को दी जानकारी**

कांगड़ा जिला के नूरपुर की बहु उद्देशीय फिन्ना सिंह सिंचाई परियोजना अगस्त 2024 में को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में सम्मलित कर लिया गया है। यह जानकारी केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने कांगड़ा लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को सदन में यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि बहु उद्देशीय फिन्ना सिंह सिंचाई योजना को प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत 282.47 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य सरकार को फरवरी 2025 में 67.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है जिसके अंतर्गत राज्य सरकार अब तक मात्र 11.99 करोड़ रुपए ही खर्च कर पाई है। उन्होंने बताया कि बाकी 55.51 करोड़ केंद्रीय सहायता के उपयोग के लिए राज्य सरकार को वर्ष 2025-26 में मदर सेंक्शन स्वीकृति कर दी गई है।

# हराबाग के जंगलों में मिले प्राचीन मंदिर और मूर्तियां

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

हराबाग जंगलों में ऐतिहासिक महत्व की एक बड़ी खोज सामने आई है। घने जंगलों और पहाड़ी ढलानों के बीच प्राचीन मंदिर के खंडहर, दुर्लभ मूर्तियां और अद्भुत शिल्पकला के अवशेष मिले हैं, जो हजारों वर्षों पुराने प्रतीत होते हैं।



जिला परिषद सदस्य विजय भाटिया ने युवाओं के सहयोग से एक विस्तृत ज्ञापन तैयार किया है, जिसे उपमंडल अधिकारी नागरिक मनीष चौधरी के माध्यम से मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और राज्य व केंद्रीय पुरातत्व विभागों को प्रेषित किया गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण या राज्य पुरातत्व विभाग से इस स्थल का विस्तृत सर्वेक्षण करवाया जाए और इसे राज्य संरक्षित धरोहर घोषित किया जाए।

साथ ही मंदिर के खंडहरों का संरक्षण, पुनरुद्धार और इस क्षेत्र को 'हेरिटेज नेचर ट्रेल' के रूप में विकसित करने की अपील की गई है। उपमंडल अधिकारी मनीष चौधरी ने ज्ञापन प्राप्त कर प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि यह मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।


## मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला चंबा हिमाचल प्रदेश
की तरफ से
अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

### हेपेटाइटिस B और C

हेपेटाइटिस एक ऐसी बीमारी है, जो लीवर (यकृत) को प्रभावित करती है। यह एक सूजन की स्थिति है, जो वायरल संक्रमण, ऑटोइम्यून विकार या अन्य कारणों से हो सकती है। अगर समय पर इलाज न किया जाए, तो यह लीवर फेलियर, लीवर कैंसर या सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। हेपेटाइटिस के कई प्रकार होते हैं। इनमें मुख्य वीर्य वायरल प्रकार के हेपेटाइटिस हैं, A, B, C, D और E हेपेटाइटिस B और C ज्यादा घातक है

**हेपेटाइटिस बी:-** यह एक गंभीर बीमारी है। इसका वायरस लंबे समय तक शरीर में रहता है। हेपेटाइटिस बी संक्रमित आदमी किसी ओर को रक्तदान नहीं कर सकता। हेपेटाइटिस का मरीज हेपेटाइटिस बी संक्रमित व्यक्ति के रक्त या वीर्य के संपर्क में आने से फैलता है। इसके अलावा, संक्रमित व्यक्ति के रक्तदान या असुरक्षित यौन संबंध और मां से बच्चे को (वर्टीकल ट्रांसमिशन) हो सकता है। इससे लीवर कैंसर और लीवर सिरोसिस का खतरा बढ़ जाता है।

**हेपेटाइटिस सी:-** यह एक सबसे खतरनाक प्रकार का हेपेटाइटिस है। इसके बचाव के लिए कोई वैक्सीन भी उपलब्ध नहीं है। यह संक्रमित व्यक्ति के रक्त, वीर्य या डूसिप सूई से फैल सकता है। हेपेटाइटिस सी का समय पर इलाज करवाना बहुत जरूरी होता है। गंभीर स्थिति में लीवर पूरी तरह से खराब हो सकता है। इससे बचाव के लिए हेपेटाइटिस बी की वैक्सीन लगवानी जरूरी होती है।

**हेपेटाइटिस के लक्षण:-** शुरुआती अवस्था में हेपेटाइटिस के लक्षण बेहद मामूली होते हैं। लेकिन, जैसे-जैसे बीमारी गंभीर होती जाती है, शरीर में इसके कई लक्षण महसूस होने लगते हैं। इनमें शामिल हैं-थकान और कमजोरी, भूख न लगना, मिचली या उल्टी आना, पेट दर्द, बुखार, गहरे रंग का पेशाब, पीली त्वचा और आंखें (पीलिया), हल्के रंग का मल, जोड़ों में दर्द, त्वचा पर खुजली या रैशेज।

**हेपेटाइटिस का बचाव :-** हेपेटाइटिस बी का प्रतिरक्षण जोकि हेपेटाइटिस सी से भी बचाता है। हर आदमी के लिए नई सिरिंज का प्रयोग करना और सुरक्षित यौन संबंध के लिए निरोध का प्रयोग करना। रक्त को चढ़ाने से पहले सुरक्षित रक्त प्रमाणिकरण।

इन लक्षणों को विल्कुल भी नजरअंदाज न करें। अगर इनमें से कोई भी लक्षण महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करें और लीवर की जांच जरूर करवाएं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला चंबा हिमाचल प्रदेश


# आपदा के समय राजनीति कर रही कांग्रेस सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सरकार की नाकामी और किसानों पर दोहरी मार, आपदा में ढूंढा जा रहा अवसर**

प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर आपदा के समय में राजनीति करने और अवसर तलाशने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में लोग अपने खर्चे पर सड़कों को खुलवा रहे हैं, जिसके लिए दानदाताओं ने मशीनें दी हैं और स्थानीय लोग मिलकर तेल का खर्च उठा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेसी नेता इन सड़कों के बिल अपने नाम पर बनवाने के लिए अधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं।



उन्होंने कहा कि सरकार सड़कें खोलने में पूरी तरह से विफल रही है। उन्होंने देजी गांव का उदाहरण देते हुए बताया कि जहां 11 लोगों की मौत हुई थी, वहां एक महीने बाद भी सरकारी जेसीबी मशीनें नहीं पहुंची हैं। इसके साथ ही, उन्होंने किसानों और बागवानों की समस्याओं पर भी बात की। उन्होंने बताया कि बंद सड़कों के कारण उनका उत्पाद मंडियों तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष ने सरकार की चार दिवसीय कैबिनेट बैठकों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इन बैठकों से प्रदेश को क्या मिला, सिवाय सैकड़ों संस्थानों के बंद होने और रोजगार के लिए कोई नीति सामने नहीं आई।

## राजस्व मंत्री की किसानों-बागवानों से सीधी बात

# भूमि विवादों पर शीघ्र समाधान का दिया भरोसा

## जमाबंदी वाली भूमि को वन क्षेत्र न मानने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने वीरवार को सेब उत्पादक संघ, संयुक्त किसान मंच और किसान सभा के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में किसानों और बागवानों के सामने आने वाली विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई, विशेषकर वन भूमि से संबंधित विवादों पर। मंत्री ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनने के बाद उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया और कहा कि सरकार किसानों की हितैषी है।



बैठक में किसानों-बागवानों ने प्रमुख रूप से यह मांग उठाई कि जिस भूमि का नाम लोगों के जमाबंदी रिकॉर्ड में दर्ज है, उसे वन भूमि घोषित न किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, अतिक्रमण हटाने से पहले भूमि की सही ढंग से निशानदेही की जाए और पूरी प्रक्रिया का पालन करने के बाद ही कोई कार्रवाई हो। प्रतिनिधियों ने सरकार से न्यायालय में लंबित मामलों में उनके हितों की पैरवी करने का आग्रह किया।

### अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ होगी निर्णायक बैठक

**राजस्व** मंत्री ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एक बड़ा कदम उठाया। उन्होंने घोषणा की कि अतिरिक्त मुख्य सचिव (वन एवं राजस्व) जल्द ही किसान-बागवान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक और बैठक करेंगे।

**जागरूकता**

## कलोल में जुटे खेतों के डॉक्टर, बकरी पालकों के मार्गदर्शक और सेब क्रांति के जनक

# गांव की जमीन से उठी बदलाव की बयार





कलोल में प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित किसानों और बागवानों का मार्गदर्शन करते विशेषज्ञ।

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कलोल (बिलासपुर)।** सुबह की धूप धीरे-धीरे विश्राम गृह, कलोल की खुली पहाड़ियों पर फैल रही थी, लेकिन यहां का माहौल किसी सरकारी कार्यक्रम जैसा नहीं था। यहां उम्मीद की महक थी। खेतों में पसीना बहाने वाले किसान, छोटे-मोटे रोजगार की तलाश में जुटे पशुपालक और जीवन को बेहतर बनाने की चाह रखने वाले ग्रामीण, सब एकत्र थे। यह दृश्य था मानव विकास संस्थान, कलोल द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का, जिसे अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और भारत ईकोलॉजी फंड का समर्थन मिला था। कार्यक्रम का मकसद सिर्फ जानकारी देना नहीं था, यह एक ऐसा मंच बना, जहां परंपरा और नवाचार का संगम हुआ।

### 400 से ज्यादा ग्रामीणों ने पाया भविष्य का रास्ता

अनंत ज्ञान स्पैशल

### ...किसान जागा तो फसलें गाएंगी गीत

**डॉ.** गौरव, जो बरठीं कृषि विज्ञान केंद्र से आए थे, ने खेती की नई तकनीकों पर बात करते हुए कहा कि आज किसानों को जरूरत है जमीन से दोस्ती करने की, रसायन से नहीं। अगर मृदा स्वस्थ है, तो फसलें मुस्कराएंगी। उनके हाथ में एक मुट्ठी मिट्टी थी, उन्होंने उसे ऊपर उठाते हुए कहा कि यही जिंदगी है।

### बकरी नहीं चलता फिरता एटीएम है

**पशुपालन** विभाग की प्रमुख चिकित्सक डॉ. दीपशिखा जब मंच पर आईं, तो उन्होंने बकरीपालन को महज पशुपालन नहीं, एक आर्थिक संबल बताया। जब घर में पैसे की जरूरत हो, तो कोई बैंक नहीं दौड़ना पड़ता, बस एक बकरी ही काफी है, उन्होंने कहा। उन्होंने ग्रामीणों को कोटधार नस्ल की उपयोगिता, टीकाकरण, पोषण और रोग नियंत्रण जैसे विषयों पर बड़ी सरल भाषा में समझाया।

### मोटे अनाजों की वापसी की पुकार

**जब** पद्मश्री नेक राम शर्मा, जिन्हें 'मिलेट मैन' कहा जाता है, मंच पर आए तो हर चेहरा ध्यान से उनकी ओर मुड़ गया। उन्होंने कहा, बाजरा, कोदो, सांवा ये अनाज नहीं, आपके बच्चों की सेहत की सुरक्षा हैं। उन्होंने मोटे अनाजों की ताकत, परंपरागत बीजों की महत्ता और प्राकृतिक खेती के दर्शन पर रोशनी डाली।

### सेब की बात ने जगाई उम्मीद

**एक** और प्रेरणादायक उपस्थिति रही पद्मश्री हरिमन शर्मा की, जिन्होंने 'हरिमन वैरायटी' सेब विकसित किया। उनका सपना है कि जहां गेहूं उगता है, वहां अब सेब भी उगे। कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सेब उत्पादन की उनकी बात ने कई किसानों की आंखों में चमक भर दी।

### रेशम की राह और सब्जियों की तकनीक

**रेशम** विभाग की इंस्पेक्टर ममता ने ग्रामीण महिलाओं को रेशम पालन की प्रक्रिया और उससे होने वाली आय की संभावनाओं पर विस्तार से बताया। वहीं डॉ. मनप्रीत कौर ने बताया कि कैसे खेत की एक छोटी क्यारी भी सब्जियों से लहलहा सकती है, अगर तकनीक और विज्ञान साथ हो।

### एक संस्था जो 'जल, जंगल और जमीन' से जोड़ती है जीवन

**मानव** विकास संस्थान के निदेशक रसम सिंह चंदेल ने उद्घाटन भाषण में कहा कि हम विकास को सिर्फ पक्की सड़कों और मोबाइल टावरों से नहीं नापते। असली विकास तब होता है, जब गांव का किसान अपनी मिट्टी पर गर्व करे, जब उसकी बेटी तकनीक से खेती करे और जब उसकी बकरी उसके बच्चे को स्कूल भेजे। उनके साथ विकास राठौर, राजेश, कुमारी सुदीक्षा, डॉ. आयुषी शर्मा समेत संस्थान की पूरी टीम सुबह से शाम तक सक्रिय रही।

### एक दिन में नहीं बदलता गांव... पर बीज तो बोया गया है

कलोल का यह शिविर सिर्फ एक आयोजन नहीं था। यह ग्रामीण भारत के उस हिस्से में आशा का संदेश था, जहां अब भी संसाधनों से ज्यादा सपनों की जरूरत है। यहां किसानों ने सिर्फ सीखा नहीं, बल्कि सवाल भी पूछे। पशुपालकों ने समस्याएं रखीं और समाधान भी पाए। 400 से अधिक ग्रामीणों की आंखों में लौटते समय एक चमक थी, एक भरोसा कि अब उनके पास भी 'ज्ञान की खेती' है, जो उन्हें आत्मनिर्भरता की राह दिखा सकती है।


अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Lakshmi Hardware Store



Authorised stockits JK Wall Putty and Paints
Authorised Dealer of Asian Paint ,Ambuja Cement ,Kay2 TMT, Shree Cement
Vectus Tanks Evolve Hardware ,Unik Pipe Fitting All Building Material.
Address Chamba -Tissa road at Gholti ,Post Office Sarol opposite to Mahindra Vehicle Showroom Chamba
Phone Number : 8091717628, 8894524773

## न्यूज ब्रीफ

### भटवारा गांव में सर्पदंश से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** विकास खंड लंबागांव के अंतर्गत कोटलू पंचायत के व्यक्ति की सांप के डंसने से मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान शशि कुमार पुत्र लूडन राम (40) गांव भटवारा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार व्यक्ति को बुधवार देर रात को सांप ने डंस लिया था और जयसिंहपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। टांडा ले जाते समय व्यक्ति ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक दिहाड़ी मजदूरी करता था। मृतक अपने पीछे दो बेटे, पत्नी व पिता को छोड़ गया है।

### रैत शिक्षा खंड के तहत 2 अध्यापिकाएं सेवानिवृत्त



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शिक्षा खंड रैत के तहत कार्यरत दो अध्यापिकाएं, अनीता देवी (मुख्य शिक्षिका) और सुधा देवी (कनिष्ठ अध्यापिका), सेवानिवृत्त हुईं। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ रैत द्वारा एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संघ के प्रधान दलजीत पठानिया, महासचिव तिलक ठाकुर और कोषाध्यक्ष रजनीश कुमार ने दोनों शिक्षिकाओं के कार्यकाल की सराहना की। खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी मिंटो देवी ने उन्हें रिटारमेंट ऑर्डर दिए और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

### लंबागांव में श्री राम-सीता विवाह का प्रसंग

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कुंज्जेश्वर महादेव मंदिर लंबागांव में चल रही शिव महापुराण कथा में भगवान श्रीराम की कथा का आयोजन किया गया। कथा वाचक देवी प्रकाश मिश्रा ने श्री राम-सीता विवाह का प्रसंग सुनाया। इस धार्मिक कार्यक्रम में यज्ञ सम्राट स्वामी गगन गिरि महाराज, ओम प्रकाश, रूप लाल, संजय कुमार और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### अवैध खनन सामग्री के साथ पंजाब नंबर का ट्रक पकड़ा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** परागपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत जंडोर में खनन विभाग ने पंजाब राज्य के ट्रकों और ट्रैक्टरों द्वारा अवैध खनन पर कड़ा शिकंजा कसते हुए बड़ी कार्रवाई की। बुधवार देर रात माइनिंग अफसर अश्वनी कौंडल ने हिमाचल-पंजाब बॉर्डर पर स्थित खड्ड में दबिश देकर पंजाब नंबर के ट्रक को अवैध खनन सामग्री के साथ पकड़ा। अश्वनी ने बताया कि उन्हें स्थानीय लोगों से अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद उन्होंने रात के समय में इस कार्रवाइ को अंजाम दिया। माइनिंग विभाग द्वारा देहरा, जसवां-परागपुर, और ज्वालामुखी क्षेत्रों में लगातार अवैध खनन को रोकने के लिए मुहिम चलाई जा रही है। इस कार्रवाई में ट्रक और खनन सामग्री को जब्त कर ट्रक संचालक का चालान भी किया गया।

### डॉ. बबीता आयुष अस्पताल में नियुक्त

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** उपमंडल देहरा स्थित आयुष चिकित्साधिकारी कार्यालय एवं अस्पताल में अब होम्योपैथिक चिकित्सा सुविधा की शुरुआत हो गई है। इससे देहरा व आस-पास के सैकड़ों गांवों के लोगों को राहत मिलेगी। अस्पताल में डॉ. बबीता की नियुक्ति की गई है, जो अब नियमित रूप से ओपीडी में मरीजों को देख रही हैं। मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण शर्मा ने बताया कि इससे पहले अस्पताल में ईएनटी, पंचकर्म, आयुर्वेदिक और आई मेडिसिन जैसी सुविधाएं उपलब्ध थीं और अब होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति भी शुरू कर दी गई है। यह कदम हिमाचल सरकार का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो जनस्वास्थ्य सेवाओं को और भी सुलभ बनाने की दिशा में है। स्थानीय जनता ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि होम्योपैथिक इलाज किफायती और कम साइड इफेक्ट वाला है, जिससे मरीजों की संख्या में वृद्धि होगी।

## भेड़पालक के परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की बोह घाटी की ऊपरी पहाड़ियों में रूलेहड़ गांव निवासी भेड़पालक की मौत हो गई। मृतक बीते दिनों आसमानी बिजली गिरने से मरी 124 भेड़-बकरियों के समीपवर्ती क्षेत्र में मौजूद था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उनकी मौत का कारण बिजली गिरना या चट्टान गिरने की घटना हो सकती है। मृतक की पहचान पंचायत रूलेहड़ के उपप्रधान ओम चंद के भाई के रूप में हुई है। शव को लाने के लिए प्रशासनिक टीमें रवाना कर दी गई हैं। विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल पठानिया ने स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन को मृतक के परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

**केवल पठानिया ने भेड़पालक की मौत पर जताया शोक**

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शव का पोस्टमार्टम बोह गांव में ही किया जाए, ताकि परिवार को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने जानकारी दी कि करेरी क्षेत्र में भी पत्थर गिरने से एक युवक की जान गई है। इसके अतिरिक्त शाहपुर क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की 34 सड़कों में से 24 को बहाल किया जा चुका है, शेष को खोलने का कार्य जारी है।

उन्होंने आपदा से हुए नुकसान के आकलन के लिए आपदा राहत दलों को त्वरित रूप से फील्ड में भेजने और शाम तक विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश भी जारी किए हैं।

# नाबालिगा से अश्लील हरकतें करने के दोषी को आठ साल की सजा

## 20,000 रुपए का जुर्माना अदा करने का आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**जिला** एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नितिन मित्तल की फास्ट ट्रैक पोक्सो कोर्ट ने एक अहम फैसले में आरोपी को नाबालिग पीड़िता से अश्लील हरकत करने के मामले में दोषी करार देते हुए विभिन्न धाराओं के तहत कठोर सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी को भारतीय दंड संहिता की धारा 452 के तहत 3 वर्ष तथा पोक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत 5 वर्ष की कठोर कारावास और 20,000 रुपए का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को 6 माह की अतिरिक्त कारावास भुगतनी होगी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला न्यायवादी नविना राही ने पैरवी की। उन्होंने मामले से संबंधित साक्ष्यों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया और गवाहों को अदालत में पेश किया, जिससे अपराध प्रमाणित हो सका। पीड़िता ने 24 जून 2023 को थाना नगरोटा बगवां में अपने पिता के साथ आकर लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में उल्लेख किया गया कि 18 जून, 2023 को सुबह 6 बजे जब वह अपनी दादी के लिए दूध गर्म करने जा रही थी, उसी समय ताया का लड़का (आरोपी) पीछे से आया और उसके साथ अश्लील हरकत की। घटना के वक्त पीड़िता के माता-पिता टांडा अस्पताल में पीड़िता के छोटे भाई का इलाज करवा रहे थे। पुलिस ने चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत की, जिसके आधार पर ट्रायल चला और साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने दोषी करार दिया।

## अश्लील हरकत करने वाले दुकानदार को 3 साल की सजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नितिन मित्तल की फास्ट ट्रैक पोक्सो कोर्ट ने नाबालिग पीड़िता के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में आरोपी दुकानदार को दोषी करार देते हुए तीन साल की कठोर कैद और 10,000 रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को छह महीने की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। 29 मार्च 2023 को पीड़िता ने धर्मशाला थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवाई थी कि सुबह करीब 9:30 बजे वह दाड़ी में फलों की दुकान पर फल खरीदने गई थी। इसी दौरान दुकानदार ने उसे बहाने से दुकान के अंदर बुलाया और गलत नीयत से उसके साथ अश्लील हरकत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम की धारा 8 के तहत मामला दर्ज किया। मामले की पैरवी अतिरिक्त जिला न्यायवादी नवीना रही ने की। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 16 गवाह पेश किए गए, जिन्होंने घटना की पुष्टि करते हुए सरकार के पक्ष में सशक्त गवाही दी। सभी तथ्यों और साक्ष्यों पर विचार करने के पश्चात अदालत ने आरोपी को दोषी पाते हुए उपरोक्त सजा सुनाई।

## आपदा पीड़ितों को जल्द दिया जाए उचित मुआवजा : कमल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा और चंबा जिलों की सीमा पर स्थित कनिकोट जोत में आसमानी बिजली गिरने से तीन भेड़पालकों की लगभग 120 भेड़-बकरियां काल का ग्रास बनी हैं। शाहपुर और भटियात विधानसभा क्षेत्रों के इन भेड़पालकों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। वहीं, शाहपुर के बोह निवासी संजीव कुमार उर्फ डिस्को गद्दी की बकानी जोत में पत्थर लगने से दुखद मृत्यु हो गई है। इसी के साथ शाहपुर के करेरी निवासी युवक की पत्थर लगने से मौत हो गई है। शाहपुर से भाजपा के वरिष्ठ नेता कमल शर्मा ने इन घटनाओं के मद्देनजर हिमाचल सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवारों के लिए आपदा राहत मैनुअल के तहत तत्काल मुआवजा प्रदान किया जाए। उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर हो चुके भेड़पालकों को इस संकट से उबरने और फिर से अपने पैरों पर खड़े होने के लिए समय पर उचित मुआवजा मिलना चाहिए।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम की देशव्यापी योजना से मिलेगा लाभ

# सरकारी, गैर सरकारी क्षेत्र के कर्मियों को मिलेगी सामाजिक सुरक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने संगठनों, संस्थाओं, व्यापारियों के साथ की बैठक।

**भारत** सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाले कर्मचारी राज्य बीमा निगम की ओर से एक ऐसी देशव्यापी योजना का शुभारंभ किया गया है, जो सरकारी, गैर सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को पुख्ता करने का काम करने का दावा कर रही है। इसी कड़ी में वीरवार को निगम के पदाधिकारियों ने धर्मशाला में विभिन्न संगठनों, संस्थाओं, व्यापारियों और फर्मों के लोगों, पदाधिकारियों के साथ बैठकर गहन चर्चा की और इस दिशा में कदम बढ़ाने की अपील भी की।

निगम के क्षेत्रीय निदेशक कर्नल मंजीत कटोच ने कहा कि लेबर क्लास अमूमन सामाजिक सुरक्षा को लेकर लापरवाह और चिंतित रहती है, जबकि उनकी ओर से शुरू की गई इस योजना के तहत अब उनकी चिंता का निदान हो सकता है, क्योंकि अब वो जो बीमा करेंगे उसमें समाज का हर तबका संगठन और संस्थाएं कवर होंगी। उन्होंने कहा कि जिस भी कर्मचारी का वेतन 20 या 21 हजार से कम होगा, वह इस योजना का लाभ उठा सकेगा। सभी वर्गों से अपील है कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और ज्यादा से ज्यादा लोग इससे जुड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में इससे पहले वो भ्रमण कर चुके हैं, कांगड़ा में पहली बार आना हुआ है, काबिलेगोर है कि इस योजना से जुडने के लिए 1 जुलाई से लेकर 31 दिसंबर 2025 तक रजिस्ट्रेशन करवाई जा सकती है। इसके लिए 21 हजार से कम वेतन लेने वाले कर्मचारी पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, जिला कार्यालय पालमपुर से ब्रहम दास, प्रवर्तन अधिकारी ने भी इसमें भाग लिया तथा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के बारे में विस्तृत रूप में जानकारी दी।

# प्रदेश में बनेंगे 5 नए बस स्टैंड : अजय

## एचआरटीसी उपाध्यक्ष बोले- हर बस स्टैंड का होगा रेनोवेशन

- विद्यार्थी ऑनलाइन बना सकेंगे बस पास
- एचआरटीसी की ऐप से बस लोकेशन ट्रैक करने की सुविधा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



एचआरटीसी के निदेशक मंडल की बैठक में लिए निर्णयों की जानकारी देते अजय वर्मा।

**एचआरटीसी** उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने हिमाचल पथ परिवहन निगम के निदेशक मंडल की 161वीं बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि एचआरटीसी हिमाचल में 5 नए बस अड्डों का निर्माण करेगी और सभी बस अड्डों का रेनोवेशन भी किया जाएगा। रेनोवेशन के लिए 7 करोड़ रुपए की राशि हर डिवीजन को स्वीकृत कर दी गई है। इसके साथ ही सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी बस अड्डों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि एचआरटीसी के चार डिवीजनों धर्मशाला, शिमला, मंडी और हमीरपुर में आपातकालीन स्थिति के लिए एक-एक रिकवरी व्हीकल और दो क्विक रिस्पांस व्हीकल उपलब्ध कराए जाएंगे।

इसके अलावा, एचआरटीसी ऊना और नादौन में ऑटोमैटिक टेस्टिंग स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे, जिससे वाहन पासिंग और ड्राइविंग लाइसेंस जैसी सुविधाएं स्वचालित रूप से उपलब्ध होंगी। नई सुविधाओं में विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन बस पास बनाने की सुविधा भी शामिल है और जल्द ही एचआरटीसी की ऐप से बस लोकेशन ट्रैक करने की सुविधा भी दी जाएगी। इसके अलावा, वॉल्वो बसों के किराए में 15 प्रतिशत की कमी की गई है और 'हिम बस कार्ड' लांच किया जाएगा, जिससे यात्रियों को 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। कंडक्टरों का वेतन भी बढ़ाकर 2400 रुपए किया गया है। बैठक में डीएम धर्मशाला पंकज चड्ढा, डीडीएम रजिंदर पठनिया और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



## अनंत पर्यटन



# हिमखंडों की पुकार

## आओ, फिर करें हिमाचल से प्यार

**हिमाचल!** यह मात्र एक भूखंड नहीं, अपितु आत्मा का विस्तार है, शांत सरोवर, गगनचुंबी शिखर और चीड़ के वनों में गुजरती हवाओं का एक मधुर संगीत है। यहां की हर घाटी में एक कहानी गूंजती है। हर झरने में जीवन का कलकल प्रवाह है और हर चोटी पर सदियों का इतिहास बसता है। यह वह देवभूमि है, जहां पग-पग पर आध्यात्मिकता का अनुभव होता है, जहां प्रकृति अपनी सबसे अनुपम छटा बिखेरती है। सुबह की सुनहरी धूप में ओस की बूंदें मोतियों सी चमकती हैं, शाम की लालिमा में ढलते पहाड़ सोने से प्रतीत होते हैं और रात में तारों से भरा आसमान एक ऐसी कविता कहता है जो बिना शब्दों के ही मन को छू लेती है। कालिदास के 'मेघदूत' से लेकर रस्किन बॉन्ड की कहानियों तक, इस भूमि ने अनगिनत कवियों और लेखकों को प्रेरित किया है और आज भी इसकी प्रेरणा असीमित है। वर्षों से यह देवभूमि अपनी नैसर्गिक छटा और आध्यात्मिक शांति से पर्यटकों को अपनी ओर खींचती रही है। यहां आकर मन को एक अजब सुकून मिलता है, आत्मा को एक नई ऊर्जा मिलती है, लेकिन हाल के दिनों में इस मधुर संगीत पर कुछ व्यवधान आया। मानसून के प्रकोप और उससे जुड़ी दुर्घटनाओं ने दुर्भाग्यवश, सोशल मीडिया पर प्रसारित 'गलत सूचनाओं' के कारण पर्यटन क्षेत्र को गहरा आघात पहुंचाया। इन भ्रामक संदेशों ने उन पर्यटकों को भी अपनी यात्रा रद्द करने पर मजबूर किया, जो वास्तव में हिमाचल के सुरक्षित और मनोरम क्षेत्रों की यात्रा का मन बना रहे थे। यह एक ऐसी विडंबना थी जहां सत्य पर अफवाहों का साया भारी पड़ रहा था। किंतु अब, एक नई भोर हुई है, आशा की किरण फूटी है। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने पर्यटन को फिर से जीवंत करने और देवभूमि की खोई हुई रौनक लौटाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह सिर्फ एक आर्थिक पहल नहीं, बल्कि प्रकृति और मानव के मिलन के उस उत्सव को फिर से मनाने का एक आह्वान है, जो हिमाचल की पहचान है। यह एक संदेश है कि हिमाचल की वादियां एक बार फिर बाहें फैलाए आपका इंतजार कर रही हैं, अपनी पूरी भव्यता और शांति के साथ।

## अफवाहों से बढ़ा दर्द, पर्यटन का रास्ता बंद

### मानसून की मार

**तबाही का मंजर और पर्यटन पर असर**

**चालू** मानसून सीजन ने प्रदेश में अभूतपूर्व तबाही मचाई है। राज्य में भारी बारिश, अचानक बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं ने बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया है और दर्जनों लोगों की जान ले ली है। मंडी जैसे कुछ जिले सबसे ज्यादा प्रभावित है, जहां भारी तबाही देखी गई। इस प्राकृतिक आपदा का सीधा असर पर्यटन पर पड़ा। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने चिंता व्यक्त की है कि सोशल मीडिया पर फैलाई गई 'अतिरंजित मौसम चेतावनियों' और 'भ्रामक पोस्ट' ने पर्यटकों के मन में डर पैदा कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि जुलाई 2025 के पहले सप्ताह में होटलों की ऑक्यूपेंसी 29 से घटकर मात्र 21 फीसदी रह गई। शिमला होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रिंस कुकरेजा ने बताया कि शिमला में हल्की बारिश के बावजूद भी 'निराधार सोशल मीडिया अलर्ट' के कारण दहशत फैली और बुकिंग रद्द हुईं। एक टूर ऑपरेटर धीरज शशि ने खुलासा किया कि जुलाई के पहले हफ्ते में लगभग 80 फीसदी बुकिंग रद्द हो गईं, जिससे उद्योग को भारी नुकसान हुआ। यह समझना जरूरी है कि यह केवल आर्थिक नुकसान नहीं था, बल्कि उन छोटे व्यवसायों और परिवारों की आजीविका पर भी सीधा प्रहार था, जो पर्यटन पर निर्भर हैं। स्थानीय ढाबे, हस्तशिल्प विक्रेता, टैक्सी चालक और गेस्ट हाउस संचालक-सभी ने इस संकट का खामियाजा भुगता।



### पर्यटकों का नुकसान

**सपनों पर पानी फिरा**

**पर्यटकों** के लिए भी यह एक निराशाजनक अनुभव रहा। कई लोगों को अपनी सुनियोजित यात्राएं रद्द करनी पड़ीं, जिससे न केवल उनकी छुट्टियों के सपने अधूरे रह गए, बल्कि उन्हें टिकट और होटल बुकिंग रद्द करने में भी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा। कुछ लोग जिन्होंने गलत सूचना के कारण अपनी यात्राएं रद्द कर दीं, वे उन खूबसूरत और सुरक्षित इलाकों का अनुभव करने से वंचित रह गए, जो पूरी तरह से खुले और पर्यटकों का स्वागत करने के लिए तैयार थे। यह स्थिति पर्यटन के वास्तविक अर्थ-नए स्थानों की खोज, संस्कृति का अनुभव और प्रकृति की गोद में शांति पाना के विपरीत थी।

### एचपीटीडीसी का उपहार

**पर्यटन को मिलेगा नया उछाल**

**इन** चुनौतियों का सामना करने और पर्यटन उद्योग को फिर से पटरी पर लाने के लिए, एचपीटीडीसी ने एक बड़ा और सराहनीय कदम उठाया है। 15 जुलाई से 12 सितंबर, 2025 के बीच, एचपीटीडीसी अपने होटलों में 40 फीसदी तक की भारी छूट दे रहा है। यह पहल न केवल पर्यटकों को आकर्षित करने, बल्कि पर्यटन क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों को राहत प्रदान करने के लिए भी है। इस छूट की अवधि विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह किन्नौर, लाहौल-स्पीति और पांगी-भरमौर जैसे आदिवासी इलाकों में पर्यटन के चरम मौसम को कवर करती है। ये क्षेत्र अपनी अनूठी संस्कृति, शांत परिदृश्य और कम वर्षा के लिए जाने जाते हैं, जिससे मानसून के दौरान भी यात्रा में व्यवधान की संभावना कम होती है। एचपीटीडीसी का मानना है कि यह छूट पर्यटकों को सुरक्षित और सुलभ क्षेत्रों की ओर आकर्षित करेगी, जिससे उद्योग को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी।


### सुरक्षित हिमाचल में आपका स्वागत है

**एचपीटीडीसी** और स्थानीय अधिकारियों का निरंतर प्रयास है कि पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोपरि रखा जाए। सड़कों के रखरखाव और कनेक्टिविटी में सुधार पर लगातार काम किया जा रहा है। पर्यटकों से आग्रह किया है कि वे असत्यापित सोशल मीडिया पोस्ट पर भरोसा न करें और यात्रा संबंधी निर्णय लेने से पहले आधिकारिक स्रोतों जैसे एचपीटीडीसी की वेबसाइट या स्थानीय पर्यटन कार्यालयों से सलाह लें। बहरहाल, हिमाचल प्रदेश अपनी सदियों पुरानी 'अतिथि देवो भव' की परंपरा के साथ खड़ा है। यह केवल एक यात्रा नहीं, यह एक अनुभव है, एक ऐसी स्मृति जो जीवन भर आपके साथ रहेगी। तो आइए, इस हिम-भूमि की आभा में खो जाएं और अपने मन को एक अविस्मरणीय यात्रा का उपहार दें।

*विशेष रिपोर्टः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला*

# बरसात में छूट के बावजूद नहीं आ रहे पर्यटक

*** होटलों में चार से पांच फीसदी तक सिमटी ऑक्यूपेंसी * मैक्लोडगंज मार्ग पर हर साल बैठती है सड़क**



**पर्यटन** नगरी मैक्लोडगंज, धर्मशाला व आसपास के क्षेत्रों में बरसात के चलते चालीस से पचास फीसदी छूट के बावजूद पर्यटक यहां नहीं आ रहे हैं। आलम यह है कि होटलों में ऑक्यूपेंसी 4 से 5 फीसदी तक सिमट कर रह गई है। एक तो बरसात, ऊपर से पर्यटन नगरी को जोड़ने वाले मार्ग में भूस्खलन से पर्यटन कारोबार प्रभावित हुआ है। प्रदेश में समय से पहले आई बरसात से पर्यटन कारोबार प्रभावित हुआ है। शुरुआत में कांगड़ा जिले में तो ज्यादा बरसात नहीं हुई, लेकिन पिछले तीन चार दिनों से लगातार बारिश का दौर जारी है। इस बार बरसात में मंडी जिले में काफी नुकसान हुआ है। धर्मशाला-मैक्लोडगंज मार्ग भी एक जगह बैठ गया है, जिसके चलते छोटे वाहन ही मैक्लोडगंज पहुंच पा रहे हैं। इससे पर्यटन पर विपरीत असर पड़ा है, जिसके चलते होटलों में ऑक्यूपेंसी 4 से 5 फीसदी तक रह गई है। बारिश का क्रम जारी रहा तो बढ़ेगा नुकसान बरसात इसी तरह से जारी रही तो सड़क मार्गों व आधारभूत ढांचे को और नुकसान हो सकता है। ऐसे में रखरखाव भी साथ में होता रहे तो चीजें लंबे समय तक स्थिर रहती हैं। धर्मशाला-मैक्लोडगंज वाया कैंट व वाया खड़ा डंडा मार्ग में एक-दो पैच ऐसे हैं, जहां हर बार बरसात में सड़क बैठ जाती है, जिससे यातायात प्रभावित होने से पर्यटन प्रभावित होता है। ऐसे में इस तरह की समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाना बेहद जरूरी है। बरसात के दौरान होटलों में 40 से 50 फीसदी छूट पर्यटकों को दी जाती है। इसके बावजूद पर्यटकों की आमद में खासी कमी दर्ज की गई है, इसका मुख्य कारण प्रदेश के विभिन्न जिलों विशेषकर मंडी जिला में आई आपदा भी है।



**उम्मीद** है जिस तरह से बरसात समय से पहले आई है, उसी अनुरूप समय से पहले थम भी जाएगी, उसके बाद पर्यटक आमद बढ़ेगी और पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ेगा।

*राहुल धीमान, अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला*

# देवी दर्शन उपरांत पर्यटन नगरी का रुख



**दोपहिया वाहनों में पहुंच रहे श्रद्धालु मैक्लोडगंज**

**देवभूमि** हिमाचल के कांगड़ा जिले में श्रावण अष्टमी मेलों के चलते बाहरी राज्यों के श्रद्धालु भारी संख्या में देवी दर्शनों को पहुंच रहे हैं। देवी दर्शनों को आने वाले श्रद्धालु देवी दर्शनों उपरांत पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज का रुख कर रहे हैं। एक-एक दोपहिया वाहन पर तीन-तीन श्रद्धालु सफर करते हुए आ रहे हैं। धूप हो या बारिश इन श्रद्धालुओं की यात्रा नहीं थमती। अपने राज्यों से निकलकर यह श्रद्धालु सीधे देवी के दरबार में जाकर ही रुकते हैं। देवी दर्शन के उपरांत कांगड़ा घाटी की पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के दीदार के लिए भी यह श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मैक्लोडगंज की मनोरम वादियों सहित श्रद्धालुओं द्वारा धर्मकोट, नड्डी, भागसूनाग वाटरफाल का भी भ्रमण किया जा रहा है। ऐसे में यह कहना गलत न होगा कि धार्मिक पर्यटन के साथ सौंदर्य से परिपूर्ण मनोरम वादियों को निहारते हुए श्रद्धालु पर्यटन को भी बढ़ावा दे रहे हैं।

*राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।*

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का समापन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** द्रकाटा में पिछले एक सप्ताह से बह रही श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान की गंगा वीरवार को विश्राम ले गई। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के समापन पर शिमला वाले गुरुदेव भागवत रसिक आदर्श शर्मा ने महायज्ञ, तर्पण और पूर्णाहुति के बाद श्रोताओं को अमृत वर्षा करवाई। उन्होंने बताया कि भागवत कथा में कुल 12 स्कन्ध हैं, जिनमें 335 अध्याय और लगभग 18,000 श्लोक हैं। श्रीमद्भागवत महापुराण भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संगम है, जो परम तत्व की प्राप्ति का मार्ग दिखाता है।

### स्वास्थ्य शिविर में 26 मरीजों की जांच

**अनंत ज्ञान, गरली।** सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा शुरू की गई मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के तहत वीरवार को गांव अलोह में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का नेतृत्व एमओ डॉ. विजय जरियाल ने किया, जिसमें कुल 26 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। 12 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए, जिनमें 5 हड्डियों की समस्याओं, 7 शुगर और 3 उच्च रक्तचाप से पीड़ित पाए गए। स्वास्थ्य टीम ने मरीजों को खानपान, नियमित व्यायाम और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### आरोहण फाउंडेशन ने बेटी की शादी को दिया राशन

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** आरोहण फाउंडेशन ने समाजसेवा की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एक जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी को राशन और घरेलू सामग्री प्रदान की। फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने शादी वाले घर पहुंचकर परिजनों के साथ मिलकर इस खुशी के मौके में सहभागिता व्यक्त की। संस्था का मानना है कि खुशियां साझा करने से उनका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। इस नेक कार्य के माध्यम से फाउंडेशन ने समाज में सकारात्मक बदलाव की अपील की। इस अवसर पर सोमेश कौशिक, साहिल सूद और साहिल शर्मा सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### बैजनाथ में एम-स्वस्थ हेल्थ क्लीनिक का उद्घाटन

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** एम-स्वस्थ के क्षेत्रीय प्रमुख अनूप पराशर ने वीरवार को उपमंडल बैजनाथ में एम-स्वस्थ का नवीन हेल्थ क्लीनिक का शुभारंभ किया। एम-स्वस्थ का उद्देश्य बैंक के ग्राहकों और आम जनमानस को किफायती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। बैजनाथ और आसपास के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के लोग यहां पर कम दरों पर स्वास्थ्य जांच और प्राथमिक उपचार की सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। इस पहल के माध्यम से एम-स्वस्थ शीघ्र ही हिमाचल प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी अपनी सेवाएं विस्तारित करेगा। उपस्थित अतिथियों ने इस प्रयास की सराहना की।

### नौरा महाविद्यालय में इनॉगरल फंक्शन

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए इनॉगरल फंक्शन का आयोजन प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों का महाविद्यालय परिवार में स्वागत किया गया और उन्हें शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासन, तथा विभिन्न क्लबों जैसे एनएसएस, इको क्लब, रेड रिबन क्लब आदि के बारे में जानकारी दी गई। प्राचार्य ने छात्रों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के पालन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

### बिजली उपमंडल बैजनाथ से जोबन रिटायर



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विद्युत उपमंडल बैजनाथ से जोबन सिंह बोर्ड में 27 वर्ष सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हो गया। इस अवसर पर उनको सहायक अभियंता ई. रवि धीमान व स्टाफ के अन्य कर्मचारियों द्वारा उनको समृद्धि चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया और उनके सुखद भविष्य की कमना की।

### कांगड़ा मंदिर अधिकारी नीलम राणा सेवानिवृत्त



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा की मंदिर अधिकारी नीलम राणा ने 38 वर्षों के सेवाकाल के बाद वीरवार को सेवानिवृत्त हो गईं। इस अवसर पर एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने उन्हें माता की मूर्ति भेंट करके भविष्य की शुभकामनाएं दीं। एसडीएम ने कहा कि नीलम राणा ने अपने कार्य को कर्तव्यनिष्ठा से निभाया और मंदिर में सुधार के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। नीलम राणा ने अपनी सेवाओं के दौरान कांगड़ा, धर्मशाला, चंबा, नादौन सहित कई स्थानों पर कार्य किया और मंदिर कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### दौलतपुर स्कूल के छात्र से मारपीट

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** दौलतपुर सरकारी स्कूल के 15 वर्षीय छात्र के साथ छुट्टी के बाद कुछ युवकों ने मारपीट की और उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर महावीर मार्केट के पास फेंक दिया। सीसीटीवी में यह पूरी घटना कैद हो गई। पीड़ित छात्र ने बताया कि कुछ दिन पहले कृष्णा नगर के एक युवक से विवाद हुआ था, जिसके बाद यह हमला हुआ। पुलिस ने तीन युवक जसपाल, सुभाष और एक नाबालिग छात्र के खिलाफ किडनैपिंग और मारपीट का केस दर्ज किया है। डीएसपी सिटी सुमेर सिंह मान ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया।

### जवाहर विद्यालय में 13 तक करें पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया जारी है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 13 अगस्त निर्धारित की गई है। उन्होंने सभी पात्र विद्यार्थियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द कक्षा छठी में प्रवेश के लिए अपना पंजीकरण करवा लें, ताकि वे इस शैक्षिक सत्र में सम्मिलित हो सकें।

# स्मार्ट सिटी धर्मशाला में रेहड़ी-फड़ी वालों को वेंडिंग जोन में मिलेगी जगह

## शौचालयों, रेहड़ी-फड़ी और पशुओं की समस्याओं को लेकर की बैठक

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** स्मार्ट सिटी में शौचालयों, रेहड़ी-फड़ी व बेसहारा पशुओं की समस्याओं पर चर्चा के लिए वीरवार को जनचेतना संस्था की ओर से नगर निगम प्रशासन के साथ बैठक की गई।



बैठक में जन चेतना संस्था ने धर्मशाला क्षेत्र में कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया।

नगर निगम धर्मशाला में महापौर नीनू शर्मा, आयुक्त जफर इकबाल व जन चेतना के अध्यक्ष आरसी कटोच सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों की संयुक्त बैठक में जन चेतना संस्था की ओर से नगर निगम धर्मशाला के क्षेत्र में एमसी व स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की ओर से किए जा रहे कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसमें मुद्दा उठाया गया कि धर्मशाला के मुख्य स्थलों में सार्वजनिक शौचालय के निर्माण को लेकर एमसी व स्मार्ट सिटी की ओर से क्या कदम उठाए जा रहे हैं, जिसमें आयुक्त की ओर से बताया कि कुछेक शौचालय बन गए हैं, जबकि अन्य की विभागीय अनुमति लेने की प्रक्रिया चल रही है। साथ ही बैठक में रेहड़ी-फड़ी वालों को शहर की मुख्य सड़कों, चौराहों में बैठने की बजाए उचित वेंडिंग जोन बनाने की बात उठी। महापौर नीनू शर्मा ने बताया कि कुछेक स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाए जा रहे हैं, जबकि जल्द ही अन्य स्थान चिन्हित कर रेहड़ी-फड़ी वालों को स्थान उपलब्ध करवाया जाएगा। वहीं, नगर निगम ने स्पष्ट किया गया कि अब डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रित किया जा रहा है। हर घर व संस्थान को गिला व सूखा कचरा अलग-अलग प्रदान करना होगा, जिसके तहत ही प्रबंधन करने के लिए उचित कार्य किया जा सकेगा।

### कूड़ा-कचरा न देने पर लगेगा जुर्माना : जफर

**नगर** निगम कमिश्नर जफर इकबाल ने बताया कि नियमों के तहत कूड़ा-कचरा न देने पर अब जुर्माना किया जाएगा। इस दौरान शहर में बेसहारा पशुओं को उचित शेल्टर उपलब्ध करवाने पर भी चर्चा हुई। हाईकोर्ट की ओर से भी एमसी को फटकार लगाई है। इसमें एमसी की ओर से बेसहारा पशुओं को गोसदन में भेजे जाने की बात कही गई। गोसदन में पशुओं को भेजने के बावजूद कई स्थानों पर पशुओं को फिर से छोड़ा जा रहा है, जिससे मुश्किल हो रही है। एमसी की ओर से लावारिस कुत्तों का एबीसी टीकाकरण किया जा रहा है, जबकि पालतू कुत्तों की भी रजिस्ट्रेशन की जा रही है।

### ज्वालाजी मंदिर में 25 हजार भक्तों ने टेका माथा

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में श्रावण अष्टमी मेलों के दौरान सप्तमी व अष्टमी को भी मंदिर 24 घंटे श्रद्धालुओ के दर्शनों के लिए खुला रहेगा। मंदिर प्रशासन ने सभी व्यवस्थाओं के लिए प्लान तैयार कर लिया है और सेवादारों की ड्यूटियां निर्धारित कर दी हैं। शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की छठे मेले में भक्तों की ओर से 4 लाख 46 हजार 392 रुपए अर्पित किए गए। 25 हजार श्रद्धालुओं ने माता ज्वाला की पवित्र ज्योतियों के दर्शन किए। वहीं, सीसीटीवी कैमरों से असमाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है।

### हैप्पी बर्थडे



सुंदरनगर (फफलाणी) की दिव्या को को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### लाहड़ गांव में बच्चों के लिए खतरा बना आंगनबाड़ी केंद्र

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली गुनेहड़ पंचायत के लाहड़ गांव में स्थित आंगनबाड़ी भवन अब बच्चों के लिए खतरा बनता जा रहा है। इस भवन की ऊपरी मंजिल पर 2021-22 में महिला मंडल भवन का निर्माण किया गया था, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते इस भवन में छत डालने और ऊपर जाने के लिए सीढ़ियों की व्यवस्था अब तक नहीं की जा सकी है। वर्तमान में ऊपरी मंजिल में छत न होने के कारण बरसात के मौसम में सारा पानी आंगनबाड़ी की छत पर इकट्ठा हो जाता है, जिससे भवन की छत क्षतिग्रस्त हो रही है और पानी टपकने की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके अलावा छत से गिरने वाले मलवे से बच्चों के लिए गंभीर खतरे का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान अंजू कुमारी और उप प्रधान दुनी चंद ने बताया कि इसके लिए सरकार से धन राशि जारी की जा चुकी है और जल्द ही महिला मंडल भवन की छत का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। विकासखंड अधिकारी बैजनाथ सुमन कुमारी ने इस मुद्दे को शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया और कहा कि जल्द पंचायत का दौरा कर इस कार्य को प्राथमिकता से पूरा करवाया जाएगा।

## जाति गणना के लिए सभी पार्टियां करें समर्थन : पठानिया

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर ब्लॉक ओबीसी वर्ग की बैठक में विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने जातिगत जनगणना को आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि देश में हर वर्ग को न्याय और विकास के समान अवसर देने के लिए जाति आधारित जनगणना आवश्यक है। राहुल गांधी भी यही मांग कर रहे हैं कि हर जाति को उसकी आबादी के अनुसार अधिकार मिले। ओबीसी वर्ग को भी इसमें पूर्ण रूप से शामिल किया जाना चाहिए। विधायक पठानिया ने इस मुद्दे को सामाजिक और आर्थिक बदलाव का औजार बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार पंचायतों और शिक्षा में ओबीसी वर्ग को आरक्षण बढ़ाने से इनकार कर रही है, क्योंकि उन्हें डर है कि आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा टूटने से उनकी हिंदुत्व की राजनीति कमजोर हो जाएगी। जातिगत जनगणना एक राजनीतिक हथियार भी है, जिससे असली आंकड़े सामने आ सकें।

**विकास के समान अवसर देने के लिए जाति आधारित जनगणना जरूरी**

ओबीसी वर्ग की मांगों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री के समक्ष यह मुद्दे उठाए जाएंगे, जिनमें प्रमुख रूप से ओबीसी प्रमाण पत्र की बार-बार प्रक्रिया को समाप्त कर एक बार का स्थायी सर्टिफिकेट जारी किया जाए। इसके अतिरिक्त ओबीसी वर्ग को भी अन्य वर्गों की भांति 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिले।

### समाजसेवियों ने बेटी के विवाह के लिए किया आर्थिक सहयोग

**कुलदीप सोनी, अनंत ज्ञान, नगरी।** धनीराम निवासी वंडविहार पालमपुर विकलांगता के कारण 12 साल से बिस्तर पर हैं और अपनी बेटी के विवाह के लिए परेशान थे। पत्नी लोगों के घरों में काम करती है, लेकिन वह राशि पति की दवाइयों पर खर्च हो जाती है। जब समाजसेवी केडी राणा और शेर सिंह ने इस स्थिति को सोशल मीडिया पर साझा किया, तो बाबा त्रिलोकनाथ ने एक बार फिर से मानवता की मिसाल पेश की। उन्होंने बेटी के विवाह के लिए आवश्यक सामान खरीदकर घर भेजा और कुछ आर्थिक सहायता भी प्रदान की। समाजसेवी किशोरी लाल, सोमदेव, गगन कुमार, रश्मा देवी, और अन्य ने भी सहयोग दिया। यह 30वां अवसर था जब बाबा त्रिलोकनाथ ने बेटी की शादी के लिए सहायता प्रदान की। सभी ने पूजा के सुखमय जीवन की कामना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### देहर खड्ड में फंसी 5 जिंदगियां सुरक्षित निकालीं

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जवाली के देहर खड्ड में पानी के तेज बहाव में ट्रैक्टर चालक सहित चार श्रमिक फंस गए। पानी का बहाव इतना तेज था कि ट्रैक्टर भी डूब गया, लेकिन सभी ने ट्रैक्टर पर खड़े होकर अपनी जान बचाई। स्थानीय लोगों ने कड़ी मेहनत के बाद सभी को सुरक्षित बाहर निकाला, जबकि ट्रैक्टर को जेसीबी से बाहर निकाला गया। अगर पानी का बहाव और तेज होता, तो यह दुर्घटना पांच जिंदगियों को छीन सकती थी। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। एसडीएम ज्वाली नरेंद्र जरियाल ने कहा कि वर्तमान में खनन पर पूर्ण प्रतिबंध है और प्रशासन ने खड्डों के किनारे ट्रैक्टर चलाने पर सख्त हिदायत दी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई भी चालक इन निर्देशों की अनदेखी करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पोस्टमास्टर विनोद शर्मा हुए सेवानिवृत्त



**अनंत ज्ञान, गरली।** डाक विभाग में 39 वर्षों तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा देने के बाद पोस्टमास्टर विनोद शर्मा वीरवार को परागपुर डाकघर से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर देहरा उपमंडल डाक कार्यालय व परागपुर पोस्ट ऑफिस स्टाफ ने उन्हें गरिमामयी विदाई दी। सेवानिवृत्ति समारोह में परागपुर के वरिष्ठ नागरिक बृजमोहन सूद सहित लघु बचत एजेंट व अन्य कई स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

### मुंशी प्रेमचंद की लेखन शैली विषय पर कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां में हिंदी विभाग की ओर से मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर 'मुंशी प्रेमचंद की लेखन शैली' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा थे, जबकि मुख्य वक्ता प्रो. नीलकमल कुमार ने प्रेमचंद के साहित्य पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रेमचंद के साहित्य को भारतीय समाज का सजीव चित्रण बताया। प्रो. शर्मा ने भी छात्रों को उनके साहित्य को पढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के कई शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

### गढ़ माता मंदिर परिसर में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य धौलाधार ईको क्लब और वन विभाग के सहयोग से वीरवार को गढ़ माता मंदिर परिसर, बल्ला वीट वन क्षेत्र में पौधरोपण अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण शर्मा ने जामुन का पौधा रोपित कर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने 100 से अधिक औषधीय पौधे जैसे जामुन, आम्बल, हरड़, अमरूद और शीशम रोपे। प्राचार्य ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। वन विभाग के वीओ दिनेश्वर मनकोटिया ने भी इस पहल की जानकारी दी।

### जीजीडीएसडी कॉलेज में विद्यार्थियों ने रोपे पौधे

**अनंत ज्ञान। पालमपुर।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म (जीजीडीएसडी) महाविद्यालय में पर्यावरण क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत आयोजित किया गया। महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि हिमाचल में बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं पर्यावरण असंतुलन का परिणाम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाकर और उनकी देखभाल करके पर्यावरण संतुलन बनाए रखें, क्योंकि यह हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पर्यावरण क्लब की समन्वयक डॉ. उषा शर्मा और एनएसएस समन्वयक अरविंद कुमार ने किया। महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया।



जीजीडीएसडी महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया

## डन्नी पंचायत निवासी 6 वर्षों से काट रहा कार्यालयों के चक्कर

**रमन राणा, अनंत ज्ञान**

**भडवार।** नूरपुर उपमंडल की डन्नी पंचायत के गांव-खड़ेतर में 18 अगस्त 2019 को भारी बरसात के कारण हुए भूस्खलन के कारण पहाड़ खिसकने से गांव के बुद्धि सिंह को भयानक त्रासदी से गुजरना पड़ा। उनका पुश्तैनी जमीन का एक बड़ा हिस्सा भूस्खलन और बाढ़ में बह गया, जिसमें उनकी गोशाला भी शामिल थी। इस त्रासदी के बाद जब्बर खड्ड का रुख भी बदलकर उनके घर की ओर मुड़ गया, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई।

तत्कालीन वन मंत्री राकेश पठानिया ने घटनास्थल पर पहुंचकर उन्हें आश्वासन दिया था कि सरकारी मदद जल्द मिलेगी, लेकिन स्थिति जस की तस रही। बुद्धि सिंह का बेटा भारतीय नौसेना में कार्यरत था और उसकी विशेष ड्यूटी प्रधानमंत्री हाउस में लगी थी। इसके चलते उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पीए से अपनी समस्या साझा की, जिसके बाद भाजपा के उस समय के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से संपर्क किया गया। हालांकि, इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए और अगले साल की बरसात में स्थिति और बिगड़ गई। भूमि कटाव और बाढ़ के कारण खड्ड उनके घर के और नजदीक आ गई। इसके बाद केंद्रीय टीम ने भी बुद्धि सिंह के घर का निरीक्षण किया, जिसमें केंद्रीय ज्वॉइंट सेक्रेटरी संजीव कुमार जिंदल के नेतृत्व में एक टीम आई। इसके बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### भूस्खलन की चपेट में आया घर, पानी में कुछ हिस्सा बहा



गत मगंलवार को भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से बुद्धि सिंह का घर भूस्खलन की चपेट से गिर कर पानी में बह गया। बुद्धि सिंह के बेटे सूरम सिंह ने बताया कि उन्होंने और उनके परिवार ने राहत पाने के लिए लगातार छह साल तक संघर्ष किया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। इन वर्षों में किराए पर खर्च हुए पैसों से वे अपने लिए दो कमरे खरीद सकते थे, लेकिन सरकारी मदद के नाम पर कुछ भी नहीं मिला। एसडीएम नूरपुर अरुण शर्मा ने बताया कि पीड़ित परिवार को हाल ही में एक सुरक्षित घर में शिफ्ट कर दिया गया है और उच्चाधिकारियों को पूरी घटना से अवगत करवा दिया गया है।

### पीड़ित परिवार को प्रदान की राहत सामग्री



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कबीरपंथी समाज के जिला और प्रांत प्रधानों ने लंबागांव पंचायत के वार्ड नंबर 2 में राम स्वरूप और सुमेश कुमार को राहत सामग्री प्रदान की। यह कदम सोमवार रात को हुई भारी बारिश और मलबे के कारण हुए नुकसान के बाद उठाया गया। कबीरपंथी समाज ने पीड़ित परिवारों की मदद में सबसे आगे रहकर एसडीएम संजीव ठाकुर से संपर्क किया, जिन्होंने मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रांत प्रधान मस्त राम, जिला प्रधान प्रताप चंद सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### चक्की माजरा सड़क बहने से 8000 लोग प्रभावित

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पठानकोट हिमाचल एयरपोर्ट को जोड़ने वाली चक्की माजरा सड़क हर साल बाढ़ के कारण बह जाती है, जिससे 8000 से अधिक लोग प्रभावित होते हैं। इस वर्ष 21 जुलाई को चक्की दरिया में मूसलधार बारिश के बाद सड़क फिर बह गई, लेकिन प्रशासन या सरकार ने अब तक इसे ठीक करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। इस सड़क का महत्व सामरिक दृष्टि से अत्यधिक है, क्योंकि यह एयरपोर्ट और आसपास की पंचायतों को जोड़ता है। स्कूल जाने वाले छात्र, व्यापारी और आम लोग इसके बंद होने से कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। स्थानीय प्रधान रीना देवी और क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस समस्या का समाधान पिछले तीन वर्षों से लंबित है। लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन दीपक महाजन ने बताया कि पानी का स्तर घटते ही सड़क की मरम्मत की जाएगी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### सुखाड खड्ड ने बदला रास्ता, 15 घरों को खतरा



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** भारी बरसात के कारण मंगलवार रात को सुखाड खड्ड ने अपना रुद्र रूप दिखाया और रास्ता बदल लिया, जिससे ग्राम पंचायत खोली के सिंबल खोला वार्ड नंबर तीन में भारी नुकसान हुआ। खड्ड का रास्ता बदलने से गांव के पंद्रह घरों को खतरा हो गया। ग्रामीणों ने पंचायत उपप्रधान वीरेंद्र और वार्ड पंच सोनू के नेतृत्व में विधायक पवन काजल से राहत की मांग की। विधायक काजल ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव में मलबे को हटाने और खड्ड के पानी के बहाव को नियंत्रित करने के लिए जेसीबी लगवाने के साथ ही भविष्य में खड्ड किनारे क्रेट वायर लगाने का आश्वासन दिया। उन्होंने ग्रामीणों को यह भी आश्वस्त किया कि जल्द ही उन्हें आर्थिक सहायता दी जाएगी। विधायक काजल ने ग्रामीणों से अपील की कि वे बरसात से हुए नुकसान की जानकारी उनके निजी नंबर 9816601600 पर दें, ताकि समय पर राहत पहुंचाई जा सके।

## नच्छीर बंदला में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत खस्ता

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** पालमपुर में आयुष विभाग का कार्यालय जो कि उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी एवं आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में कार्य करता है, वर्तमान में अत्यंत जर्जर हालत में है। यह कार्यालय पालमपुर स्थित नच्छीर बंदला, जिला कांगड़ा में स्थित है। इमारत की हालत बेहद खराब है। दीवारों पर काई जमी हुई है और छत भी क्षतिग्रस्त दिख रही है। स्थानीय निवासियों और जानकारी के अनुसार, यह कार्यालय केवल एक इमारत नहीं, बल्कि आसपास के सभी स्थानीय आयुर्वेदिक अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों के संचालन का केंद्र है।

ऐसे में इसकी दयनीय स्थिति गंभीर चिंता का विषय बन गई है। एक ओर जहां हिमाचल प्रदेश सरकार आयुष और पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है, वहीं दूसरी ओर इसका केंद्रीय कार्यालय ही ऐसी उपेक्षा का शिकार है।



पालमपुर स्थित नच्छीर बंदला में जर्जर हालत में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र।

### स्टाफ व मरीजों के लिए नहीं सुरक्षित भवन

इस जर्जर भवन से स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन करना न केवल कर्मचारियों के लिए असुरक्षित है, बल्कि यह विभाग की कार्यप्रणाली पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। यदि समय रहते इस इमारत की मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं किया गया, तो इसका सीधा असर स्थानीय जनता को मिलने वाली आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ेगा।

### संज्ञान लें विधायक और विभाग

स्थानीय लोगों ने पालमपुर के स्थानीय विधायक आशीष बुटेल और आयुष विभाग के मंत्री यादविंदर गोमा से इस मामले में तुरंत संज्ञान लेने का आग्रह किया है। लोगों को कहना है कि सरकार इस मुद्दे की गंभीरता को समझें और पालमपुर में इस केंद्रीय कार्यालय की मरम्मत या नए भवन के निर्माण के लिए तत्काल फंड आवंटित करें।

### सांस्कृतिक विकास का आधार रही है सरस्वती नदी : प्रो. चौधरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कुछ इतिहासकार सरस्वती नदी को पांच हजार वर्ष पुराना मानते हैं, जबकि कुछ इसे आठ हजार वर्ष पुराना मानते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय परियोजना डीप सी ड्रिलिंग के शोध के अनुसार सरस्वती नदी 2.3 करोड़ वर्ष पुरानी है। यह अध्ययन बताता है कि सरस्वती नदी गंगा-ब्रह्मापुत्र डेल्टा सिस्टम का हिस्सा रही है। सप्त सिंधु फाउंडेशन न्यास की ओर से आयोजित ऑनलाइन व्याख्यानमाला में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रिसर्च ऑन सारस्वती रिवर के निदेशक प्रो. एआर चौधरी ने 'सर्च फॉर द सरस्वती रिवर: हिस्टॉरिकल एंड प्रेजेंट पर्सपेक्टिव्स' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि पश्चिमी इतिहासकार सरस्वती नदी के अस्तित्व को नकारने के लिए सतही और निराधार तर्क देते हैं। उनका दावा है कि यह नदी केवल मिथ्या धारणा है, जो 5000 वर्ष पहले सूख गई, मगर वे यह सवाल नहीं उठाते कि अगर ऐसा था, तो हड़प्पा सभ्यता के समय यह नदी क्यों अस्तित्व में थी। प्रो. चौधरी ने कहा कि सरस्वती नदी के विलुप्त होने के पीछे ग्लेशियरों का सूखना, जलवायु परिवर्तन और सूखा पड़ना जैसे कारण हो सकते हैं। यदि ऐसा हुआ भी, तो उस समय उसके आसपास की नदियों का अस्तित्व कैसे बना रहा? यह एक बड़ा सवाल है, जो इतिहासकारों के तर्कों को खारिज करता है।

## सीयू के 135 से अधिक विद्यार्थियों ने पास की जेआरएफ, नेट और पीएचडी की परीक्षा



135 से अधिक विद्यार्थियों ने जेआरएफ, नेट और पीएचडी की परीक्षा उत्तीर्ण की।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 135 से अधिक विद्यार्थियों ने यूजीसी की ओर से जून 2025 में ली गई जेआरएफ, नेट और पीएचडी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसमें सबसे अधिक राजनीति विज्ञान विभाग के 22, विद्यार्थियों ने, समाजशास्त्र विभाग के 15, वाणिज्य विभाग के 14, अंग्रेजी विभाग के 13 विद्यार्थियों ने परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। इस बार 50 से अधिक छात्राओं और 52 छात्रों ने बाजी मारी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुनील कुमार और अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार सहित केंद्र के सभी संकाय सदस्यों ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## न्यूज ब्रीफ

### 8 और 9 अगस्त को सजेगा जुब्बल का रंगीन उत्सव

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला शिमला के उपमंडल जुब्बल के अंतर्गत राथल में दिनांक 8 और 9 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय राथल मेले की तैयारियों को लेकर आज उपमण्डल दंडाधिकारी जुब्बल गुरमीत नेगी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला स्तरीय राथल मेले के दौरान व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के विषय में विचार विमर्श हुआ। गुरमीत नेगी ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लोक निर्माण, पुलिस, जल शक्ति एवं विद्युत विभागों के अधिकारियों से चर्चा की और मेले के दौरान व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि राथल मेला शुराचली क्षेत्र में मनाया जाने वाला एक बड़ा मेला है जिसमें देवता बनाड़, देवता देशमालिया, और पवासी देवता भाग लेते हैं। बैठक में डीएसपी रोहड़ू प्रणव चौहान, खंड विकास अधिकारी जुब्बल करण सिंह, नायब तहसीलदार सरस्वतीनगर के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 30 स्वयंसेवियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

**दक्षमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय सीमा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से चलाए गए कमाल का कैंप अभियान का समापन समारोह 30 जुलाई को महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। यह अभियान 15 मई से 15 जून तक चला, जिसमें 30 एनएसएस स्वयंसेवियों ने भाग लेकर स्थानीय बच्चों को बुनियादी गणितीय कौशल सिखाने का सराहनीय कार्य किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. ललिता रावत मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहीं। 30 एनएसएस स्वयंसेवियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समारोह में डॉ. उमेश नारटा मुख्य सलाहकार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेंद्र, प्रो. संधिरा, प्रो. भूपेंद्र विशेष रूप से मौजूद रहे।

### अकेलापन युवाओं को नशे की ओर धकेल रहा : नेगी

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राजकीय महाविद्यालय चौपाल में नशे के प्रति जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविंद्र चौहान उपस्थित रहे। इस जागरूकता सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में अरविंद्र दिग्विजय नेगी (एसपी एन्टी नामीरिक्स टॉक्स फोर्स) उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि नशा वर्तमान की मुख्य समस्या है जिसका सबसे प्रमुख कारण युवाओं में होने वाला अवसाद एवं अकेलापन है। यह अवसाद युवाओं को नशे की तरफ धकेल रहा है, साथ ही साथ युवा अलग रहने लगता है और समाज से कटने लगता है। शिविर में प्राचार्य डॉ. रविंद्र चौहान ने कहा कि समाज का महत्व मनुष्य के जीवन में परमात्मा जैसा है, जो प्रत्येक बुरे एवं अच्छे कार्य के लिए सचेत करता है। महाविद्यालय की सहायक आचार्या मयंका शर्मा ने सभी का धन्यवाद प्रकट किया।

### पीरन में 50 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

**अनंत ज्ञान, शिमला।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ट्राइडें के सौजन्य से पीरन के आंगनबाड़ी केंद्र में मेडिकल ऑफिसर डॉ. ईशान के नेतृत्व में आयुष्मान आरोग्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए और जिनमें से 50 से अधिक लोगों ने शिविर में अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। डॉ. ईशान ने बताया कि शिविर में लोगों को रक्तचाप और डायबिटीज के लिए मुफ्त डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान की गईं। डॉ. ईशान तथा उनकी टीम ने उपस्थित लोगों को जीवनशैली सुधार और स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित किया।

### खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग में जीते दो कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हाल ही में शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्यूलिया के छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय बॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वाधान में किया गया, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के करीब 250 विद्यार्थी खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्कूल के शारीरिक अध्यापक सुखदेव राणा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्यूलिया के 12 छात्रों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में स्कूल के दो खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पद प्राप्त करके स्कूल व प्रदेश अपना नाम रोशन किया, जिसमें आदित्य शर्मा ने 33 किलोग्राम में और साहित्य ने 37 किलोग्राम में कांस्य पदक जीता। प्रधानाचार्य निशा शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## रोहित ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से की मुलाकात, कई अहम मांगें रखीं, कहा-

# प्रदेश में खुलें ज्यादा केंद्रीय विद्यालय

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राज्य में शिक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इन दौरान उन्होंने प्रदेश की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों और क्षेत्रीय असमानताओं को ध्यान में रखते हुए कई मांगें रखीं। इनमें नई शिक्षण संस्थानों की स्थापना, मौजूदा योजनाओं में सुधार और वित्तीय सहायता पैटर्न में बदलाव प्रमुख थे।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ बैठक में भाग लेते हुए।

रोहित ठाकुर ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से उत्तरी राज्यों के लिए हिमाचल में एक रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन स्थापित करने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राज्य की पहाड़ी और दूरस्थ क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए और अधिक केंद्रीय विद्यालय खोलने की आवश्यकता पर जोर दिया। उनका तर्क था कि इससे ग्रामीण और दूरदराज के छात्रों को आधुनिक एवं समग्र शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मिड-डे मील योजना में कार्यरत वर्करों और सहायकों के मानदेय में वृद्धि की मांग उठाई, यह बताते हुए कि हिमाचल वर्तमान में अपने फंड से इन्हें अतिरिक्त मानदेय दे रहा है।

उन्होंने स्कूली पोषण योजना के तहत अधिक बजटीय आवंटन पर भी जोर दिया, जिससे स्कूली बच्चों को बेहतर और पौष्टिक भोजन मिल सके और उनके पोषण स्तर में सुधार हो।

इसके साथ ही, शिक्षा मंत्री ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष हिमाचल के जनजातीय और आकांक्षी जिलों में छात्रों के लिए हॉस्टल स्थापित करने का मामला भी रखा।

### छात्रवृत्ति फंडिंग में बदलाव का प्रस्ताव

**रोहित** ठाकुर ने उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार के सचिव एवं यूजीसी के कार्यवाहक अध्यक्ष विनीत जोशी से विशेष मुलाकात की। उन्होंने राज्य में उच्च शिक्षा के विकास हेतु एक औपचारिक पत्र भी सौंपा, जिसमें ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में अधिक संख्या में कॉलेजों को मजबूत करने का आग्रह किया गया ताकि समावेशी और समान शिक्षा को बढ़ावा मिले।

### महत्वपूर्ण मांगों पर किया जाए विचार

**रोहित** ठाकुर ने अनुरोध किया कि केंद्र सरकार को 'रूसा, पीएम-उषा' योजना के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजना अनुमोदन बोर्ड बैठक में हिमाचल प्रदेश की दो महत्वपूर्ण मांगों पर विचार किया जाए। कम-से-कम 20 अतिरिक्त कॉलेजों को सशक्तिकरण घटक में शामिल कर अनुदान प्रदान करना, और लैंगिक समावेशन एवं समानता पहल घटक के अंतर्गत शिमला एवं मंडी जिलों को शामिल करना। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए केंद्र प्रायोजित पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के लिए वित्तीय सहायता के फंडिंग पैटर्न को वर्तमान के 60:40 (केंद्र-राज्य) से बदलकर हिमालयी राज्यों की तर्ज पर 90:10 करने का आग्रह किया, जिससे छात्रों को अधिक लाभ मिल सके।

# तकलेच में विकास कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**



**रामपुर बुशहर।** शिमला के उपायुक्त ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रामपुर उपमंडल की तकलेच ग्राम पंचायत में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने स्थानीय फील्ड अधिकारियों से सीधा संवाद कर मनरेगा, मुख्यमंत्री आवास योजना, बावड़ी जीर्णोद्धार, आपदा नुकसान और राजस्व मामलों की प्रगति का जायजा लिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को अपने दायित्वों के प्रति सजग रहने और आपसी समन्वय से कार्य करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि अधिकारियों के पास मूलभूत जानकारी का अभाव होगा, तो इसका सीधा खामियाजा आम नागरिकों को उठाना पड़ेगा।

## सेब बागवानों की समस्याओं को गंभीरता से ले सरकार : राकेश

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

हिमाचल प्रदेश में वन संरक्षण कानून 1980 के कारण सेब बागवानों को अपनी वन भूमि पर लगे पेड़ों को काटने के निर्देश से उत्पन्न समस्या पर अब सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। किसान-बागवान संगठन इसे राज्य के भूमि वितरण अधिकारों पर नाइंसाफी मानते हुए, इस मुद्दे पर राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन शुरू करने की तैयारी में हैं। सरकार ने किसानों को फसल की नीलामी के लिए समय देने का आश्वासन दिया है और सीएम ने स्पष्ट किया है कि सरकार पेड़ काटने के पक्ष में नहीं है।

किसान-बागवान नेता राकेश सिंघा ने चेतावनी दी है कि यदि केंद्र और राज्य सरकारें ठोस कदम नहीं उठाती हैं, तो संघर्ष जारी रहेगा।

# रोहड़ू थाने के एएसआई पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

रोहड़ू क्षेत्र के अढाल गांव के निवासी एवं 24 साल तक पुलिस विभाग में सेवाएं दे चुके पूर्व पुलिसकर्मी वीर सिंह ठाकुर ने थाना रोहड़ू में तैनात एएसआई अशोक कुमार के विरुद्ध गंभीर शिकायत दर्ज करवाई है।

उन्होंने मानसिक उत्पीड़न, नागरिक गरिमा को ठेस पहुंचाने व एफआईआर मामले में पीड़ित होते हुए भी डराने-धमकाने जैसे कृत्यों की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। शिकायत पत्र में उन्होंने बताया कि 2 जून से लेकर 9 जून 2025 के बीच उन्हें बार-बार बिना विधिक नोटिस के फोन व ऑडियो क्लिप के माध्यम से दबाव में लाया गया। उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। पीड़ित ने बताया है कि यह व्यवहार उनकी पूर्व शिकायतों को दबाने व प्रतिशोध की भावना से प्रेरित प्रतीत हो रहा है। वीर सिंह ठाकुर ने डीएसपी रोहड़ू को सौंपे शिकायत पत्र में पांच मुख्य मांगें रखी हैं।

उन्होंने कहा कि उनका मानसिक उत्पीड़न प्रमाणित हो जाए तो ऐसी सुरत में एएसआई के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्हें शिकायत पत्र मिला है। उन्होंने बताया कि वीर सिंह ठाकुर के एफआईआर वाले मामले की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है, उसमें किसी भी तरह की अनियमितता नहीं बरती जा रही है।

## अफसरशाही कर रही बिजली बोर्ड को डुबाने का काम : प्रशांत

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड इंप्लायज यूनियन के प्रदेश उप महामंत्री प्रशांत शर्मा का कहना है कि अफसरशाही मुख्यमंत्री को गुमराह कर बिजली बोर्ड को डूबाने का काम कर रही है। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड की संयुक्त एक्शन कमेटी 7 अगस्त को बोर्ड विरोधी व कर्मचारी विरोधी कार्यशैली के खिलाफ शिमला चलो आंदोलन का ऐलान कर चुकी है।

प्रशांत ने कहा कि 7 अगस्त को राज्य भर के बिजली विभाग के कर्मचारी और पेंशनर्स शिमला पहुंचेंगे और प्रदर्शन किया जाएगा। विभाग के कर्मचारियों को अब तक ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) का लाभ नहीं दिया गया है। जबकि प्रदेश के कई अन्य विभागों में ओपीएस बहाल कर दी गई है।

# रोजगार सृजन और सामाजिक सुरक्षा पर केंद्र सरकार का जोर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार के सवाल पर केंद्रीय श्रम और रोजगार राज्य मंत्री शोभा कारान्दलाजे ने सदन को बताया कि सरकार ने 1 जुलाई, 2025 को रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा देना, रोजगार क्षमता बढ़ाना और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिसमें विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र पर ध्यान दिया गया है।

हिमाचल प्रदेश सहित पूरे देश में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के जीवन स्तर और सामाजिक सुरक्षा में सुधार के लिए, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने 21 अक्टूबर, 2024 को ई-श्रम वन-स्टॉप सॉल्यूशन की शुरुआत की।

यह पोर्टल विभिन्न सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजनाओं को एक ही मंच पर एकीकृत करता है, जिससे ई-श्रम पर पंजीकृत असंगठित कामगारों को इन योजनाओं का लाभ उठाने और अब तक प्राप्त लाभों को देखने में आसानी होती है। इसके अतिरिक्त, ई-श्रम कार्ड धारकों को सामाजिक सुरक्षा, बीमा या कौशल विकास कार्यक्रमों तक पहुंच प्रदान करने के लिए 14 केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों की योजनाओं को ई-श्रम के साथ एकीकृत किया गया है।

## कर्मचारियों के लिए समान वेतन की मांग

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कर्मचारियों ने अधिकारों और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों की मांग को लेकर एक बड़ा आह्वान किया है।

इस दौरान सम्मेलन में सीटू के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा सहित कई मजदूर नेता और कर्मचारी शामिल हुए। सम्मेलन में यूनियन के नए पदाधिकारियों का भी चुनाव किया गया, जिसमें दलीप सिंह को अध्यक्ष, पंकज शर्मा को महासचिव, और धनेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया।

यूनियन नेताओं ने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों के अनुसार, एसटीपी और नेटवर्क के सभी मजदूरों को समान काम के लिए समान वेतन दिया जाए और नियमित किया जाए।

## पवन ठाकुर दूसरी बार बने जिला एमेच्योर खो-खो संघ के अध्यक्ष



चुनीलाल ठाकुर को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला एमेच्योर खो-खो एसोसिएशन बिलासपुर के चुनाव कोठीपुरा स्थित अंबेडकर भवन में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सतीश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुए। जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग बिलासपुर की ओर से संदीप कुमार (एथलेटिक्स कोच) तथा प्रदेश खो-खो संघ की ओर से नवनीत ठाकुर विशेष पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। संचालन रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट विकास की देखरेख में हुआ। पवन ठाकुर को सर्वसम्मति से एक बार फिर अध्यक्ष चुना गया है। चुनी लाल ठाकुर को महासचिव, विक्रम ठाकुर को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पवन ठाकुर ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खो-खो खेल को जिला स्तर पर मजबूती देने के लिए वह पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस अवसर पर सतपाल ठाकुर, सुभाष ठाकुर, रवि ठाकुर, मनोहर लाल, मनोज कुमार, रवींद्र, गोपाल गौतम, रमेश कुमार, मुनीश कुमार, विनय कुमार एवं मुकेश सहित कई अन्य सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री नयना देवी में उमड़ा आस्था का सैलाब

**अनंत ज्ञान, नयना देवी**

**श्री** नयना देवी धाम में चल रही श्रावण अष्टमी मेले में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पिछले चार दिनों से रुक-रुक कर तेज बारिश का दौर जारी है, लेकिन इसके बावजूद हर दिन लगभग एक लाख श्रद्धालु माता के दरबार में हाजिरी भरने पहुंच रहे हैं।

श्रद्धालु न केवल घंटों तक पंक्तियों में खड़े होकर दर्शन कर रहे हैं, बल्कि भीगते हुए अपने छोटे बच्चों और बुजुर्गों के साथ मंदिर तक पहुंच रहे हैं। यह श्रद्धा की वह मिसाल है, जो मौसम की हर चुनौती को मात दे रही है। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन और मंदिर न्यास द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। एसडीएम धर्मपाल, जो कि मंदिर न्यास के अध्यक्ष भी हैं, ने बताया कि बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से मंदिर में प्रवेश दिया जा रहा है। सभी मार्ग पूरी तरह से चालू हैं, और अब तक किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। मेला पूरी तरह से सुख-शांति और व्यवस्था के साथ चल रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए स्वास्थ्य, जल, विद्युत और सफाई व्यवस्था को लगातार बनाए रखा जा रहा है। स्वयंसेवक, पुलिस बल और मेडिकल टीमें भी लगातार तैनात हैं।

# घुमारवीं में मजदूरी के पैसे मांगे तो व्यक्ति ने कर दी परिवार की पिटाई

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**थाना** घुमारवीं के तहत एक गांव में शराब पीने के बाद मजदूरी के पैसे मांगने पर विवाद इतना बढ़ गया कि एक व्यक्ति ने मजदूर के बेटे और पत्नी के साथ मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित राजेश कुमार (42) ने थाना में दी शिकायत में बताया कि 27 जुलाई को वह दिहाड़ी का कार्य पूरा करने के बाद घर लौटा था। उसी समय गांव के ही एक व्यक्ति ने उसे शराब पीने के लिए बुलाया। दोनों ने साथ बैठकर शराब पी। राजेश के अनुसार, जब काफी समय बीत गया और उसने उस व्यक्ति से दिहाड़ी के पैसे मांगे, तो वह व्यक्ति बहाने बनाने लगा और बातों को टालता रहा। जब उसने जोर देकर पैसे मांगे, तो उसने गुस्से में आकर उसके बेटे और पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। राजेश की शिकायत पर घुमारवीं थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। डीएसपी चंद्रपाल सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

# स्वारघाट में 15 बिस्तरों का खुलेगा अत्याधुनिक नशा मुक्ति केंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला में नशा उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। स्वारघाट क्षेत्र में 15 बिस्तरों का एक आधुनिक नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किया जाएगा, जहां नशा पीड़ितों को उपचार, परामर्श, पुनर्वास और सामाजिक पुनर्स्थापन की समुचित सुविधाएं मिलेंगी। यह जानकारी उपायुक्त राहुल कुमार ने जिला स्तरीय नकॉर्ड समिति की बैठक में दी। केंद्र पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत संचालित होगा और इसमें डॉक्टर, मनोवैज्ञानिक, परामर्शदाता तथा प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती की जाएगी। केंद्र में आवासीय सुविधा, पौष्टिक भोजन, व्यायामशाला, योग केंद्र, खेलकूद आदि सुविधाएं उपलब्ध होंगी। एसपी संदीप धवल ने बताया कि वर्ष 2025 में नशीले पदार्थों की जब्ती में वृद्धि हुई है, जो चिंताजनक है। डीसी ने कहा कि यह केंद्र युवाओं और नागरिकों को समाज की मुख्यधारा में लौटाने का माध्यम बनेगा। इसके संचालन में स्थानीय समाजसेवी संगठनों और स्वास्थ्य विभाग की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि केंद्र में मरीजों के लिए आवासीय सुविधा, पौष्टिक भोजन, मनोरंजन कक्ष, पुस्तकालय, ध्यान व योग केंद्र, व्यायामशाला और खेलकूद जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

> नशा पीड़ितों को मिलेगा नया जीवन, उपचार से पुनर्वास तक मिलेंगी समुचित सुविधाएं

## घुमारवीं में आज लगेगा चिकित्सा शिविर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** रोटरी क्लब घुमारवीं द्वारा 1 अगस्त से 5 अगस्त तक रैन बसेरा घुमारवीं में निःशुल्क चिकित्सा एवं वाइब्रेशन थैरेपी शिविर लगाया जाएगा। जा रहा है। शिविर में रोजाना सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक और शाम 4 से रात 7 बजे तक मरीजों को निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जाएंगी। राजस्थान से आए चिकित्सकों की टीम घुटनों, गर्दन, कंधे के दर्द, सर्वाइकल, स्लिप डिस्क, साइटिका, पॉश्चर संबंधी समस्याओं व पुराने दर्दों का इलाज किया जाएगा। रोटरी क्लब घुमारवीं के प्रधान मनमोहन लाल भट्टी और सचिव रोटेरियन देवराज चंदेल ने बताया कि लोगों को मुफ्त व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों पर समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम गौरव चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्कूल प्रतिनिधि, पुलिस प्रशासन तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम ने बताया कि समारोह की शुरुआत 10:55 बजे महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगी, उसके बाद 11 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा। इसके बाद स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, जैसे देशभक्ति गीत, नृत्य और भाषण आयोजित होंगे। स्वतंत्रता सेनानियों, उनके परिजनों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। एसडीएम ने संबंधित विभागों को कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।

## लखाला में विभिन्न प्रजातियों के रोपे पौधे

**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के लखाला गांव में पर्यावरण संरक्षण के तहत एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सेवानिवृत्त केंद्रीय शिक्षक जोगिंदर पाल शर्मा और उनकी कार्यकर्ता टीम ने श्रमदान कर उल्लेखनीय योगदान दिया। टीम ने पौधरोपण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस पुनीत कार्य में जायका प्लांटेशन एरिया के प्रधान सुशील शर्मा, कार्यकर्ता आनंद शर्मा, उमेश, राजकुमार, पिंकू, राहुल, केशव, हर्ष कुमार और टिंकू ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। जोगिंदर पाल शर्मा ने मौके पर भूमि कटाव का निरीक्षण कर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।

## यूथ फेस्ट : तनिष्का और गौरव ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के राजकीय महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से यूथ फेस्ट 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पांच छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल और नोडल अधिकारी डॉ. सोनिया राठौर ने विजेताओं को बधाई दी। महिला वर्ग में तनिष्का बरार ने प्रथम और अंशुल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, पुरुष वर्ग में गौरव स्पर्श और मनीष ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार राशि के रूप में 5000, 2500 और 2000 रुपए प्रदान की जाएगी। इन छात्र-छात्राओं को राज्य स्तर पर शिमला में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

## प्रियंका ने प्रदेशभर में झटका चौथा स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर डिग्री कॉलेज की छात्रा प्रियंका ने बीए डिग्री प्रथम वर्ष की परीक्षा में प्रदेशभर में चौथा स्थान हासिल किया है। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने छात्रा व उनके परिजनों को भी बधाई दी और कहा कि इनके परिवार के साथ इनके गुरुजनों को भी इन पर गर्व है और वे इन छात्राओं की मेहनत और सच्ची लगन का ही परिणाम है कि आज समस्त जिले का नाम पूरे प्रदेश में छाया है। उन्होंने कहा कि आज बेटी को सम्मानित करते हुए बेहद खुशी हो रही है और हम सब इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## जाइका परियोजना से 41 किसान लाभान्वित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** खंड परियोजना प्रबंधक बिलासपुर डॉ. देवेंद्र सांख्यान ने बताया कि कृषि विभाग के तहत हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना जाइका (चरण-दो) के तहत 50.24 लाख रुपए की लागत से उठाऊ सिंचाई परियोजना कमलोटा का निर्माण कार्य चल रहा है। इस परियोजना से 11.84 हेक्टेयर भूमि पर 41 किसान परिवार लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य में सम्प वेल, मुख्य डिलीवरी टैंक, वितरण टैंक और रेगुलेशन चैंबर का कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत यह परियोजना रखरखाव के लिए लाभान्वित किसानों को सौंप दी जाएगी तथा किसान अपने स्तर पर ही परियोजना का कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगे। इस परियोजना का लक्ष्य आगामी फरवरी तक पूर्ण करना है। फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह परियोजना किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करेगी।

## बरसात में स्क्रब टायफस बचाव के लिए बरतें सावधानी : सीएमओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने बरसात में स्क्रब टायफस से बचाव को लेकर लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। यह रोग मानसून में संक्रमित चिगर के काटने से फैलता है, विशेषकर घास काटते समय या झाड़ियों में काम करते वक्त। सीएमओ ने कहा कि खेतों में काम करते समय पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, शरीर ढककर रखें, घर के आसपास झाड़ियां न बढ़ने दें, और घास काटने के बाद स्नान अवश्य करें।

जमीन पर सोने या हरी घास पर बैठने से भी बचें। जिले में गहन निगरानी और केस आधारित परीक्षण शुरू कर दिए गए हैं। सभी संदिग्ध मामलों की IgM ELISA जांच अनिवार्य की गई है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों को डॉक्सीसाइक्लिन व एजिथ्रोमाइसिन दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जन-जागरूकता के लिए पंचायतीराज संस्थाओं, आंगनवाड़ी व स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## कबड्डी एसोसिएशन ने जिला कार्यकारिणी का किया विस्तार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बिलासपुर जिला कबड्डी एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान सुनील शर्मा और महासचिव ओम प्रकाश वरिष्ठ ने एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। एसोसिएशन ने पूर्व जिला प्रधान दौलत राम ठाकुर को मुख्य सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपते हुए कई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की। 13 जुलाई को हुए चुनाव में सुनील शर्मा को प्रधान, ओम प्रकाश वसिष्ठ को महासचिव, और अन्य पदों पर विभिन्न कार्यकारिणी सदस्यों का चयन हुआ था। अब कार्यकारिणी में बरठीं के सुरेंद्र भवौरिया को वरिष्ठ उपप्रधान, कुठेड़ा के राकेश सोनी और जुखाला के बलदेव राज चौहान को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा, आयोजन सचिव की जिम्मेदारी घुमारवीं से बीएल धर्मानी को, जबकि चयन समिति में मेहरसिंह वर्मा को संयोजक नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में कई अन्य लोगों को भी विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई हैं, जिनमें विधि सलाहकार, संयुक्त सचिव और प्रेस सचिव शामिल हैं। प्रधान और महासचिव ने बताया कि कार्यकारिणी में हर व्यक्ति को उसकी क्षमता के आधार पर जिम्मेदारी दी गई है और जिला में कबड्डी की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के साथ मिलकर काम करेंगे।

> दौलत राम को सौंपा मुख्य सलाहकार का जिम्मा

## जायजा प्रदूषण नियंत्रण उपायों और स्किल डेवलपमेंट केंद्रों की ली जानकारी

# डीसी ने किया एसीसी बरमाणा सीमेंट प्लांट का निरीक्षण



उपायुक्त राहुल ने बरमाणा स्थित एसीसी सीमेंट प्लांट का निरीक्षण कर संचालित विभिन्न स्किल डेवलपमेंट केंद्रों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**उपायुक्त** राहुल कुमार ने वीरवार को बरमाणा स्थित एसीसी सीमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खनन क्षेत्र, प्रदूषण नियंत्रण संयंत्रों तथा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत संचालित विभिन्न स्किल डेवलपमेंट केंद्रों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। एसीसी प्रबंधन द्वारा युवाओं को ड्रोन तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री, रिटेल एसोसिएट्स तथा असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन जैसे विविध क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

प्रबंधन ने उपायुक्त को अवगत कराया कि बीते दो वर्षों में सैकड़ों युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है, जिनमें से लगभग 300 प्रशिक्षुओं को प्लेसमेंट भी उपलब्ध करवाया गया है। डीसी ने खनन क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगाए गए विभिन्न संयंत्रों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम के माध्यम से 7.5 मेगावॉट हरित ऊर्जा उत्पादन संयंत्र का भी निरीक्षण किया और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन की दिशा में एसीसी प्रबंधन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर की मैन्युफैक्चरिंग ऑफिसर नॉर्थ मुकेश सक्सेना, एचआर हेड पद्मनाभ शर्मा तथा सीएसआर हेड हितेंद्र कपूर भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जान जोखिम में डालकर किया नाला पार, वीडियो वायरल

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर के प्रसिद्ध बन्नी माता मंदिर से लौटते समय श्रद्धालु उस समय बड़ी मुसीबत में फंस गए जब अचानक बन्नी नाले का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। इस घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं को जान जोखिम में डालकर उफनते नाले को पार करते देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि श्रद्धालु काफी मशक्कत के बाद रस्सियों की मदद से एक-दूसरे को संभालते हुए आर-पार हो सके। इस दृश्य ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी इसी स्थान पर स्कूली बच्चों को पीठ पर उठाकर स्थानीय लोग नाला पार करवाते नजर आए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे बीते कई वर्षों से यहां पुल की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक न तो सरकार और न ही संबंधित विभाग ने इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया है। हर साल देश-विदेश से सैकड़ों श्रद्धालु इस धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं के अभाव में अपनी जान पर बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द इस स्थान पर स्थायी पुल का निर्माण नहीं हुआ, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सरकार और प्रशासन से मांग है कि श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र जरूरी कदम उठाए जाएं।

### लोक अदालत में किया मामलों का निपटारा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व विभाग के अंतर्गत प्रत्येक माह के अन्तिम दो कार्य दिवसों को सम्पूर्ण प्रदेश में 'राजस्व लोक अदालत' का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में जिला चम्बा की समस्त तहसीलों व उप-तहसीलों के अन्तर्गत पदस्थ सहायक समाहर्ता प्रथम व द्वितीय श्रेणी द्वारा दिनांक 30 व 31 जुलाई 2025 को विभिन्न पूर्व चयनित स्थानों पर विशेष शिविर आयोजित करके जिला में कुल 378 इन्तकालात, 2 तकसीम भूमि व 1 राजस्व प्रविष्टि के मामलों का निष्पादन किया गया। जिला चम्बा में जुलाई माह के दौरान कुल 837 इन्तकालात, 72 तकसीम भूमि, 98 निशानदेही व 38 राजस्व प्रविष्टियों के मामलों का निपटारा किया गया।

### सेब बागबान मंडियों में बिचौलियों के शिकार : शशि बाला



**दक्षमी रावत, रोहडू।** सेब व सड़क रोहडू विधानसभा क्षेत्र का आज मुख्य मुद्दा बन गया है। रोहडू में सेब और सड़क को लेकर लोग बुरी तरह से प्रभावित हो रहे है। लोगों की मांग सरकार की ओर से सुनी नहीं जा रही है। चांशल होटल रोहडू में पत्रकार वार्ता करते हुए भाजपा नेत्री शशि बाला ने बताया कि वर्तमान सरकार के चुनावों में सरकार बनने से पहले बागवानों को आश्वासन दिया था कि सेब का दाम बागवान स्वयं तय करेंगे। जबकि आज यह स्थिति है कि बागबान मंडियों में बिचौलियों का शिकार हो रहे है। जहां प्रदेश सरकार ने घोषणा की थी कि पूरे प्रदेश में इस बार सेब गढ के हिसाब से ही बिकेगा, लेकिन रोहडू फल मंडी में सेब अभी भी दर के हिसाब से ही बिक रहा है। जबकि प्रदेश की अन्य मंडियों में सेब गढ के हिसाब से बिक रहा है, जिससे बागवान अपनी करीब की मंडी को छोड़कर प्रदेश की अन्य मंडियों की ओर रुख कर रहे है। स्थानीय विधायक के लिए यह अच्छा होता कि वे पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के कार्यकाल के बाद निर्माणाधीन कार्यों को पूरा करते और उनका उद्घाटन करते। कन्या स्कूल रोहडू में साइंस ब्लॉक, जखनोटी स्कूल और मसली स्कूल का कार्य पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के कार्यकाल में शुरू हुआ था, जो आज भी अधूरा है, लेकिन विधायक इन दिनों एसडीएम कार्यालय के शुभारंभ में पहुंच रहे है, जो शुभारंभ नहीं बल्कि एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में शिफ्ट हुआ है। उसका फीता काट रहे है। जो उनको शोभा नहीं देता है।

### पक्का रास्ता बनने की राह ताक रहे वन-लुहाड़ी के लोग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत भाम्बला के वार्ड हवाणी के वन-लुहारडी गांव के 10 परिवार लिंक रोड से घर तक पक्का रास्ता ना होने काफी दिक्कतों का सामना कर रहे है। ग्रामीण तेज सिंह,सोनिका ठाकुर,निशा शर्मा, वैशाली वर्मा, पूजा ठाकुर, विमला देवी, निर्मला देवी, हेमा देवी, सुनीता देवी, ध्रुव ठाकुर, रेहान ठाकुर, रितिका, विधि चंद, किशोर चंद, कर्म चंद, शगुन ठाकुर, लीला देवी का कहना है कि इस रास्ते का निर्माण 20 वर्ष पहले हुआ था उसके बाद आज दिन तक इस रास्ते के रखरखाव पर कोई ध्यान नही दिया है जिससे अब इस रास्ते का नामोनिशान मिटने की कगार पर पहुंच चुका है। बरसात होने पर उनको अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, लेकिन उनकी समस्या का समाधान 20 वर्ष बीतने के बाद भी नहीं हो सका है। इस बारे एस.डी.एम. सरकाघाट स्वाति डोगरा ने कहा की रास्ते की निर्माण के लिए जल्द ही संबंधित विभाग को दिशा-निर्देश दिए जाएंगे और लोगों की समस्या का समाधान उनकी प्राथमिकता में रहेगा।

### युवा कांग्रेस रोहडू की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** ब्लाक युवा कांग्रेस रोहडू की बैठक युवा कांग्रेस अध्यक्ष अनूप ठाकुर की अध्यक्षता में सर्किट हाऊस रोहडू में संपन्न हुई। बैठक में विधायक मोहन लाल ब्राक्टा विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। विधायक ने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को आगामी पंचायती राज एवं नगर निकाय के चुनाव को लेकर कमर कसने के निर्देश दिए। उन्होंने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से रोहडू में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य करने के लिए भी कहा, सरकार की ओर से प्रदेश के विकास को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान विधायक ने लोगों की समस्याएं भी सुनी और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। आगामी होने जा रहे पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनाव को लेकर सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत झोंक दें।

### अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में शिक्षा विभाग जिला चंबा का स्टॉल बटोर रहा वाहवाही

# बच्चों की खूब करवाई जा रही दिमागी कसरत

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में समग्र शिक्षा के तहत शिक्षा विभाग जिला चंबा का स्टॉल इन दोनों बहुत वाह वाही लूट रहा है। इस स्टॉल पर सुबह से रात तक भीड़ जमी रहती है। स्टॉल की सबसे बड़ी खासियत यह है की इस स्टॉल पर हर उम्र के व्यक्ति के लिए दिमागी कसरत करवाने वाली गतिविधियां करवाई जा रही है। इन गतिविधियों को बच्चे, नोजवान व वृद्धजन सभी बहुत सराह रहे हैं।

इन गतिविधियों का एकमात्र उद्देश्य बच्चों में मोबाइल के प्रयोग पर अंकुश लगाकर इन गतिविधियों की ओर उनका ध्यान मोड़ना है। स्टॉल पर माइंड गेम, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, विज्ञान के प्रयोग बच्चों से करवाए जा रहे हैं। इन गतिविधियों में भागीदारी देने की सभी लोगों में होड़ लगी रहती है। स्टॉल पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरेही के छात्र पंकज की हस्त निर्मित पेंटिंग बहुत वाहवाही लूट रही हैं।

कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में शिक्षा ग्रहण कर रही बेटियों के द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को भी प्रदर्शनी में स्थान दिया गया है वह सभी लोगों के द्वारा उन्हें सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रहीं हैं। इस बार बरसात के मौसम में मंडी में आई आपदा हेतु अंशदान के लिए एक बॉक्स भी स्टॉल पर समग्र शिक्षा के द्वारा लगाया गया है। इसमें सभी दानी सज्जनों द्वारा आपदा प्रभावितों के लिए दिल खोलकर दान किया जा रहा है।

डाइट चंबा के मीडिया प्रभारी व इस स्टाल के प्रभारी डॉक्टर कविता बिजलवान इस स्टॉल पर लोगों की भागीदारी के लिए नित नई गतिविधियां लेकर के आती हैं। स्टॉल पर शाम लाल, गगन कुमार, रोहिणी शर्मा, भुवनेश्वरी कुमारी, हितेश कुमारी, मेघा अपनी ड्यूटी दे रहे हैं।



शिक्षा विभाग जिला चंबा के स्टॉल में गतिविधियों में हिस्सा लेते लोग।

### कुलदीप पठानिया सातवीं संध्या में होंगे मुख्यातिथि

**कुलदीप** सिंह पठानिया 2 अगस्त से 4 अगस्त तक चंबा जिले के प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया 1 अगस्त को देर सांय सिहुंता पहुंचेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 2 अगस्त को सिहुंता-चंबा मार्ग में आने वाले बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे तथा सांय 8 बजे मेले की सातवीं सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि होंगे। पठानिया 3 अगस्त को मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के साथ चंबा में अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के समापन समारोह में भाग लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 4 अगस्त को प्रातः चंबा से शिमला प्रस्थान करेंगे ।

### युवाओं के लिए सेना भर्ती स्टॉल स्थापित

**आर्मी** रिक्रूटिंग ऑफिस पालमपुर द्वारा चंबा अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेले में युवाओं के लिए सेना भर्ती से संबंधित एक स्टॉल लगाया गया है। यह स्टॉल 26 जुलाई से 03 अगस्त 2025 तक चलेगा। इस स्टॉल को स्थापित करने में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा का भी महत्वपूर्ण सहयोग है। यह जानकारी उपनिदेशक सैनिक कल्याण कार्यालय चंबा द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि इस स्टॉल के माध्यम से युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है, जिससे सेना में भर्ती होने के लिए वे अपने भविष्य की तैयारी को और बेहतर ढंग से कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह पहल युवाओं को सेना में सेवा करने के लिए प्रेरित करने और उनके करियर को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस पालमपुर और जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की यह संयुक्त पहल न युवाओं को अवसर प्रदान करेगी, बल्कि राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूकता और उत्साह को भी बढ़ाएगी।

## उमेश ठाकुर के लोकगीतों ने सांस्कृतिक संध्या में बांधा समां

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**



**चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 2025 की चौथी सांस्कृतिक संध्या एक यादगार शाम साबित हुई, जब मशहूर लोकगायक उमेश ठाकुर ने मंच पर आते ही अपनी दमदार प्रस्तुति से ऐसा जादू बिखेरा कि पूरा पंडाल तालियों और हूटिंग से गूंज उठा। शाम 7:30 बजे शुरू हुए उनके कार्यक्रम में दर्शकों की भीड़ लगातार बढ़ती रही और हर कोई उनके गीतों की सुरमयी लय पर झूमता नजर आया।

उमेश ठाकुर ने इस विशेष अवसर पर अपने स्वयं लिखित गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। 'जान सजणा', 'धारा मिलने आणा', 'बाबू रिड़कया', 'गैहरा', 'रंगाई दे रूमाल' और 'बेलुआ' जैसे गीतों ने दर्शकों को भावनाओं और उत्साह के अद्भुत संगम से भर दिया। उनकी गायकी में पहाड़ी धुनों की मिठास और चंबियाली संस्कृति की गहराई का सुंदर मेल दिखाई दिया। गीतों के शब्दों और संगीत में ऐसी आत्मीयता थी कि दर्शक खुद को नाचने-झूमने से रोक नहीं पाए।

उमेश ठाकुर केवल गायक ही नहीं, बल्कि एक सशक्त गीतकार और लोकधरोहर के संरक्षक भी हैं। वे स्वयं गीत लिखते हैं, उन्हें सुरों में ढालते हैं और फिर मंच पर अपनी दमदार प्रस्तुति से उन्हें जीवंत कर देते हैं। उन्होंने कहा कि उनका हमेशा यही प्रयास रहा है कि चंबा और हिमाचल की लोकसंस्कृति को संरक्षित कर नए आयामों तक पहुंचाया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों से जुड़ी रहें।

संध्या के दौरान दर्शकों ने उनकी प्रस्तुतियों को खड़े होकर सराहा और देर तक तालियों की गूंज से पूरा सभागार गूंजता रहा। मंच पर कलाकार और दर्शकों के बीच ऐसा अद्भुत संवाद बना, जिसने इस शाम को वास्तव में ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बना दिया। मिंजर महोत्सव की चौथी संध्या उमेश ठाकुर की गायकी और रचनात्मकता के नाम रही, जिसने एक बार फिर साबित कर दिया कि लोकसंगीत की शक्ति सीधे दिलों तक पहुंचती है।

## व्यक्ति ने सिर पर मोटरसाइकिल उठाकर पार किया लैंडस्लाइड

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा के चुराह उपमंडल के नकरोड़-चांजू मार्ग पर नरेड़ नाला के समीप सड़क पर भारी लैंड स्लाइड होने के चलते ने मोटरसाइकिल सवार ने मोटरसाइकिल सिर पर उठाकर सड़क पार कर ली।

यह मामला चुराह के नकरोड चांजू सड़क पर सामने आया है। यहां पर लैंडस्लाइड के चलते रास्ता बंद होने के कारण युवक ने मोटरसाइकिल को कंधे पर उठाया और सड़क पार की। यह मामला आज सुबह का है जब मोटरसाइकिल के चांजू से चंबा की तरफ आ रहा था। लैंडस्लाइड के चलते यह सड़क बंद है। गौरतलब है इस सड़क पर पिछले कई दिनों से जगह-जगह भारी लैंडस्लाइड हो रहा है। पिछले दिनों यहां पर बादल फटने के कारण एक नवनिर्मित पुल बह गया था।

बहरहाल रास्ता बंद होने के बाद युवक ने मोटरसाइकिल को कंधे पर उठाकर सड़क पार की जिसका किसी ने वीडियो भी बना लिया।



## पर्यावरण संरक्षण के लिए राजीव गांधी वन संवर्धन योजना महत्वपूर्ण : पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला मुख्यालय चंबा स्थित मुख्य अरण्यपाल वन वृत चंबा के वैठक कक्ष में वन विभाग से संबंधित कार्य प्रगति बारे एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उप मुख्य सचेतक हिमाचल प्रदेश केवल सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना के अतिरिक्त जिला चंबा में वन विभाग के दायित्वों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की कार्यप्रगति बारे विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई राजीव गांधी वन संवर्धन योजना राज्य में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्व रोजगार के दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



केवल सिंह पठानिया को सम्मानित करते हुए अधिकारी व अन्य।

बैठक में सर्वप्रथम वन विभाग के मुख्य अरनयपाल अभिलाष दामोदरन ने उप मुख्य सचेतक का स्वागत किया व हिमाचली परंपरा के अनुरूप उन्हें सम्मानित किया। अभिलाष दामोदरन ने पीपीटी के माध्यम से केवल सिंह पठानियों को राजीव गांधी वन संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री वन विकास योजना के अलावा वन विभाग से संबंधित अन्य योजनाओं की कार्य प्रगति बारे विस्तार से अवगत करवाया।

वन विभाग के मुख्य अरनयपाल ने बताया कि जिला चंबा में राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के अंतर्गत 3 करोड़ 4 लाख 80 हजार पर खर्च किए जा रहे हैं तथा 224 हेक्टयर भूमि पर पौधरोपण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला चंबा में 45 महिला मंडल व स्वयं सहायता समूह, 12 ग्रामीण वन प्रबंधन समितियां तथा 16 युवक मंडल वन विभाग के सहयोग से विभिन्न योजनाओं में कार्य कर रहे हैं। अभिलाष दामोदरन ने केवल सिंह पठानिया को अवगत करवाया कि जिला चंबा में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं । इससे पूर्व विश्राम गृह चंबा पहुंचने पर केवल सिंह पठानिया का जिला प्रशासन तथा वन विभाग के अधिकारियों ने स्वागत किया गया तथा नगर परिषद चंबा की ओर से वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी राखी कौशल ने उप मुख्य सचेतक व उनकी धर्मपत्नी को विधिवत सम्मानित किया।

## खाद्य पदार्थों पर न्यूनतम मूल्य के क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य :डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**



### मणिमहेश यात्रा को लेकर डीसी चंबा ने जारी किए आदेश

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने मणिमहेश यात्रा-2025 को स्वच्छ और प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। जिसके तहत, भरमौर से डल झील तक के यात्रा मार्ग को 01 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक प्लास्टिक नियंत्रित क्षेत्र घोषित किया गया है। जारी आदेशों का उद्देश्य पवित्र मणिमहेश यात्रा मार्ग को पर्यावरण के अनुकूल और कचरा मुक्त बनाना है।

जारी आदेशों के माध्यम से जानकारी देते हुए उपायुक्त चंबा ने बताया कि जिला प्रशासन चंबा ने रैपिड्यू टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और हीलिंग हिमालयस फाउंडेशन के साथ मिलकर दिनांक 18 जुलाई 2025 को एक त्रिपक्षीय समझौता किया है। इस समझौते के तहत, हिमाचल प्रदेश नॉन-बायोडिग्रेडेबल गारबेज (कंट्रोल) एक्ट, 1995 के प्रावधानों के अनुसार, भरमौर से डल झील तक के मार्ग पर सभी वाणिज्यिक संस्थानों, लघु संस्थानों, और असंगठित इकाइयों को पीईटी बोतलें, मल्टी लेयर्ड प्लास्टिक (एमएलपी), और टेट्रा पैक में पैक खाद्य पदार्थों पर न्यूनतम मूल्य (डिपॉजिट) के क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि रैसीकल और हीलिंग हिमालयस फाउंडेशन द्वारा थोक विक्रेताओं, वितरकों, दुकानों, होटलों, होमस्टे, और रेस्तरां मालिकों को क्यूआर कोड उपलब्ध कराए जाएंगे। यदि इस मार्ग पर बिना क्यूआर कोड वाली पीईटी बोतलें, एमएलपी, या टेट्रा पैक में पैक खाद्य पदार्थ बिक्री करते पाए गए, तो संबंधित संस्थानों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने यात्रियों की सुविधा के लिए, रिसाईकल और हीलिंग हिमालयस फाउंडेशन द्वारा भरमौर से डल झील तक डिपॉजिट रिफंड काउंटर स्थापित किए जाएंगे। यात्री इन काउंटरों पर क्यूआर कोड वाली बोतलें या रैपर जमा करवाकर अपनी डिपॉजिट राशि वापस प्राप्त कर सकेंगे।

## शिव महापुराण कथा का पांगी में शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, किलाड़ ( पांगी )**

पांगी घाटी के किलाड़ में मंगलवार से शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। काशी से पधारे अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त श्रीविद्या सिद्ध एवं ज्योतिष सम्राट पूज्य राघव ऋषिजी के मुखारविंद से यह दिव्य कथा आगामी 7 अगस्त तक प्रतिदिन किलाड़ के खेलकूद भवन में आयोजित की जा रही है।



### चंद्रभागा तट से कलश यात्रा ने बढ़ाई भक्ति की गरिमा

कथा का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और अध्यात्म के भावों से सराबोर रहा। प्रारंभिक दिन प्रात: 10 बजे, 51 श्रद्धालु महिलाएं चंद्रभागा नदी के पवित्र जल से भरे कलश सिर पर रखकर पौराणिक शिव मंदिर से भव्य शोभायात्रा के रूप में कथास्थल पहुंचीं। नगर भ्रमण के दौरान भक्तिरस में डूबी यह यात्रा अद्भुत आध्यात्मिक माहौल का सृजन करती रही। पूर्वाह्न 11 बजे पूज्य राघव ऋषिजी ने शिव महापुराण कथा का शुभारंभ करते हुए बताया कि यह ग्रंथ भगवान सदाशिव का वाड्मय स्वरूप है, जिसमें शिव के विविध दिव्य चरित्रों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। कथा की सात संहिताओं में कुल 24,000 श्लोक हैं। उन्होंने प्रथम दिवस देवराज और धुंधली का प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए कथा श्रवण की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एकाग्रचित्त होकर कथा श्रवण करने से ही इसका पूर्ण लाभ प्राप्त होता है। कथा का शुभारंभ पूज्य ऋषिजी के सुपुत्र सौरभ ऋषि द्वारा गणेश वंदना से हुआ। शुक्रवार को शिवलिंग के निराकार स्वरूप और उसके माहात्म्य पर होगी विशेष व्याख्या।

### सूडोकु नवताल- 7508

कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7507 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## मुचका गांव में लोगों के घरों पर मंडराने लगा खतरा

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

एनएचपीसी प्रभावित पंचायत राडी के गांव मुचका में लोगों के घरों पर मंडराने लगा खतरा स्थानीय लोगों ब्रह्मी सरनो राम देवी चंद सर्वो राम ओम राज रामशरण अमरूराम व्यास देव बोधराज इत्यादि लोगों का कहना है की एनएचपीसी चमेरा चरण 3 द्वारा 2011 में एक पावर प्रोजेक्ट का निर्माण धरवाला में करवाया गया जिसके लिए लाखों लीटर पानी जमीन के अंदर स्टोर किया गया जब उस ट्रबाइन को चालू किया गया तो उसका रिसाब गांव मौखर व गांव मुचका में होने लगा गांव मौखर को तो पानी के अभाव से जैसे तैसे खाली करवाया गया लेकिन गांव मुचका के प्रभावित नौ परिवार जो अपने हक की लड़ाई के लिए वर्षों से लड़ रहे हैं वर्ष 2022 में भू निरीक्षण की टीम भी यहां पहुंची थी।

उन्होंने अपनी रिपोर्ट में साफ कहा है कि प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए। उप जिला मजिस्ट्रेट ने भी इन प्रभावित नौ परिवारों को तुरंत यहां से किसी दूसरे सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की बात कही है। लोगों के घरों में दरारें पड़ चुकी हैं कुछ घर तो गिरने की कगार पर हैं बावजूद उसके भी एनएचपीसी चमेरा चरण 3 बार-बार हमें लटकाने का काम कर रही है। प्रभावित परिवारों ने कहा कि जल्दी यहां से किसी दूसरे सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया तो हक की लड़ाई के लिए सड़कों पर उतरेंगे और प्रदर्शन करेंगे। प्रभावित का कहना है कि हमारी बात को सरकार तक पहुंचाया जाए।



प्रभावित लोग समस्या को लेकर रोष जाहिर करते हुए।

**अनंत ज्ञान**

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृषभः** गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा।

**मिथुनः** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**कर्कः** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। कोशिश लाभ देगी।

**सिंह :** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कन्या :** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानियां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होंगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी।

**तुलाः** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोशिश लाभ देगी। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिकः** आवेश में आना आपके हित में नही होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**धनुः** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

**मकर :** कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग रहेगा।

**मीन :** दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा दूर हो जाएगी।

### आज का पंचांग

1 अगस्त, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (क्रोधी), **मास** : श्रावण, **तिथि** अष्टमी (आहोरात्र): **नक्षत्र** मघा (03:41), **पक्षः** शुक्ला, **योग** : शुभ (5:30) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (12:00-12:54), **राहुकाल** (10:30-12:00)।

### विशेष दिन

- 1 अगस्त : नयनादेवी का मेला आज।
- 1 अगस्त : राष्ट्रीय पेपर दिवस आज।

**बैठक** | सेवाओं की गुणवत्ता और अस्पताल प्रबंधन पर महत्वपूर्ण चर्चा

# किलाड़ अस्पताल का बजट प्रस्ताव तैयार

**अनंत ज्ञान, किलाड़**

नागरिक अस्पताल किलाड़ में रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन आवासीय आयुक्त पांगी रमन घरसंगी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और अस्पताल प्रबंधन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक के दौरान समिति को अवगत करवाया गया कि कार्यकारी समिति द्वारा 35,40,000 का बजट प्रस्ताव तैयार कर गवर्निंग बॉडी को अनुमोदन हेतु भेजा गया है। इसके अतिरिक्त, मरीजों से रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में 10 वसूलने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने यह स्पष्ट किया कि पांगी क्षेत्र में दैनिक ओपीडी की संख्या कम है और सभी दवाइयां तथा जांच निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती हैं। इस पृष्ठभूमि में शुल्क वसूलना उचित नहीं है। अत: समिति ने सर्वसम्मति से इस शुल्क को लागू न करने का निर्णय लिया।



बैठक के दौरान चर्चा करते हुए रमन घरसंगी और मौजूद अन्य सदस्य।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि नागरिक अस्पताल किलाड़ के नए भवन में तीन स्पेशल वार्ड उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, समिति ने एक सीरम इलेक्ट्रोलाइट एनालाइजर की खरीद को भी स्वीकृति प्रदान की। अस्पताल में उपलब्ध एम्बुलेंस व अन्य कार्यक्रम वाहनों की स्थिति तथा उनकी आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। वहीं, अस्पताल में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु सरकार से पत्राचार करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

बैठक में बीडीसी अध्यक्षा आशा किरण जी ने बताया कि हेल्थ सेंटर कुमार का भवन सर्दियों में क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसकी शीघ्र मरम्मत आवश्यक है। वहीं टीएसी सदस्य दौलत पंडित ने जानकारी दी कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साच का भवन अभी तक उपयोग में नहीं लाया गया है, जिसे शीघ्र क्रियाशील करने की आवश्यकता है।

बैठक में खंड विकास अधिकारी श्री योगेश वर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल, बीडीसी उपाध्यक्ष वांग टशी जी सहित अन्य उपस्थित रहे।

**कार्यालय कार्यकारी दण्डाधिकारी, (नायब तहसीलदार) उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि.प्र.)।**

किसम मुकदमा जन्म तिथि पंजीकरण
आगामी तारीख पेशी 02/08/2025
श्रीमति कमला देवी पुत्री श्री भाग सिंह वासी रोहलवीं डा. ठठवाणी उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि. प्र.)। प्रार्थी

**बनाम**
**आम जनता**
**नोटिस**

उपरोक्त अनवान वाला में आपको लिखा जाता है कि श्रीमति कमला देवी पुत्री श्री भाग सिंह वासी रोहलवीं डा. ठठवाणी उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि.प्र.) ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र दायर किया है। जिसमें प्रार्थी ने प्रार्थना की है कि इनका जन्म दिनांक 08/03/1962 को महाल रोहलवीं में हुआ है। परन्तु जन्म तिथि का इन्द्राज रजिस्टर जन्म/ मृत्यु में दर्ज नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत चमनेड़ में दर्ज नहीं हुआ है। अतः दर्ज किये जाने प्रार्थना की है।

अतः आम जनता को बजरिया मुश्त्री मुन्यादी/अखबार इस्तहार सूचित किया जाता है कि उक्त इन्द्राज वारे कोई उजर / एतराज है तो वह असालतन / वकालतन दिनांक 02/08/2025 को प्रातः 11:00 बजे हाजिर न्यायालय आकर उजर कर सकता है अन्यथा एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 02/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत्त द्वारा जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी, लम्बलू जिला हमीरपुर (हि.प्र.)।**

**महिलाओं** का सशक्तिकरण बहुत जरूरी है। कार्यबल में समान भागीदारी से सामाजिक और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा मिलता है। -द्रौपदी मुर्मू

## संपादकीय

# लॉटरी से कमाई

हिमाचल की वर्तमान कांग्रेस सरकार आए दिन अपनी आय के स्रोत बढ़ाने पर विशेष रूप से फोकस करती रहती है। इसी कड़ी में सुक्खू सरकार ने कैबिनेट बैठक में वर्षों से बंद पड़ी लॉटरी दोबारा शुरू करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। प्रदेश सरकार के इस फैसले से सरकार को 50 से लेकर 100 करोड़ रुपए की इनकम होने की उम्मीद है। हालांकि, सरकार की योजना का विपक्ष पुरजोर विरोध अवश्य करेगा, क्योंकि जयराम सरकार के समय में ही हिमाचल में लॉटरी पर बैन लगा था। अब वर्तमान सरकार ने इसे फिर शुरू करने का निर्णय लेकर एक प्रकार से नई बहस को जन्म दिया है। इसे एक ओर जहां आर्थिक संसाधन जुटाने का जरिया बताया जा रहा है तो वहीं, दूसरी ओर सामाजिक, नैतिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी आशंकाएं भी सामने आ रही हैं। कहना न होगा कि हिमाचल प्रदेश में सरकारी लॉटरी कई सालों तक एक प्रमुख राजस्व स्रोत रही। 1990 और 2000 के दशक में राज्य की आय में इसका महत्वपूर्ण योगदान था, परंतु समय के साथ यह व्यवसाय विवादों में घिर गया यानी फर्जी ड्रॉ, माफिया गठजोड़ और आम नागरिकों के आर्थिक शोषण की घटनाओं ने सरकार को विवश किया कि वह इसे प्रतिबंधित करे। जब बहुत ज्यादा शिकायतें आने लगी तब तत्कालीन सरकार ने इस पर पूरी तरह से रोक लगा दी।

अब सुक्खू सरकार ने इसे डिजिटल और पारदर्शी ढंग से फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके लिए सरकार ने एक समर्पित लॉटरी नियंत्रण बोर्ड की स्थापना की योजना बना रखी है, जो ड्रॉ के संचालन, पारदर्शिता और लाभार्थियों के हितों की निगरानी करेगी। प्रारंभिक चरण में दैनिक, साप्ताहिक और मासिक लॉटरी योजनाओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर संचालित किया जाएगा। अगर पड़ोसी राज्यों पंजाब, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में लॉटरी से होने वाली आय सालाना हजारों करोड़ में है तो हिमाचल भी इसका लाभ ले सकता है, खासकर तब जब राज्य आर्थिक संकट और कर्ज के बोझ से जूझ रहा है। अब जबकि सब कुछ ऑनलाइन हो रहा है, लॉटरी को भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाया जा सकता है। इससे पुराने समय की तरह फर्जीवाड़े, बिचौलियों और लॉटरी माफिया की गुंजाइश कम हो जाएगी। इस क्षेत्र में तकनीकी विशेषज्ञों, डिस्ट्रीब्यूटर्स, मार्केटिंग एजेंट्स, डाटा एनालिस्ट्स जैसे कई क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। शहरी युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में भी प्रेरणा मिलेगी।

अगर सरकार लॉटरी को पर्यटन से जोड़ने की कोशिश करे, तो यह राज्य की ब्रांडिंग को भी एक नया आयाम दे सकती है। वहीं, इसके कुछ संभावित नुकसान भी हो सकते हैं। लॉटरी को भले ही वैधानिक और सरकारी संरक्षण प्राप्त हो, पर मूलत: यह एक किस्म का जुआ ही माना जाता है। इससे समाज में जल्दी-जल्दी अमीर बनने की मानसिकता को बढ़ावा मिल सकता है, खासकर गरीब और निम्न आय वर्ग में। कम पढ़े-लिखे और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग इस भ्रम में फंस सकते हैं कि लॉटरी से उनकी किस्मत बदल जाएगी। लोग लालच में आकर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पैसा लगाने लगते हैं और फिर धीरे-धीरे कर्ज के दलदल में फंसते जाते हैं। लॉटरी हारने पर डिप्रेशन, आत्महत्या जैसे मामले भी कई बार सामने आते हैं।

हार का डर, नुकसान का तनाव और सामाजिक अपमान जैसी स्थितियां कई बार गंभीर मानसिक संकट को जन्म देती हैं। ऐसा में यह सवाल उठता है कि क्या सरकार को अपने नागरिकों से पैसा इस प्रकार वसूलना चाहिए जो मूलत: उनकी आशाओं के दोहन पर आधारित हो? क्या यह सरकार की वैकल्पिक राजस्व नीति की विफलता नहीं दर्शाता? भारत में लॉटरी को लॉटरी (विनियमन) अधिनियम 1998 के तहत नियंत्रित किया जाता है। राज्य सरकारें इसे अपने-अपने राज्यों में लागू या प्रतिबंधित कर सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे एक प्रकार का वैध व्यापार माना है, बशर्ते पारदर्शिता और नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। लॉटरी को पूरी तरह से खारिज करना या पूरी तरह से स्वीकार करना दो अलग-अलग दृष्टिकोण हैं। सरकार को बीच का रास्ता अपनाना होगा। केवल सीमित आयु वर्ग और प्रमाणित पहचान वाले लोगों को ही इसमें भाग लेने की अनुमति देनी चाहिए।

साथ ही प्रति व्यक्ति अधिकतम निवेश की सीमा तय होनी चाहिए। लाभार्थियों की सूची सार्वजनिक रूप से ऑनलाइन उपलब्ध कराई जानी चाहिए। लॉटरी से होने वाली आय का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसी योजनाओं में किया जाए, तो इससे सरकार की सकारात्मक सोच परिलक्षित होगी। बहरहाल, हिमाचल प्रदेश में लॉटरी की वापसी एक महत्वपूर्ण आर्थिक नीति परिवर्तन है। अगर इसे सही नीयत, सख्त नियमन और जनहितकारी दृष्टिकोण से लागू किया जाए, तो यह राज्य के लिए एक वैकल्पिक राजस्व स्रोत बन सकता है, परंतु इसके सामाजिक और नैतिक दुष्परिणामों को नजरंदाज करना भारी भूल होगी। सरकार को चाहिए कि वह इससे जुड़ी आशंकाओं को दूर करते हुए एक जिम्मेदार और संवेदनशील व्यवस्था खड़ी करे। ■


## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# फिल्म जगत की मशहूर अभिनेत्री

**मीना** कुमारी फिल्म जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री थीं। इनका पूरा नाम महजबीं बानो था। मीना कुमारी अपनी दर्दभरी आवाज और भावनात्मक अभिनय के लिए दर्शकों के बीच बहुत प्रसिद्ध रही हैं। उनकी 'साहिब बीबी और गुलाम', पाकीज़ा%, 'परिणीता', 'बहू बेगम' और 'मेरे अपने' दिल को छू लेने वाली कलात्मक फिल्में हैं। उनके पिता का नाम अली बख़्श था और माता इकबाल बेगम थीं। जब उनका जन्म हुआ, तब पिता अली बख्श के पास डॉक्टर को देने के पैसे नहीं थे। हालत यह थी कि दोनों ने तय किया कि बच्ची को किसी अनाथालय के बाहर सीढ़ियों पर छोड़ दिया जाए और छोड़ भी दिया गया, लेकिन, पिता का मन नहीं माना और वह पलट कर भागे और बच्ची को गोद में उठाकर घर ले आए। किसी तरह मुश्किल भरे हालातों से लड़ते हुए उन्होंने उसकी परवरिश की। मीना के पिता एक पारसी थियेटर में काम किया करते थे और माता एक नर्तकी थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब रहने के कारण मीना कुमारी को बचपन में ही स्कूल छोड़ पडा था। 24 मई, 1952 को मीना कुमारी ने कमाल अमरोही से शादी कर ली। ■



मीना कुमारी
जन्म : 1 अगस्त 1932
मृत्यु : 31 मार्च 1972



कविता

## मिंजरा रा मेला लगोरा हो

चंचल कुमार सरोलवी, सरोल, चंबा (हि.प्र.)

*चंबे दे सैहरा जो चल मेरे मित्तरा, मिंजरा दा मेला लगोरा हो।*
*चंबे दी मिंजरा, खुसी दा नजारा, भैणां ते भाऊआं दे पियार दा सहारा।*
*दिखणा नजारा ता चल मेरे मित्तरा, मिंजरा दा मेला लगोरा हो।*
*मिंजरा दे मेले दा, जुलूस बड़ा पियारा, नेड़े का दिखणा ता औंदा नजारा।*
*दिखणा नजारा ता चल मेरे मित्तरा, मिंजरा दा मेला लगोरा हो।*
*किणी-किणी पोंदी, झड़ी दी फुहारां, झुल्ले जे झुल्लदी, बांकियां नारा।*
*दिखणा नजारा ता चल मेरे मित्तरा, मिंजरा दा मेला लगोरा हो।*
*चंबे चुगाना नुमाइसा जे लगदी, हेरी-हेरी चीजा हाखी नी रज्जदी।*
*दिखणा नजारा ता चल मेरे मित्तरा, मिंजरा दा मेला लगोरा हो।*
*खेल तमाशे ते, रोणका लगदी, बांकियां-बांकियां नारा जे नच्चदी।*
*दिखणा नजारा ता चल मेरे मित्तरा, मिंजरा दा मेला लगोरा हो।*
*चंबे दी मिंजरा, कुल्लू दा दुसैरा, पूरे हिमाचले दी सान दा नजारा।*
*दिखणा नजारा ता चल मेरे मित्तरा, मिंजरा दा मेला लगोरा हो।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# वृद्धावस्था में औलाद के सहारे को तरसते बुजुर्ग

यूं तो प्रतिदिन प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मध्यम से सुर्खियों में पढ़ने और सुनने को मिलता है कि फलां-फलां और अमुक इलाके में बेटे बुजुर्ग मां-बाप बेरहमी से पिटाई कर दी। यह सुनकर व पढ़कर मन बहुत ही द्रवित और व्यवथित हो जाता है। यही नहीं, कई मर्तबा ऐसे गंभीर मामले भी प्रकाश में आते हैं कि बहु और बेटे ने मिलकर मां-बाप को पीटा और उनके साथ आए दिन अमानवीय और जघन्य अत्याचार कर रहे हैं, आए-दिन ऐसी दर्दनाक और दिल को झकझोर देने वाली ऐसी घटनाओं से मन पिशाच जाता है।



तुलसी राम डोगरा
पालमपुर

ऐसे कृत्यों की जितनी से जितनी निंदा और भर्त्सना की जाए, शायद कम होगी। आज सवाल यह उठता है कि जिन बुजुर्गों ने अपनी औलाद के भविष्य को संवारना के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर, जो स्वप्न और उम्मीदों का दर्पण देखा था कि आने वाले समय में यह हमारी वृद्धावस्था में बैसाखी का सहारा बनेंगे, लेकिन आज ऐसे वृद्धजन इस उम्र के पड़ाव पर पहुंचने के उपरांत आए दिन इनकी दी जारी मानसिक-शारीरिक जघन्य यातनाओं का शिकार होने पर विवश हो गए हैं। बच्चों को अच्छी शिक्षा व सुख-सुविधाएं देने के लिए अपनी सारी पूंजी-संपत्ति औलाद की परवरिश के लिए लगाई, वही औलाद आज अपने मां-बाप का तिरस्कार करने में उतारु है। औलाद की आए दिन या तो वृद्धजन वृद्ध आश्रम में शरण ले रहे हैं अथवा अन्य किसी होम शेल्टर या सड़कों की खाक छानने में मजबूर होना पड़ता है। हम कई सदियों से यह कहते नहीं थकते हैं कि हमारा देश अपनी, संस्कृति-सभ्यता और परंपराओं के मूल्यों को बनाए रखने के लिए विश्व में एक अलग स्थान रखता है।

क्या हमारे देश के आज यही मूल्य रह गए? क्या आज हमारी भावी पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति की ओर अग्रेषित हो रही है या वे अपनी संस्कृति-सभ्यता के मूल्यों से विमुख होते जा रहे हैं। जो मां-बाप इस आशा के स्वप्न लेकर चल रहे थे कि आने वाले समय में बुढ़ापे में उनकी औलाद उनकी लाठी का सहारा बनेगी, वही लाठी उनपर लाठीचार्ज कर रही है। वर्तमान समय में यह प्रश्न यक्ष की तरह खड़ा हुआ है। जिस मां ने अपने बेटे-बेटी को नौ महीने अपनी कोख में रखा और प्रसव के दौरान असहनीय पीड़ा व वेदना को सहन किया, कई वर्षों तक उसका पालन पोषण किया। खुद गिले में सोई अपने बच्चे को सूखे में सुलाती रहीं और यही नहीं, अपने सुख-दुख की परवाह न करते हुए मां अपनी दूध की धारा से औलाद को पोषित करती रही। ममता की छांव में उसका लाडला कब बड़ा हो गया, उसे पता ही नहीं चला। प्रतीत होता है कि वर्तमान समय में रिश्तों में संवेदनहीनता बढ़ती जा रही है।



आज परिवार टूटने की कगार पर पहुंच रहे हैं। आज बुजुर्गों के साथ अमर्यादित भाषा व आचरण कर घोर न्याय हो रहा है। कहा जाता है कि जीवन की संध्या में जब शरीर थकने लगता है, तो सहारे की बहुत आवश्यकता होती है, लेकिन अधिकांश बुजुर्ग अपनी वृद्धावस्था के इस पायदान में अपने ही घर में अपने ही घर में अपमान और तिरस्कार का सामना करना पड़ता है। देश की राजधानी में कुछ वर्ष पूर्व करीब 30 प्रतिशत से अधिक बुजुर्ग ऐसे थे, जिन्हें अपने ही परिवार वालों की उपेक्षा का शिकार बनना पड़ रहा था। कई मां-बाप स्वयं की आमदनी का साधन न होने के कारण तिल-तिल मर कर अपनी रोजमर्रा की दिनचर्या को काटने में भी विवश हैं। आज के इस युग में बेटा-बहु संतान की प्राप्ति के लिए मन्नत के मध्यम से जम्मू और अन्य धार्मिक स्थानों पर देवी-देवताओं के दर्शन और आशीर्वाद के लिए हजारों रुपए तो खर्च कर सकता है, लेकिन जिसने उसे जन्म दिया, उसके लिए कपड़े, दो वक्त की रोटी व सुकून भरे लम्हे देने से आंख फेर लेता है। यह कैसी मन्नत है, देवी-देवताओं के दरबार में? क्या गारंटी है कि उनकी मन्नत को देवी-देवता स्वीकार कर लेंगे और क्या गारंटी है कि जो व्यवहार वे अपने मां-बाप के साथ कर रहे हैं, आने वाली संतान उनके साथ नहीं करेगी? मां-बाप ऐसे भी हैं, जिनकी स्वयं की आमदनी का कोई साधन न होने के कारण ऐसे में ये वृद्ध अपनी औलाद पर ही आश्रित हैं, लेकिन कुछ बेटे-बहु उनके साथ बुरा व्यवहार करते हैं तथा ऐसी घटनाओं में इजाफा होता जा रहा है। कई वृद्ध बदनामी के डर से घर के मामलों को सड़कों पर नहीं लाते हैं और बेबसी व अपमान का घूंट पीकर रहे जाते हैं। शायद ही कोई विरला होगा, जो उनके दर्द को समझ सके।

आज हर पांच में से एक बुजुर्ग महिला अथवा पुरुष अपने पार्टनर की मृत्यु के पश्चात जीवन के अकेलेपन से गुजर रहा है। बुढ़ापे में तन-मन दोनों से व्यक्ति अस्वस्थ हो जाता है। एक अनुमान के अनुसार ऐसे आंकड़े शहरी क्षेत्रों में 64 फीसदी बुजुर्ग महिलाएं और 46 फीसदी वृद्ध पुरुष अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए दूसरों पर आश्रित हैं। जब हमारे देश में संयुक्त परिवार प्रणाली प्रचलित थी, तब अगर कोई घर में कोई बुजुर्ग बीमार पड़ जाता था, तो परिवार के सभी सदस्य बारी-बारी से उसकी देखभाल करते थे, लेकिन आज के बदलते परिवेश में संयुक्त परिवारों का चलन लगातार टूट रहा है। बढ़ती जनसंख्या और आधुनिक युग की चकाचौंध की दौड़ में हम वर्तमान समय में अपने खून के रिश्तों को तार-तार करने में लगे हुए हैं। यही वजह है कि अब अपनों के जुल्मों के कारण यह वृद्धजन अपने आखिरी पड़ाव में पहुंच कर अपना एकाकी जीवन जीने की तलाश में रहते हैं। वर्तमान युग पाश्चात्य संस्कृति और सभ्यता में सिमटती जा रही हैं, क्योंकि वर्तमान युग पाश्चात्य संस्कृति की चकाचौंध में मानवीय रिश्तों का ग्राफ निरंतर गिरता जा रहा है और मानवीय संवेदनाए खत्म खत्म हो रही हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिया गया यह निर्णय वास्तव में जिंदगी के आखिरी दौर से गुजर रहे बुजुर्गों के हितों के संरक्षण सराहनीय ही नहीं, बल्कि प्रशंसनीय भी है। इसकी सर्वत्र प्रशंसा होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट इसके लिए बधाई का पात्र है। अपने हक के लिए बुजुर्गों को इस निर्णय के प्रति सचेत हो जाना चाहिए यानी जागो-जागो वृद्धजनों अपने के प्रति सजग रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में भाग्य ने भी नहीं दिया विपक्ष का साथ

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन से ही विपक्ष जहां पहलगाम हमले एवं ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग पर शोर शराबा कर रहा था, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद सत्र के शुरुआत में ही प्रेस को संबोधित करते हुए, इस सत्र को भारत के विजयोत्सव का सत्र बताकर अपने इरादे स्पष्ट कर चुके थे कि भारत का ऑपरेशन सिंदूर सफल एवं कामयाब रहा है। वहीं विपक्ष का यह प्रयास था कि अचानक संघर्ष विराम एवं पहलगाम हमले के दोषियों को न पकड़े जाने एवं सुरक्षा में चूक पर सत्ता पक्ष को घेरा जाए।



अजय श्याम
स्वतंत्र लेखक

बहरहाल, जहां विपक्ष संसद की कार्रवाई में अनवरत बाधा पैदा कर संसद में चर्चा करवाने की दिशा में आगे जरूर बढ़ा, परंतु इस चर्चा से उसके हाथ कुछ भी नहीं लगा। विपक्ष के पास पहलगाम एवं ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दो प्रमुख मुद्दे सत्ता पक्ष को घेरने के लिए अचूक अस्त्र लग रहे थे, जिसमें पहलगाम के दोषियों को न पकड़ा जाना एवं पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई को अमेरिकी दखल के बाद रोका जाना प्रमुख था, परंतु कहते हैं कि भाग्य भी बहादुरों का साथ देता है एक तरफ जहां संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू हुई, वहीं दूसरी ओर भारतीय सुरक्षा बलों एवं सेना के संयुक्त अभियान ऑपरेशन महादेव में पहलगाम हमले के दोषियों को मौत के घाट उतार दिया गया, जिससे विपक्ष के हाथ से ऐन वक्त पर वो मुद्दा जिसे वो भुनाना चाहता था भी हाथ से निकल गया।

वहीं ऑपरेशन सिंदूर पर विपक्ष का नजरिया पहले से ही पूर्वाग्रही रहा है। एक ओर देश जहां भारत के सैन्यबलों खासकर हवाई सुरक्षा प्रणाली एवं ब्रह्मोस जैसी मिसाइलों के अचूक निशाने एवं पाकिस्तान में आतंकी अड्डों के तबाह होने से प्रफुल्लित है, वहीं भारतीय विपक्ष इस सफलता में देश की सफलता न देखकर सरकार की सफलता देखने की भूल करता रहा है, एवं यह प्रयास करता है कि किसी तरह इस ऑपरेशन की सफलता को कमतर किया जाए। विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा एवं गौरव के मुद्दों पर यह भूल पहले भी करता आया है, एवं वो यह भूल जाता है कि भारतीय जनता पार्टी से लड़ते-लड़ते वो भारत से लड़ना शुरू कर देता है, जिसका उसे नुकसान ही हुआ है।



कमोबेश ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष का स्टैंड कहीं न कहीं पाकिस्तान के स्टैंड जैसा ही दिखता है, जिससे आम जनमानस की नजरों में विपक्ष की छवि को नुकसान ही होता है। चर्चा आरंभ होने के साथ ही कांग्रेस नेता पी चिदंबरम की यह टिप्पणी भी संसद के अंदर विपक्ष की धार को कुंद कर गई, जिसमें उन्होंने आतंकवादियों के पाकिस्तानी होने पर संशय व्यक्त किया।

वहीं विपक्ष द्वारा अक्सर चर्चा में शामिल होते रहे शशि थरूर, मनीष तिवारी सरीखे नेताओं को इस चर्चा में नामित न किए जाने का नुकसान भी कांग्रेस को ही हुआ, क्योंकि देश की जनता यह बखूबी जानती है कि कांग्रेस प्रतिभाशाली एवं मुक्त चिंतन करने वाले नेताओं से किनारा ही करती रही है, यदि यह चिंतन गांधी परिवार की लाइन से हटकर हो तो। वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले द्वारा प्रधानमंत्री के बड़ेपन की तारीफ करना भी कहीं न कहीं विपक्ष को कमजोर ही कर गया। वहीं सत्ता पक्ष की ओर से प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर एवं अनुराग ठाकुर सरीखे नेताओं ने तर्क एवं आक्रामक रुख से विपक्ष के मंसूबे बेनकाब कर दिए, वहीं राज्यसभा में नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा ने भी चर्चा का जोरदार प्रत्युतर दिया। कुल मिलाकर ऑपरेशन सिंदूर एवं पहलगाम पर चर्चा में सरकार का पक्ष प्रभावी रहा एवं विपक्ष फिर से अपनी अस्पष्ट एवं लचर रणनीति से इस मंथन से कुछ प्राप्त कर पाने में कामयाब नहीं हो सका। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में यही है कि पलड़ा केवल उसी पक्ष का भारी रहना चाहिए, जो सेना एवं सुरक्षाबलों के मनोबल को बढ़ाए एवं देश हित में निर्णय ले, क्योंकि राजनीति देश से बड़ी नहीं है देश सबसे पहले है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भारत** का हर बेरोजगार रोजगार का हकदार है, लेकिन रोजगार की जवाबदेही का दस्तूर कैसे बुलंद होगा। हमारे पास क्षमता से कहीं अधिक विभिन्न कालेज हैं, लेकिन राज्य के रोजगार में उनकी भूमिका क्या है। विडंबना यह है कि हमारी भागदौड़ ने शिक्षा के उद्धार को सियासी रेहड़ी बना दिया। अब वक्त वास्तविकता को परखने और बेहतर बनाने का है, तो शिक्षा से रोजगार तक सुधार की गुंजाइश को पूरा करना होगा। लिहाजा रोजगार की तुकबंदी में किए गए प्रयोग, आज भी अधूरे हैं। अब रोजगार का आइडिया कितना सफल-कितना निष्पक्ष होगा, इसको लेकर सियासत हो रही। अब सरकार को सोचना होगा कि हम बेरोजगारों के लिए कितना सही कर रहे हैं, क्या अगली पारी में बेरोजगार युवा सरकार के साथ होंगे, आज प्रश्न यह उत्पन्न हुआ है? सरकारों को शिक्षा में ऐसे प्रावधान करने होंगे, जिससे विद्यार्थी को शिक्षा के उपरांत, तुरंत रोजगाार मिल पाए। **महेश चंद, धर्मशाला**

# बैग-फ्री शनिवार: हिमाचल के स्कूलों में बोली, बचपन और बदलाव

शिक्षा सिर्फ ज्ञान का संचय नहीं होती, वह अनुभवों, रिश्तों और सांस्कृतिक पहचान का समावेश भी है। जब बच्चे कक्षा में सिर्फ पाठ्यपुस्तकों से बंधे होते हैं, तो उनका मन और कल्पना अक्सर वहीं तक सीमित रह जाती है, लेकिन जब उन्हें बोलने, सुनने, रचने, खेलने और अपनी भाषा में व्यक्त होने का अवसर मिलता है, तब शिक्षा जीवंत हो जाती है वह किताबों से उतरकर जीवन का हिस्सा बन जाती है। हिमाचल प्रदेश की नई पहल, 'बैग-फ्री शनिवार, इसी जीवंत शिक्षा की ओर एक सशक्त कदम है। प्रदेश सरकार द्वारा घोषित यह अभिनव निर्णय कि हर महीने के अंतिम शनिवार को स्कूलों में बच्चे बिना बस्ते के आएंगे और औपचारिक पढ़ाई के स्थान पर विविध रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेंगे, केवल एक व्यवस्थागत बदलाव नहीं है, बल्कि यह शिक्षा के दर्शन में एक ताजा हस्तक्षेप है।



हितेंद्र शर्मा
कुमारसैन, शिमला

यह निर्णय एक तरफ बच्चों को पाठ्यक्रम के दबाव से कुछ क्षणों की मुक्ति देता है तो दूसरी तरफ उन्हें अपनी पहचान, बोली और संस्कृति से जोड़ने की गंभीर कोशिश भी करता है। यह सोचना कितना सुकूनदायक है कि अब कांगड़ा में बच्चा कांगड़ी में लोककथा सुनाएगा, मंडी में मंडयाली गीत गाएगा, चंबा में चंबयाली में संवाद करेगा और वह सब विद्यालय के परिसर में, शिक्षक की सहभागिता के साथ, विधिवत रूप से। यह एक मौलिक स्वीकार है कि शिक्षा तब तक अधूरी रहती है जब तक वह मातृभाषा और स्थानीय सांस्कृतिक संदर्भों से संवाद नहीं करती। वर्षों से हमारी शिक्षा प्रणाली में बच्चे की भाषा और स्कूल की भाषा के बीच, घर की संस्कृति और पाठ्यक्रम की संस्कृति के बीच एक दूरी रही है। 'बैग-फ्री शनिवार' उस दूरी को पाटने का एक प्रयास है। वह शिक्षा को केवल किताबों की जगह जीवन से जोड़ने की पहल है। बच्चों को इस दिन लोकगीत, नाटक, किस्से-कहानियां, पहेलियां, पारंपरिक खेल, चित्रकला, रंगोली, कविता लेखन, पोस्टर निर्माण जैसे अनुभवात्मक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

यह आयोजन उन्हें स्वयं को अभिव्यक्त करने की स्वतंत्रता देगा, जो एक ओर आत्मविश्वास का संचार करेगा, तो दूसरी ओर संवाद कौशल, टीमवर्क और रचनात्मकता जैसे गुणों को विकसित करेगा। शिक्षण की यह प्रक्रिया मूल्यांकन से अधिक आत्मबोध पर केंद्रित होगी, जहां बच्चा खुद को 'सुन' सकेगा, खुद को 'बोल' सकेगा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के अनुसार यह दिन शिक्षक और छात्र के बीच औपचारिकता की दीवारों को हटाकर संवाद और आत्मीयता का पुल बनाएगा। वास्तव में, जब शिक्षक बच्चों के साथ बैठकर मंडयाली में कहानी सुनता है या चंबयाली में पहेलियां पूछता है, तब वह केवल ज्ञान नहीं बांट रहा होता, वह बच्चे के साथ एक साझा अनुभव जी रहा होता है। यह परिवर्तन शिक्षक की भूमिका को 'प्रेषक' से 'सहयोगी' की ओर मोड़ता है जहां वह साथ में सीखने, रचने और जुड़ने वाला बन जाता है।



इस निर्णय के पीछे जो दृष्टि है, वह केवल नई शिक्षा नीति 2020 का अनुपालन के साथ हिमाचल की मिट्टी, उसकी बोली, उसकी लोक-संस्कृति और उसकी शैक्षिक चेतना का समन्वय है। यह वह दृष्टि है जो कहती है कि जब बच्चा अपनी भाषा में बोलता है, तो वह केवल शब्द नहीं कहता, वह अपने आप को पुन: जानता है। भाषा संप्रेषण का साधन भर नहीं, वह स्मृति, संवेदना और समाज से संबंध का माध्यम होती है। जब कोई बच्चा अपनी मातृभाषा में गीत गाता है या कोई लोक कथा सुनाता है, वह अपने पूर्वजों की विरासत से जुड़ता है, अपने गांव की हवा, रंग, स्वाद और स्वभाव से जुड़ता है। यही जुड़ाव उसे न केवल बेहतर विद्यार्थी बनाता है, बल्कि बेहतर नागरिक भी बनाता है।

इस पहल की उपयोगिता विशेष रूप से उन क्षेत्रों में और भी बढ़ जाती है, जहां बच्चे घर में अपनी स्थानीय बोली में बात करते हैं, लेकिन स्कूल में उन्हें 'शुद्ध हिंदी' या पुस्तक-केंद्रित भाषा में संवाद करना होता है। यह भाषायी असमानता बच्चों के आत्म-विश्वास पर असर डालती है और शिक्षा को एक बाहरी, कठिन और कभी-कभी बोझिल प्रक्रिया बना देती है। बैग-फ्री शनिवार इस विभाजन को मिटाने का अवसर है, जहां घर और स्कूल के बीच संवाद सेतु बनता है, विरोध नहीं, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि इस पहल की सफलता केवल नीति से नहीं, भागीदारी से तय होगी।

यदि शिक्षक इसे सिर्फ एक और 'कार्यदिवस' मानें, यदि अभिभावक इसे 'छुट्टी' समझें और यदि समाज इसे सिर्फ एक शोभा-यात्रा तक सीमित कर दे, तो यह बीज कभी अंकुरित नहीं होगा। इसे एक आंदोलन बनाने के लिए जरूरी है कि शिक्षकों को प्रशिक्षण मिले, अभिभावकों को समझाया जाए, बच्चों को प्रेरणा दी जाए और नीति-निर्माता इसकी निरंतर निगरानी करें। 'बैग-फ्री शनिवार' दरअसल शिक्षा में एक विराम की तरह है ऐसा विराम जो केवल थकान से मुक्ति नहीं देता, बल्कि विचार की दिशा बदलता है। यह दिन उस संभावना की ओर इशारा करता है जहां शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान का ढांचा न रहकर, बच्चों के अनुभवों, भावनाओं और सृजन के साथ संवाद करती है। यह एक ऐसा हस्ताक्षर बन सकता है जो हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था को देशभर में एक नई पहचान दिलाए। यह केवल एक शनिवार नहीं, यह हिमाचल के शिक्षा-दर्शन का नया प्रारंभ है, जहां बच्चा केवल किताबें पढ़ना नहीं, खुद को पढ़ना भी सीखेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# एससी व एसटी वंचितों के हित में उच्चतम न्यायालय का फैसला

भारत में जाति व्यवस्था की जड़े पुरानी है। वैदिक काल के समय जातियां चार वर्णों पर आधारित व संचालित रही है। जैसे ब्राह्मण-(जो विद्वान, मार्गदर्शक व शिक्षक) दूसरा क्षत्रिय (जो शाक्षक प्रशासक योद्धा)। तीसरा वैश्य (जो व्यापारी, कृषक किसान) और चौथा शूद्र (जो कारीगर, मजदूर, सेवक)। उत्तर वैदिक काल में जाति व्यवस्था में परिवर्तन आने लगे और जन्म आधारित व्यवस्था से मनुष्यों की जातियां तय होने लगी। मध्यकाल समय में सामाजिक व आर्थिक रूप जुड़ गए और प्रभाव ऐसा हुआ कि जातियों में उपजातियों का अधिक प्रचलन शुरू हो गया।



योगिंद्र पाल वालिया
डडौर (नेरचौक) जिला मंडी

आधुनिक काल में जातियों में कठोरता उभरने लगी थी और जिसका परिणाम समाज जातियों में बंध कर रह गया। गौतम बुद्ध से लेकर महात्मा गांधी तक जितने भी संत गुरु और मार्गदर्शक हुए, उन्होंने जाति भेदभाव से आहत होकर भेदभाव मिटाने के प्रयास किए, परंतु सामाजिक जाति कठोरता की बर्फ पिघली नहीं। आजादी से पहले स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी ने सामाजिक एकता में रुकावट देखी, तो वंचितों दलितों के वर्ग की जातियों को वर्ष 1932 में हरिजन का नाम दिया।

डॉ. अंबेडकर स्वयं भेदभाव के शिकार हुए, तो उन्होंने दलितों वचितों के मसीहा बनकर सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई। आजाद भारत के संविधान में एसी एसटी आरक्षण का प्रावधान तय हुआ और संविधान में लिखा गया, जिसकी अवधि हमेशा बढ़ाई जाती रही है। वर्ष 1990 में मंडल आयोग की सिफारिशे लागू हुई और नया वर्ग ओबीसी. बनाया गया। एससी को 15 प्रतिशत, एसटी को 7.5 प्रतिशत और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण वर्तमान में लागू है। प्रश्न उठता है कि आरक्षण के प्रावधान के बाद क्या इन वर्गों के सभी लोगों के जीवन में खुशहाली आई? साथ ही, क्या सभी परिवार ऊंचाई तक पहुंचे? या कुछ लोगों को ही आरक्षण का लाभ मिला। यह प्रश्न विचारणीय है।



एक वर्ष पूर्व 1 अगस्त 2024 को उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के सात न्यायाधीशों ने वर्तमान आरक्षण व्यवस्था में फैसला दिया -'आरक्षित जातियों के एससी व एसटी दोनों वर्गों में उपवर्गीकरण किया जा सकता है और निर्णय करने के लिए सरकारे स्वतंत्र हैं।' अर्थात क्रीमिलेयर तय हो सकती है, जैसे ओबीसी वर्ग में तय है या प्रतिशत को बांटा जा सकता है।

न्यायालय के फैसले पर तर्क वितर्क हो सकते हैं, परंतु सच्चाई की पहचान करना अनिवार्य है। इन वर्गों में जो पीछे छूट गए हैं, उन लोगों को बराबरी तक लाना आवश्यक है। विचार करते हुए हल निकालना प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि समानता को बल मिले। न्यायालय के निर्णय उपरांत समाज में आवाज उठने लगी है। वैसे प्रधानमंत्री ने एक सभा में अपने संबोधन में कहा था कि उनकी नजर में चार जातियां हैं (गरीब, किसान, युवा, महिला) प्रशासनिक नीतियां तय करने के लिए यह बयान सही हो सकता है, परंतु जातियों के चक्रव्यूह को तोड़ना मुश्किल है। भाजपा आर्थिक आधार आरक्षण की पक्षधर रही है, परंतु भाजपा को भी कठोर जाति व्यवस्था के चक्रव्यूह से बाहर निकलना कठिन है। उच्चतम न्यायालय के निर्देश को अपनाकर केंद्र व राज्य सरकारे एससी एसटी जातियों के दोनों वर्गों में उप वर्गीकरण तय करे, तो हासिए पर छूट गए लोगों को बराबरी पर खड़ा करना बेहतर होगा। जिस तरह सामान्य वर्ग में 10 प्रतिशत विकर सेक्शन को आरक्षण दिया है वैसा ही प्रावधान अन्य दोनों वर्गों में किया जा सकता है।

समानता की दृष्टि से उच्चतम न्यायालय का फैसला सराहनीय है, जिसकी अनदेखी नहीं होनी चाहिए। 2027 में जाति आधारित जनगणना के आंकड़े आने के एकदम बाद उपवर्गीकरण लागू हो सकता है, लेकिन अभी से प्रयास शुरू करने होंगे। इन वर्गों के जन प्रतिनिधि सांसदों विधायकों को स्वयं आगे आकर अपना सहयोग देते हुए उपवर्गीकरण का नियम बनाने के लिए सरकारों से आग्रह करना होगा। यदि ऐसा हुआ तो सामाजिक समानता का उपहार वंचितों को मिल सकता है। साथ ही ओबीसी, सामान्य वर्ग में भी उपवर्गीकरण की समीक्षा करने की जरूरत है। वर्ष 2047 तक भारत को महाशक्ति बनाने के जो प्रयास हो रहे हैं उसमें कोई शंसय नहीं दिखता, परंतु उस समय तक सामाजिक समानता भी देखने को मिले, तो फिर हरियाली के साथ खुशहाली नजर आएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### समकल गांव में एचटी लाइन की विद्युत तारें टूटीं

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन क्षेत्र के अंतर्गत गांव समकल से होकर पांगणा -करसोग के लिए ले जाई गई पुरानी उच्च क्षमता वाली विद्युत लाइन गांव समकल के लोगों के यहां बहादुर सिंह के घर आंगन में दो दिन से टूटी पड़ी हैं, जिससे यह ग्रामीण परिवार जान माल के नुकसान की आशंका के चलते डरे सहमे हैं। एचटी लाइन की जद में आते ग्रामीण खासकर बहादुर सिंह, नागेंद्र कुमार, प्रेम लाल,रुप लाल,तारा चंद, संजय कुमार, तुलसी राम, बंटी, बबलु, नागू आदि ने बताया कि उक्त लाइन यहां करीब बीस घरों सहित खेतों के ऊपर से जाती है जो पिछले कई वर्षो से जी का जंजाल बनी है। विभाग का यह टालू रवैया उन्हें आहत किए हुए है जिन्हें छोटे बच्चों की सुरक्षा का भी ख्याल नहीं। विद्युत विभाग और उपायुक्त मंडी से लोगों ने बड़े पैमाने पर इन तारों संबंधी गंभीर समस्या को शीघ्र हल करने की पुरजोर मांग की है। एक्सईएन टंडन ने टूटी तारों की बात मानी और मरम्मत करने को कहा।

### रमेश आनंद के निर्देशन में लोक नाट्य बुढ़ड़ा की रिकार्डिंग

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** हिमाचल प्रदेश के गायक और अभिनेता रमेश के आनंद के संगीत निर्देशन में लोक नाट्य बुढड़ा का फिल्मांकन स्वर सेवा प्रोडक्शन मंडी द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। जाने-माने साहित्यकार कृष्ण चंद्र महादेविया द्वारा विस्तृत शोध और प्रलेखन के उपरांत फिल्मांकन हेतु प्रस्तुत यह लोक नाट्य राजाओं के समय में बहुत प्रसिद्ध रहा है। सुप्रसिद्ध गायिका बबिता चौहान और रमेश के आनंद ने इस लोकनाटय के लोकगीतों की रिकार्डिंग पूरी कर ली है। शीघ्र ही पूरी फिल्म तैयार हो जाएगी।। ख्याति प्राप्त गायक संगीतकार और अभिनेता रमेश के आनंद ने बताया कि वे साहित्यक कहानियों और कविताओं पर भी फिल्में बनाने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि वे स्वर सेवा प्रोडक्शन के बैनर तले मास्टर जी नाटक को भी फिल्मांकित करेंगे। नए पुराने कलाकार जिसमें चयनित किए जाएंगे। हिमाचल प्रदेश के लेखकों ने आनंद को अपनी बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### घयाहण गांव में दी कोयला दुग्ध सोसायटी का शुभारंभ

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** गोहर उपमंडल के घयाहण गांव में दुग्ध उत्पादकों के लिए एक नई सौगात के रूप में दी कोयला दुग्ध उत्पादक सहकारी सभा लिमिटेड का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह सोसायटी हिमाचल मिल्क फेडरेशन के सौजन्य से स्थापित की गई है। सोसायटी के उद्घाटन अवसर पर नाचन कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी नरेश चौहान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर दुग्ध सोसायटी की प्रधान सुनीता ठाकुर, अमृत लाल, दीवान शर्मा, पूर्व प्रधान डोले राम सहित स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्यातिथि का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस शुभ अवसर पर विश्वनाथ पपी, बीके मिन्हास, हेमराज सचिव, प्रेम ठाकुर समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और सोसायटी को शुभकामनाएं दीं। सोसायटी के माध्यम से दुग्ध संग्रहण, परीक्षण और विपणन की सुविधाएं अब स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी, जिससे युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।

### जन कल्याण सभा दिल्ली ने 25 प्रभावितों को दी राहत राशि



**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान, गोहर।** हिमाचल मंडी जन कल्याण सभा दिल्ली के सदस्यों ने आज थूनाग आपदा के 25 प्रभावितों को राहत राशी प्रदान की। सभा ने थुनाग उपमंडल में एसडीएम और तहसीदार कार्यालय के माध्यम से उन 25 अत्यंत जरूरतमंद परिवारों को राहत सहायता राशि प्रदान की गई, जिनके घर प्राकृतिक आपदा में पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं या परिवार का कमाने वाला सदस्य इस त्रासदी में दिवंगत हो गया है। इस सामाजिक कार्य में सभा की ओर से के आर वर्मा, गोपाल बिष्ट, किशोरी लाल शर्मा, जगदीश भरमौरिया तथा रेशव द्वारा सक्रिय सहभागिता निभाई। सभा के चीफ पैटर्न किशोरी लाल शर्मा ने बताया कि सभा द्वारा इससे पूर्व गोहर उपमंडल में आठ तथा करसोग उपमंडल में सात आपदाग्रस्त पीड़ितों को दस-दस हजार रूपयों की सहायता राशी प्रदान की थी।

### कल भ्यूली में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता ई. होशियार सिंह ने बताया कि विद्युत उपमंडल मंडी-3 के अंतर्गत आने वाली 11 के.वी. भ्यूली उच्च ताप विद्युत लाइन की आवश्यक मुरम्मत के चलते 2 अगस्त को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक अप्पर भ्यूली, लोअर भ्यूली, आई.जी. ऑफिस भ्यूली, पोस्ट ऑफिस, पुरानी मंडी, फॉरेस्ट ऑफिस तथा जागृति अस्पताल व आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

### डोल गांव में किसान सभा ने पहुंचाई राहत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की लांगणा व खड़ीहार पंचायत की सीमा पर बसे डोल गांव निचली प्रैण में इस बरसात में दूसरी बार कहर बरपा है। ग्रामीणों ने राहत के लिए किसान नेता एवं जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज से मदद की गुहार लगाई, जिसके बाद वह किसान सभा की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों को राशन, राहत सामग्री और आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई। कुशाल ने बताया कि वर्ष 2022 से हर वर्ष यह गांव बरसात के दौरान तबाही झेल रहा है। कुशाल ने मांग की कि एसडीएम के नेतृत्व में संबंधित विभागों की टीम गांव का दौरा करे और राहत की शुरुआत की जाए।

### कृष्णा देवी को नागरिक सभा ने दी सहायता राशि

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नागरिक सभा मंडी की कार्यकारिणी ने सभा के प्रधान की अध्यक्षता में श्री गुरु गोविन्द सिंह गुरुद्वारा पड्डल में जल त्रासदी से प्रभावित कृष्णा देवी निवासी जेल रोड, को 75,000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की। नीरज हांडा, प्रवक्ता, नागरिक सभा मंडी ने बताया कि यह राशि तीन अलग-अलग चेकों के माध्यम से सौंपी गई। त्रासदी के अगले ही दिन नागरिक सभा के सदस्य सहायता राशि लेकर उनके निवास पहुंचे थे, लेकिन परिवार गुरुद्वारा पड्डल में शरण ले चुका था। बीते दिन वे अस्थि विसर्जन के लिए कीरतपुर गए हुए थे और आज वापसी पर सहायता प्रदान की गई। सभा ने पीड़ित परिवार की स्थिति पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए प्रभु से इस कठिन समय को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की, साथ ही घायल परिजनों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

### एक साल बाद भी राजवन गांव के जख्म हरे

**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी का राजवन गांव 31 जुलाई 2023 की रात बादल फटने की विभीषिका को आज भी नहीं भूल पाया है। उस भयावह रात को 10 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें से 9 शव तो मिल गए लेकिन एक व्यक्ति का शव आज तक नहीं मिला है। पीड़ित परिजन आज भी सदमे में हैं। गांववासी छिन्जू राम, जिसने अपनी मां को खोया, ने कहा कि चीखें आज भी कानों में गूंजती हैं। पंचायती प्रतिनिधियों ने देवी-देवताओं से ऐसी त्रासदी की पुनरावृत्ति न हो, इसकी प्रार्थना की है।

### बड़ी झरवाड़ गांव में 3 को होगी देव जातर

**अनंत ज्ञान, बरोट।** श्रावण माह के अवसर पर चौहार घाटी के बड़ी झरवाड़ गांव में तीन अगस्त को देव जातर का आयोजन होगा। देव पशाकोट व माता लाहुली के मुख्य गुर डागी राम ने पूजा-अर्चना कर आयोजन की अनुमति देवी-देवताओं से प्राप्त की। यह जातर घाटी की समृद्ध परंपरा का प्रतीक है।

एसडीएम के आदेश को ताक पर रखने वाली कमेटी के खिलाफ जन आक्रोश रैली

# देवलुओं और पुजारियों ने किया पैदल मार्च

**अनंत ज्ञान, महादेव**

श्रीदेवी भराड़ी मंदिर में एसडीएम के आदेश ताक पर रखकर माता के श्रृंगार कक्ष का ताला जड़ने वाली कमेटी के खिलाफ जन आक्रोश सड़कों पर उतर आया है। वीरवार को श्रीदेवी भराड़ी मंदिर के पुश्तैनी पुजारियों और श्रद्धालुओं ने आक्रोश रैली निकाली और न्याय के लिए नारेबाजी की।

जन आक्रोश रैली श्रीदेवी भराड़ी मंदिर से निकल कर 2 किलोमीटर दूर महादेव मंदिर में स्वयंभू शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने पर संपन्न हुई। इस अनोखी रैली में पुजारियों ने पारंपरिक वेशभूषा में घंटी और शंख बजाकर विरोध जताया गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पुजारी कामेश्वर शर्मा, सौरव शर्मा, राकेश शर्मा, भूषण शर्मा, निशांत शर्मा ने कहा कि माता के श्रृंगार कक्ष में ताला लगाने से माता का श्रृंगार ठीक से नहीं हो रहा है। माता के श्रृंगार कक्ष में माता की शैय्या से ऊंचा बिस्तर लगाकर वहीं चौकीदार को सुलाया जा रहा है। इससे देव आस्था खतरे में आ गई है। इतना ही नहीं पुजारियों को पूजा का सम्मान भी नहीं दिया जाता है, जबकि कमेटी मंदिर का पैसा कर्मियों पर खर्च कर रही है, जबकि पहले ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी।




माता के शृंगार कक्ष को लगाया ताला।

मंदिर कमेटी के संविधान में किसी को वेतन देने का कोई प्रावधान नहीं है, ऐसे में मंदिर की संपत्ति की लूट की जा रही है। विरोध रैली के मौके पर महादेव पंचायत प्रधान नील कमल, महिला मंडल प्रधान, महादेव शिव मंदिर के पुजारी चुनी लाल शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, वासु शर्मा, अनिल, कृष्ण चंद, अरुण मोदगिल, पंडित भानु शर्मा, संजय शर्मा, प्रदीप शर्मा, श्याम शर्मा, कपिल, सुदर्शन, पवन शर्मा, नरेंद्र शर्मा, हरीश शर्मा, उत्कर्ष, ग्रामवाशी एवं कुलजु आदि उपस्थित रहे।

### माता के सिर के ऊपर लकड़ी का बुरादा

माता की मूर्ति एक चांदी के सिंहासन पर रखी गई है, लेकिन उस सिंहासन के अंदर सफाई नहीं की गई है। माता के सिर पर लकड़ी का बुरादा और लकड़ी के टुकड़े सीसे से साफ दिखाई देते हैं। कमेटी के इस कारनामे से श्रद्धालुओं की आस्था को चोट पहुंची है। कमेटी ने चांदी के नए सिंहासन का निर्माण करवाया है, लेकिन इसकी स्थापना में देव आस्था और परंपराओं को तनिक भी ध्यान नहीं रखा गया है।





माता के शृंगार कक्ष में लगा चौकीदार का माता की शैय्या से ऊंचा विस्तर।

> हम कमेटी को पांच दिन का समय देते हैं, यदि माता के श्रृंगार कक्ष से माता की शैय्या से ऊंचा चौकीदार का बिस्तर नहीं हटाया और वहां रखे पवित्र पुराणों का सही सम्मान नहीं किया तो हिमाचल मंदिर बचाओ संघर्ष समिति कमेटी के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई कर सुंदरनगर प्रशासन को भी पार्टी बनाया जाएगा और प्रदेशभर में इस बात को उठाया जाएगा।
> -सोनू भटोड़, प्रदेशाध्यक्ष, मंदिर बचाओ संघर्ष समिति हिमाचल।

> विकास करवाना हर कमेटी का कर्तव्य होता है, क्योंकि वह दान के पैसों से होता है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि देव आस्था को नुकसान पहुंचाया जाए। हम सुंदरनगर प्रशासन से जवाब तलबी करेंगे और धार्मिक भावनाओं को आहत करने पर एफआईआर दर्ज करवाएंगे।
> -ललित जंवाल, अध्यक्ष, नौबाही मंदिर बचाओ संघर्ष समिति।

> मामले की गंभीरता को देखते हुए उचित फैसला लिया जाएगा। सोमवार को शिकायत आई है, जिस पर कार्रवाई हो रही है।
> -अपूर्व देवगन, डीसी मंडी।

# बाबा कमलाहिया मंदिर में ऐतिहासिक किले का जल्द होगा जीर्णोद्धार : चंद्रशेखर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

बाबा कमलाहिया मंदिर में चल रहे विकास कार्यों और हाल ही में हुई भारी वर्षा के कारण मंदिर परिसर में उत्पन्न हुई भूस्खलन की स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन उपमंडलाधिकारी (ना.) कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर ने की। इस अवसर पर सरकारी व गैर-सरकारी सदस्यों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि बाबा कमलाहिया मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किलानुमा सीढ़ियों का निर्माण किया जाएगा। बैठक में अवगत करवाया गया कि भारी वर्षा के कारण मंदिर परिसर में हुए भूस्खलन से मंदिर के दोनों प्रवेश द्वार क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं की आवाजाही में कठिनाई हो रही है।

विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि मंदिर परिसर में स्थित ऐतिहासिक किले के जीर्णोद्धार का कार्य इसी वित्तीय वर्ष में आरंभ किया जाएगा। इस कार्य के लिए एक विशेषज्ञ तकनीकी दल की सहायता ली जाएगी, ताकि किले की प्राचीनता और स्थापत्य कला को यथासंभव सुरक्षित रखा जा सके। आपदा प्रबंधन की दृष्टि से बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में मंदिर परिसर में कोई नया मोबाइल टावर स्थापित नहीं किया जाएगा तथा वर्तमान में लगे टावर को चरणबद्ध ढंग से वहां से स्थानांतरित किया जाएगा।

## हवाणी में भूस्खलन से मकान क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की उपतहसील ढलवान के अंतर्गत हवाणी वार्ड के बन-लुहारड़ी गांव में भूस्खलन होने से दो मंजिला मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। कर्म सिंह पुत्र कृष्ण लाल निवासी गांव हवाणी (बन-लुहारड़ी) डाकघर भाम्बला तहसील बल्द्वाडा ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी करके अपने परिवार को पालते हैं। भूस्खलन से घर क्षतिग्रस्त हो गया है। हल्का पटवारी नीलम शर्मा ने बताया की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। उधर, बन-लुहारडी गांव की हिमा देवी पत्नी स्व. दलेर सिंह की गोशाला ढहने से अंदर बंधी भैंस और भैंस का बच्चा दब गए थे, जिन्हें मशक्कत से सुरक्षित बाहर निकाला। हल्का पटवारी नीलम शर्मा ने बताया की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है।

## बाढ़ पीड़ितों को अभिलाषी विश्वविद्यालय ने दी सहायता राशि

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हाल ही की भारी वर्षा से स्यांज घाटी में आई विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है।

इस प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान के बीच अभिलाषी विश्वविद्यालय, चैलचौक मंडी ने प्रेरणादायक पहल करते हुए पीड़ितों के लिए 1,00,000 की राहत राशि प्रदान की है। यह राशि अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी द्वारा उप-मंडलाधिकारी गोहर बचित्र सिंह ठाकुर के माध्यम से राहत कार्यों हेतु सौंपी गई। इससे पूर्व भी अभिलाषी विश्वविद्यालय एवं अभिलाषी शिक्षण समूह द्वारा सराज घाटी में बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाई जा चुकी है।



पीड़ितों के लिए राशि सौंपते हुए।

**बाढ़ प्रभावितों को दी जा चुकी है राहत सामग्री**

एसडीएम गोहर बचित्र सिंह ठाकुर ने अभिलाषी संस्थान की इस मानवीय सेवा की सराहना करते हुए कहा कि यह सामुदायिक सेवा का एक अत्यंत अनुकरणीय उदाहरण है। इस कार्य के लिए अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आरके अभिलाषी, प्रो चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी एवं सचिव नरेंद्र कुमार विशेष रूप से सक्रिय और प्रतिबद्ध रहे।

यह सहयोग न केवल प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करेगा, बल्कि समाज सेवा की भावना को भी प्रोत्साहित करता है।

## भूस्खलन से कुनडुनी-मनोह-कस सड़क बंद, तीन घरों को खतरा

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** बस्सी मनोह के तहत आने वाली कुनडुनी-मनोह-कस सड़क पर 29 जुलाई को हुई मूसलाधार बारिश के चलते भारी भूस्खलन हो गया।

इस भूस्खलन की चपेट में आने से गांव के चंद्र प्रकाश, सूरज प्रकाश और वीरी सिंह के घर खतरे की जद में आ गए हैं। स्थानीय निवासी अनिल शास्त्री ने बताया कि इस स्थान पर एक साल पहले भी भूस्खलन हुआ था। वहीं सड़क अवरुद्ध होने के कारण अब ग्रामीणों को वैकल्पिक लंबा रास्ता अपनाना पड़ रहा है। तीनों गांवों की कुल आबादी लगभग 1500 से अधिक है और यह सड़क उनकी जीवन रेखा है। आज गांव के प्रधान और पटवारी ने घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। प्रभावित परिवारों ने मांग की है कि उन्हें शीघ्र ही सुरक्षित स्थान पर पुनर्वासित किया जाए।

इस विषय पर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता विद्यासागर ने जानकारी दी कि वह स्वयं घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण करेंगे और एक रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंपेंगे। इसके आधार पर बजट का प्रावधान किया जाएगा और जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू करवाने के प्रयास किए जाएंगे।

## सुराह गांव में किसानों को मिला प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, गोहर।** नाबार्ड और अंबुजा फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम जलगम विकास समिति संगरयार द्वारा सुराह गांव में किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रधान बिंदर ठाकुर ने की।

प्रशिक्षण में कीट प्रबंधन विशेषज्ञ डॉ. पंकज सूद केवीके मंडी ने टमाटर और मक्का जैसी फसलों में कीट नियंत्रण के प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल उपायों की जानकारी दी।

मिट्टी विज्ञान की विशेषज्ञ डॉ. नेहा ने किसानों को मिट्टी की देखभाल और सॉइल हेल्थ कार्ड के उपयोग के बारे में बताया।

## स्लेटपोश मकान गिरा बाल बाल बचे तीन लोग

**अनंत ज्ञान, मंडी।** ग्राम पंचायत मझवाड़ के अंतर्गत गांव बनोट में एक स्लेटपोश मकान भारी बरसात के चलते जमींदोज हो गया।

गनीमत यह रही कि घटना के दौरान मकान के भीतर परिवार के तीन सदस्य मौजूद थे जो बाल-बाल बच गए। दो कमरे बिल्कुल जमींदोज हो गए उनमें से एक में मौजूद मकान मालिक प्रवीण पटयाल को कुछ चोटें आई हैं। गनीमत यह रही कि प्रवीण की पत्नी व बेटा मेहमान नवाजी में गए हुए थे। ग्राम राजस्व अधिकारी नेला के अनुसार मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने एसी रिपोर्ट ऑनलाइन जिला प्रशासन को भेज दी है।

## जॉब ट्रेनी पॉलिसी के खिलाफ हजारों युवाओं ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच पर प्रदर्शन देखने को मिला, जब हज़ारों युवाओं की भीड़ ने सरकार की जॉब ट्रेनी पॉलिसी के विरोध में एकजुट होकर हुंकार भरी। यह विशाल जनआंदोलन हिमाचल बेरोजगार युवा महासंघ के ज़िला संयोजक विशाल मांडोत्रा के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

विशाल मांडोत्रा ने मंच से सीधी चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार की नई जॉब ट्रेनी पॉलिसी युवाओं के भविष्य के साथ सीधा धोखा है। उन्होंने कहा, युवाओं को दो साल की अस्थायी ट्रेनिंग में बांधना और फिर दोबारा परीक्षा के नाम पर मानसिक प्रताड़ना देना किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है।

प्रदर्शन में मौजूद युवाओं ने एक सुर में नारेबाजी कर सरकार को चेताया कि अगर यह नीति वापस नहीं ली गई, तो पूरे प्रदेश में आंदोलन और जोर पकड़ लेगा।

इस मौके पर योगराज, अजय, पवन, मनीष, राहुल, भूपेंद्र, भारती ठाकुर और मुस्कान ने भी प्रदर्शनकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पॉलिसी के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

## किराये के भवन में चल रहा भद्रवाड़ पंचायत कार्यालय

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** ग्राम पंचायत भद्रवाड़ का पुराना भवन असुरक्षित घोषित होने के बाद उसे टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से नवनिर्मित किया जा रहा है और इस भवन कार्य वर्ष 2021 में शुरू हुआ था।



**तीन वर्षों से अधर में लटका भवन निर्माण कार्य**

पंचायत कार्यालय वर्ष 2018 से निजी भवन में चल रहा है जिसका किराया पंचायत निधि से दिया जा रहा है, जो निधि का पैसा होता है। वह यहां कि जनता से वसूली हुआ होता है कुछ गृह कर व अन्य कर से वसूली होती है जो सात वर्ष से दिया जा रहा है। इस नव निमार्णाधीन भवन का स्लेव (छत) वर्ष 2022 पड़ गया है। उसके बाद अब बिना पेंट के इसकी खिड़की दरवाजों की चौखट की लकड़ी को दीमक और सीलन लगने का डर है। तीन साल बाद भी यहां पर कोई भी नया कार्य नहीं हुआ है। वर्ष 2023 में इस भवन के आगे आंगन की दीवार गिर गई है , जिससे भवन को भी खतरा बना हुआ है। इसे भी दो वर्ष हो गए पर अभी तक पंचायत प्रतिनिधियों ने इसे नहीं लगाया गया है। लगभग पांच महीने पहले इस डंगे की नींव निकाली थी, परन्तु डंगा अभी तक नहीं लगा है। विभाग पता नहीं भवन गिरने का इंतजार कर रहा है। इस भवन का कार्य अधिशाषी अभियंता आरडीडी मंडी करवा रहा है।

इस पर पूर्व प्रधान ओम प्रकाश शर्मा, लेख राम, नथु राम, सुरेंद्र पाल शर्मा, काली दास, पुर्व प्रधान तुलसी राम, सुमन कुमार, पवन कुमार, राकेश कुमार, संजय कुमार, बलदेव राम आदि ने रोष जताया है तथा जल्द इस अधूरे पड़े कार्य को पूरा करने की संबंधित विभाग से मांग उठाई है।

## सरकारी जमीन निजी व्यक्ति को आवंटित करने पर जताया विरोध

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की लगभग एक दर्जन पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने विधायक विनोद कुमार के नेतृत्व में बासा विश्राम गृह में एक विशेष बैठक आयोजित की।

बैठक में गड़ाहरी स्थित कृषि विभाग की दर्जनों बीघा सरकारी जमीन को एक निजी व्यक्ति को आवंटित करने की प्रक्रिया का तीखा विरोध किया गया। बैठक के उपरांत सभी जनप्रतिनिधियों ने बासा से एसडीएम कार्यालय तक रोष रैली निकाली और एसडीएम बचित्र सिंह को ज्ञापन सौंपा, जिसमें यह मांग की गई कि गड़ाहरी की बहुमूल्य सरकारी भूमि को निजी स्वामित्व में न सौंपा जाए। विधायक विनोद कुमार ने जानकारी दी कि लोगों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि मीर बक्श नामक व्यक्ति को जमीन सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है।

इस प्रकार की जमीन प्रदेश के कुल आठ स्थानों पर चिन्हित की गई है, जिनमें गड़ाहरी भी शामिल है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह जमीन किसी निजी व्यक्ति को दी, तो व्यापक जन आंदोलन छेड़ा जाएगा।

## जंगल का सही संरक्षण न करने से झेलना पड़ा त्रासदी का दंश

**अनंत ज्ञान, मंडी**

यदि वर्ष 2019-20 के दौरान गंधर्व जंगल के संरक्षण व संवर्धन हेतु स्वीकृत 50 लाख रुपए की परियोजना उपयुक्त तरीके से क्रियान्वित की गई होती तो आज बादल फटने जैसी भीषण त्रासदियां देखने को मिलतीं। ऐसा कहना है देवभूमि पर्यावरण रक्षक मंच के संयोजक नरेंद्र सैनी का।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रेमियों की मदद से वर्ष 2016 में गंधर्व जंगल को संरक्षित व संवर्धित करने हेतु वन विभाग से पत्राचार किया गया था। जहां से इस जंगल के उचित रखरखाव के लिए 50 लाख रुपया केंद्र व प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान में स्वीकृत किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि पैसा वन विभाग द्वारा पता नहीं कहां खर्च गया।

उन्होंने माना कि वन विभाग द्वारा लगभग 20 लाख रुपए गंधर्व जंगल के विकास हेतु खर्च किया हुआ बताया गया है, लेकिन बाकी की रकम इधर-उधर कर दी गई। उन्होंने कहा कि वन संरक्षण के इस परियोजना में इस रकम से जहां पावर रोपण व विकास किया जाना था वहीं पर पानी के तेज बहाव को कम करने के लिए छोटे-छोटे चेक डैम भी लगाए जाने थे। इसके अलावा कई प्रजातियों को विकसित करने की योजना भी इसमें शामिल थीं, लेकिन न जाने मंडी शहर के प्रबुद्ध लोगों की नजर इस ओर नहीं पड़ी और आज बादल फटने के पश्चात भीषण त्रासदी का दंश झेलना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि यदि लगभग 3 किलोमीटर लंबाई वाले से जंगल में जो पानी बहाव के जो छोटे-छोटे नाले हैं वहां अगर मजबूत चेक डैम लगे हुए होते तो त्रासदी व आपदा को कम किया जा सकता था। उन्होंने यह भी कहा कि यह गनीमत रही कि इस जंगल में एक एंबुलेंस रोड के नाम से सड़क निकालने की भी योजना थी। अगर वैसा हुआ होता तो शायद नुकसान ज्यादा होता।

## कूड़ा न उठाने की समस्या होगी दूर : रोहित राठौर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हाल ही में क्षेत्र में हुई भीषण वर्षा के कारण चार मील के समीप बिन्द्राबनी में स्थित कूड़े के निष्पादन स्थल को जाने वाला मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इस कारण बीते दो दिनों से नगर निगम मंडी द्वारा शहर से कूड़ा-कचरा नहीं उठाया जा सका है, जिससे नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

नगर निगम मंडी के आयुक्त रोहित राठौर ने बताया कि बिन्द्राबनी स्थित कूड़ा निष्पादन स्थल तक जाने वाले मार्ग की मरम्मत का कार्य एनएचएआई के सहयोग से युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

**राहत** राजस्व विभाग, ग्राम पंचायत व प्रभावितों ने टौरीनाला में चयनित की भूमि

# स्याठी आपदा प्रभावितों को भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर उपमंडल के स्याठी गांव में 30 जून को आई आपदा से बेघर हुए डेढ़ दर्जन परिवारों को सरकारी भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया प्रशासन ने आज शुरू कर दी।



भूमि आवंटन पर खुशी जाहिर करते हुए प्रभावित लोग व अन्य।

राजस्व विभाग की टीम, ग्राम पंचायत प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, पूर्व प्रधान देश राज व पूर्व जिला पार्षद भुपेंद्र सिंह ने प्रभावितों के साथ आज लौंगनी ग्राम पंचायत के हुक्कल मुहाल में टौरी नाला के पास सरकारी भूमि की पैमाइस की जिसमें डेढ़ दर्जन परिवारों को भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। जिसका प्रस्ताव प्रशासन उपायुक्त मंडी को भेजा जाएगा जिनको तीन विश्वा जमीन स्वीकृत का अधिकार है। पूर्व पार्षद भुपेंद्र सिंह ने बताया कि आपदा से बेघर हुए बसाने के लिए जमीन उपलब्ध करवाने की कबायत शुरू हो गई है। उन्होंने इन परिवारों को रसोई गैस कनेक्शन व सिलेंडर जल्द उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई है।

उन्होंने वर्ष 2023 में तनियार के हियुन-बल्ह के आपदा प्रभवितों भी जमीन उपलब्ध कराने की मांग की है। भुपेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने ये मुद्दा 29 जुलाई को शिमला सचिवालय के बाहर हुए प्रदर्शन व मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में भी उठाया है। भुपेन्द्र सिंह ने सुझाव दिया है कि जब तक इन्हें सरकार जमीन उपलब्ध नहीं करवा देती तब तक उन्हें नाल्ड गो सदन के पास सरकारी भूमि पर अस्थायी शेड बनाए जाएं।

### प्रत्येक प्रभावित को छत दिलाने में जुटा प्रशासन : पटियाल

एसडीएम धर्मपुर जोगिंदर पटियाल ने कहा कि प्रत्येक आपदा प्रभावित परिवार को छत दिलाने के लिए प्रशासन एकजुट है स्याठी प्रभावितों ने उक्त जमीन दिखाई थी जिसकी आज पैमाइश की है जमीन डीपीएफ में निकली है इसका केस मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

## छोटाभंगाल व चौहार घाटी में भूस्खलन से सड़कें बंद

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल और चौहार घाटी में बीते दो दिनों की भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। मंगलवार रात से लगातार बारिश के चलते सड़कों पर जगह-जगह भूस्खलन हुआ है, जिससे कई मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हैं। बरोट-लोहारड़ी, मुल्थान-बड़ा ग्रां और राजगुंधा-बिलिंग-बीड़ मार्गों पर मलबा गिरने से आवागमन बंद है।

बड़ा ग्रां पंचायत के पिंजोरी लाल की गाड़ी नाले के तेज बहाव में बह गई, जिससे लाखों का नुकसान हुआ। प्राथमिक पाठशाला बड़ा ग्रां का खेल मैदान भी भूस्खलन की चपेट में आ गया। मुल्थान के दयोट गांव में ग्यारू राम के मकान को भी भारी नुकसान हुआ है। लोकनिर्माण विभाग जेसीबी की मदद से मार्ग बहाल करने में जुटा है। विभागीय अधिकारी दिनेश कुमार ने शुक्रवार तक सड़क बहाल होने की संभावना जताई है।

## छात्राओं के लिए लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल डेंटल कॉलेज द्वारा एक अगस्त को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मौखिक स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में जीवन रेखा नर्सिंग कॉलेज में वीरवार को एक दिवसीय दंत जांच, उपचार एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कॉलेज के निदेशक डॉ. अनिल सिंगला व डॉ. विकास जिंदल के नेतृत्व तथा प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह के मार्गदर्शन में इंडियन डेंटल एसोसिएशन सुंदरनगर शाखा के सहयोग से संपन्न हुआ।



जागरूकता शिविर के दौरान मौजूद छात्राएं व अन्य।

शिविर में नर्सिंग कॉलेज की लगभग 100 छात्राओं के दांतों की जांच की गई। छात्राओं को मौखिक रोगों, उनकी रोकथाम और दैनिक दंत स्वच्छता के उपायों की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य सेवा में नर्सों की अहम भूमिका को देखते हुए उन्हें यह प्रशिक्षण भी दिया गया कि वे मरीजों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें और जरूरत पड़ने पर निकटतम दंत चिकित्सक के पास रेफर कर सकें। शिविर में डॉ. साहिल नेगी, डॉ. पल्लवी, डॉ. मुस्कान वर्मा, डॉ. रिया, डॉ. ज्योति राव, डॉ. इशिता शर्मा, डॉ. संज्ञा शर्मा, डॉ. मानसी वर्मा, द्रोपदी और सेवक राम ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर छात्राओं को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों और इसके निवारण पर आधारित विशेष व्याख्यान भी दिया गया। कार्यक्रम में जीवन रेखा नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्य ज्योति शर्मा, डायरेक्टर, नारायण दास व भूपेंद्र भी मौजूद रहे। कॉलेज प्रशासन ने हिमाचल डेंटल कॉलेज की टीम की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की आशा जताई।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस की पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा द्वारा पर्यावरण संरक्षण को समर्पित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत छात्रों को पर्यावरण की रक्षा हेतु शपथ दिलवाई गई। इस विशेष अवसर पर एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सिकंदर नेगी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान अब महाविद्यालय परिसर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों तक में विस्तारित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एनएसएस स्वयंसेवियों की टोली निकटवर्ती मुच्छाली और न्याली गांवों में जाकर पौधरोपण करेगी एवं वहां के नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करेगी।

### मलाहत के युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना के अंतर्गत पड़ते मलाहत गांव के युवाओं ने गांव के खेल मैदान की सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर तरुण ठाकुर के नेतृत्व में एक दर्जन युवाओं ने बरसात के मौसम में खेल मैदान में उगने वाली जंगली घास को साफ करके स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर आर्यन, अबू, दिवांश, शिवांश, आशुतोष, जतिन, रिशू, नमन, कनव, अजय आदि युवा उपस्थित रहे। इस अवसर पर तरुण ठाकुर ने युवाओं को स्वच्छता को प्रेरित कर नशे से दूर रहने की अपील भी की है। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से इस खेल मैदान के निर्माण को लेकर गांव के युवाओं में प्रशासन के प्रति रोष है, ऐसे में आज युवा वर्ग ने स्वयं जिम्मेदारी लेते हुए मैदान की सफाई कर मैदान की तस्वीर बदलने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वच्छता की जागरूक करने की जिम्मेदारी हमारी है। हम खेलकूद के माध्यम से युवाओं को नशे से बचाने का काम कर सकते हैं। आगे उन्होंने कहा कि जल्द ही गांव में वे युवा साथियों के साथ मिलकर गांव में भी स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करेंगे।

### भंजाल स्कूल में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए। इस अवसर पर स्कूल के कार्यकारी प्रधानाचार्य राजन शर्मा ने कहा कि आज के समय में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच पौधरोपण जैसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हो गए हैं। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक अंकुर सूद, रमेश चंदेल, शशि कुमार और सुशील कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन सभी ने बच्चों के साथ मिलकर पौधे रोपे और उन्हें नियमित देखभाल का संकल्प दिलाया।

### रायपुर मैदान के दो छात्र नवोदय में चयनित



**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला रायपुर मैदान, शिक्षा खंड बंगाणा के लिए गौरव का अवसर रहा। विद्यालय के दो होनहार छात्रों को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के उपरांत जिला शिक्षा उपनिदेशक (हायर एवं प्रारंभिक) ने सम्मानित किया। अमनदीप सिंह बंगा पुत्र परमजीत सिंह व इसी स्कूल की छात्रा कुमारी समृद्धि महता को भी उत्साहपूर्वक सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्ति, शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्रों ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। रमेश चंद बंगा ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन छात्रों की सफलता से न केवल विद्यालय का गौरव बढ़ाया बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेंगे। शिक्षकों ने इस अवसर पर बच्चों को परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश भी दिया।

### लठियाणी में औषधीय पौधों का किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियाणी में प्रकृति की गोद में हरियाली का उपहार लठियाणी स्कूल ने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर विद्यालय परिसर में आयोजित भव्य पौधरोपण कार्यक्रम में जामुन, आंवला, कराल, सुखचैन जैसे बहुपयोगी एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विद्यार्थियों को पेड़-पौधों के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि पेड़-पौधे केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, ये जीवन का आधार हैं और हर व्यक्ति को अपने आसपास हरियाली बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। पेड़ धरती का श्रृंगार हैं और इनका संरक्षण हमारा नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह ने स्वयंसेवियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं, उनकी देखभाल ही असली सेवा है, ठीक वैसे ही जैसे किसी ने शादी तो कर ली लेकिन उसके बाद जीवनसाथी को भूल गया, फिर क्या होगा? यह बात सुनकर पूरे प्रांगण में हंसी की हल्की फुहार छा गई। बलवंत सिंह ने बताया कि विद्यालय परिसर में जामुन, आंवला, कराल और सुखचैन के पौधे लगाए गए हैं। कार्यक्रम अधिकारी सविता देवी ने कहा कि ये कार्यक्रम पौधरोपण का ही नहीं, बल्कि प्रकृति से आत्मीय जुड़ाव का दिन है। विद्यालय प्रवक्ता देवेंद्र सिंह बेली ने कहा कि एनएसएस के छात्र जिस लगन और समर्पण से इस कार्यक्रम में जुटे हैं, वह वास्तव में अनुकरणीय है।

---

ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए उपमंडल गगरेट में तरह-तरह के हो रहे जुगाड़

# अभ्यर्थी नहीं, अस्पतालों में कथित एजेंट लेकर पहुंच रहे मेडिकल फाइल

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए मेडिकल की शर्त जरूरी है, लेकिन अपने काम को आसान करने के लिए डीएल पाने के इच्छुक लोगों को एजेंट को जरिया बनाना इतना भाया कि इसने डॉक्टरों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात यह है कि कई मामलों में मेडिकल करवाने के लिए अभ्यर्थी खुद नहीं पहुंच रहे, बल्कि एजेंट ही अभ्यर्थियों की फाइल लेकर डॉक्टरों के पास पहुंच रहे हैं। अगर डाक्टर गलती से अभ्यर्थी के बारे में पूछ ले तो एजेंट अपनी ऊंची पहुंच का रौब दिखाकर काम को आसान करवाने का प्रयास कर रहे हैं।

अब जब डॉक्टरों ने इसका तोड़ निकालते हुए अभ्यर्थियों के लिए कई क्लीनिकल टेस्ट लिखना शुरू किया है तो इसे डॉक्टरों की मनमर्जी का नाम देकर उन्हें खूब लताड़ा जा रहा है। मजेदार बात यह है कि ऊना जिले के हर उपमंडल में अलग से रजिस्ट्रेशन एंड लाइसेंसिंग अथॉरिटी है तो हर उपमंडल में ही अब सरकारी अस्पताल भी उपलब्ध हैं, जहां ड्राइविंग लाइसेंस पाने वाले अभ्यर्थी आरकेएस द्वारा तय की गई फीस अदा करके मेडिकल करवा सकते हैं।




अनंत ज्ञान फॉलोअप

अब जब एजेंट एक जगह मेडिकल करवाने में फेल हो रहे हैं या यूं कहें कि डॉक्टर को बेवकूफ बनाने में असफल हो रहे हैं तो फिर यही एजेंट दूसरे उपमंडल में स्थित सरकारी अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सिविल अस्पताल गगरेट में भी गत दिनों देखने को मिला, जिसमें उपमंडल अंब से संबंधित एक व्यक्ति की मेडिकल फाइल लेकर एजेंट पहुंच गए। जाहिर है कि जब डॉक्टर ने मेडिकल करवाने वाले शख्स के बारे में पूछा तो वह उपस्थित ही नहीं पाया गया।

जब उसका पता देखा गया तो वह उपमंडल अंब का निकला। इस पर डॉक्टर ने उसकी पर्ची पर ऐसे टेस्ट लिख दिए, जिन्हें करवाने अभ्यर्थी को खुद ही आना पड़े। जाहिर है कि अब तो डीएल के लिए फाइल भी ऑफलाइन जमा नहीं होती, बल्कि अभ्यर्थी खुद भी इसे ऑनलाइन जमा करवा सकता है। यही वजह है कि कई कथित एजेंट लोगों को सारी फेसिलिटी एक ही छत के नीचे मुहैया करवाने का आफर देकर खूब मुनाफा भी कमा रहे हैं और डॉक्टरों को भी गलत काम करने को मजबूर कर रहे हैं। अगर कोई डॉक्टर इनकी बात मानने को तैयार नहीं होता तो उसे बदनाम करने के भी प्रयास हो रहे हैं।

सिविल अस्पताल गगरेट के चिकित्सा प्रभारी डॉ. शिवा लखनपाल ने बताया कि ऐसे मामले कई आ रहे हैं, जिसमें अभ्यर्थी मेडिकल के लिए खुद पेश नहीं हो रहे, बल्कि उनकी फाइल लेकर कथित एजेंट आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सिविल अस्पताल गगरेट में ऐसे मामलों पर अब सख्ती बरती जा रही है। अब उसी अभ्यर्थी का मेडिकल होगा, जो स्वयं अस्पताल में उपस्थित रहेगा।

---

## झूठे मामले दर्ज करवाने को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



ऊना जिले के उपायुक्त जतिन लाल को ज्ञापन सौंपते स्थानीय लोग।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पिछले दिनों छत्तीसगढ़ में दो क्रिश्चियन ननों के ऊपर झूठे मामले दर्ज करवाए गए और गलत बयानबाजी देकर उनको जेल में भेज दिया गया, के विरोध में आज मानवाधिकार और सामाजिक न्याय संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सहगल ने अपनी टीम के साथ डीसी ऊना जतिन लाल के माध्यम से भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को ज्ञापन भेजा।

इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सहगल के साथ मानवाधिकार और सामाजिक न्याय संघ के जिला अध्यक्ष गौरव सैनी, सरवन कुमार सैनी, रमेश कुमार और विनोद कुमार मौजूद रहे।

---

## तंत्र-मंत्र नहीं, जादूगरी एक कला है: चिंग फुंगली



**अनंत ज्ञान, अंब।** तंत्र-मंत्र नहीं, जादूगरी एक कला है जिसका इस्तेमाल लोगों का मनोरंजन करने के लिए किया जाता है। यह बात जादूगर चिंग फुंगली ने कही। चिंग फुंगली एक से दस अगस्त तक अंब के मुबारिकपुर रोड पर स्थित महफिल होटल में अपनी जादूगरी दिखाएंगे और लोगों का मनोरंजन करेंगे। वह हर रोज दोपहर 12.30 और शाम को 7 बजे दो शो दिखाएंगे। फुंगली ने कहा कि सरकार की उदासीनता के चलते यह पारंपरिक मनोरंजन का साधन खत्म होता जा रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सर्कस की तरह जादू को भी टैक्स-फ्री करना चाहिए और इसकी अकादमी खोलकर लोगों को इसके बारे में शिक्षा देनी चाहिए। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू उनके इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

---

## दीपक ने टीवी रियलिटी शो 'एसजीटी हुनर का रंग' के सेमीफाइनल में बनाई जगह



ऊना जिले के पंजोआ लडोली निवासी दीपक सोनी को डीसी जतिन लाल सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले के पंजोआ लडोली निवासी दीपक सोनी ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए ईश्वर टीवी चैनल पर आने वाले रियलिटी शो 'एसजीटी हुनर का रंग-सीजन 3' के गायन वर्ग में सेमीफाइनल राउंड के लिए चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है।

इस उपलब्धि पर उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने दीपक सोनी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त ने कहा कि दीपक की यह सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों और प्रतिभा का परिणाम है, बल्कि यह पूरे ऊना जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि दीपक की लगन और संगीत में निपुणता निश्चित रूप से जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

उपायुक्त ने आशा व्यक्त की कि दीपक आगामी राउंड्स में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऊंचाइयों को छुएंगे और जिले को गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से भी दीपक को भविष्य के राउंड्स के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी।

---

## विवेक ने धुंदला में ओपन जिम का किया उद्घाटन

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने वीरवार को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत धुंधला का दौरा किया और क्षेत्र में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 1.50 लाख रुपए की लागत से तैयार ओपन जिम, प्राकृतिक खेती शॉप और खेल मैदान का जायजा लिया, साथ ही उन्होंने कुछ जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहारा देने के उद्देश्य से 62,500 रुपए के चेक भी वितरित किए।

धुंदला पंचायत के इस कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान को भी नई दिशा दी गई। भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान के तहत पंचायत की ओर से 400 डस्टबिन ग्रामीणों को वितरित किए गए, जिससे पंचायत को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में एक और सकारात्मक कदम बढ़ाया गया। विधायक विवेक शर्मा ने मौके पर जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र को खुशहाल और आत्मनिर्भर बनाया जाए। क्षेत्र के युवाओं को खेल और रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ा जाए, ताकि वे नशे की चपेट में न आएं।



विधायक विवेक शर्मा धुंधला पंचायत में आउटडोर जिम का उद्घाटन करते हुए।

### जरूरतमंदों को 62,500 के बांटे आर्थिक सहायता के चेक

विवेक शर्मा ने जानकारी दी कि अपने एक वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने कुटलैहड़ के जरूरतमंद परिवारों को लगभग 80 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है, ताकि सामाजिक सुरक्षा का लाभ वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि कोई भी परिवार किसी भी तरह की आपदा या कठिनाई का सामना कर रहा हो, उसे सरकार और प्रशासन की तरफ से हरसंभव मदद दी जाएगी। विधायक विवेक शर्मा ने विशेष रूप से युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि ओपन जिम और खेल मैदान जैसी सुविधाएं उन्हें फिटनेस और खेलकूद की दिशा में आगे बढ़ने के लिए उत्साहित करेंगी।

इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, खंड बिकास अधिकारी सुशील कुमार के अलावा अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

---

## सैनिक स्कूल परीक्षा में धैर्य का छठा स्थान



**अनंत ज्ञान, अंब।** दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल अंब के छठी कक्षा के छात्र धैर्य चौधरी ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ी उपलब्धि हासिल की है। धैर्य ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में हिमाचल प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया है। धैर्य चौधरी उपमंडल अंब की चुरुरू पंचायत के अरुण कुमार व राखी रानी के पुत्र है। स्कूल के प्रधानाचार्य ने धैर्य को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि स्कूल के लिए गर्व की बात है। धैर्य शुरू से ही एक मेधावी और अनुशासित छात्र रहा है। सैनिक स्कूल की परीक्षा देशभर में प्रतिष्ठित मानी जाती है। धैर्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और स्कूल के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा किमैं देश की सेवा करना चाहता हूं। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने भी धैर्य को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

## सीएम के निर्णय का किया स्वागत



**अनंत ज्ञान, ऊना।** युवा कांग्रेस जिला महासचिव अभिषेक शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू के द्वारा सरकारी नौकरियों में युवाओं की भर्ती से पहले ड्रग्स सेवन पर फिटनेस टेस्ट अनिवार्य करने के ऐतिहासिक फैसले का जोरदार स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय युवाओं की भलाई और प्रदेश के विकास के लिए एक सही और दूरदर्शी कदम है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है कि सरकारी नौकरियों में भर्ती से पूर्व उम्मीदवारों का चिट्टा (ड्रग्स) सेवन से मुक्त होने का प्रमाण फिटनेस टेस्ट के माध्यम से अनिवार्य किया जाएगा। इससे न केवल युवाओं की सेहत और मनोबल को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि प्रदेश में नशे की समस्या पर भी कड़ी रोक लगेगी। इस फैसले से युवा नशे की लत से दूर रहकर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ेंगे।

---

## भाजपा के मंडलाध्यक्षों का आरोप-सैनिक परिवारों को किया जा रहा प्रताड़ित

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



भाजपा के मंडल अध्यक्ष पत्रकार वार्ता करते हुए।

**अंब।** चिंतपूर्णी के विधायक द्वारा सैनिकों व उनके परिवारों को प्रताड़ित करना लगातार जारी है। पंजोआ लडोली विधायक की अपनी पंचायत के एक सैनिक को तंग करने की स्याही अभी सूखी भी नहीं थी कि उन्होंने इसी पंचायत के एक सैनिक जिन्होंने देश को सेवाएं दी और वो अव सेवानिवृत होकर गांव में रह रहे है व भाजपा के सोशल मीडिया के संयोजक है। इस सैनिक को भी उन्होंने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया है। यह आरोप भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय शर्मा व कृपाल सिंह ने लगाया।

उन्होंने कहा कि सैनिक की पत्नी सलोई स्कूल में बतौर भाषा-अध्यापक सेवारत हैं। वह एक वर्ष से कैंसर से पीड़ित हैं और चंडीगढ़ के फॉर्टिस हॉस्पिटल मोहाली में उपचाराधीन हैं। इनको सलोई से बुन (बुधान) में स्थानांतरित कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया है कि विधायक क्षेत्र के सैनिकों तथा कर्मचारियों को ऐसे कृत्य कर के प्रताड़ित कर रहे हैं।

इस मौक पर बलराज, चौकीमन्यार के प्रधान संजय कुमार, ब्लॉक समिति उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, साहिल, शम्मी, युवा मोर्चा के विक्रमजीत सिंह, कै. जरनैल सिंह, सूबेदार मेजर अशोक कुमार, सुबेदार अनिल कुमार शामिल थे। इन सभी पूर्व सैनिकों ने कहा कि क्षेत्र के सैनिकों व उनके परिवारों के साथ हो रहे अन्याय को कतई सहन नहीं किया जाएगा तथा न्याय मिलने तक चुप नहीं रहेंगे।

---

## सावन अष्टमी पर मां चिंतपूर्णी में उमड़ा जनसैलाब

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** विश्व विख्यात छिन्नमस्ता धाम चिंतपूर्णी में चल रहे सावन अष्टमी मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। रात से ही श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मंदिर के कपाट मां के दर्शनों को खोल दिए गए थे। वीरवार के दिन लगभग 60,000 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने मां की पवित्र पावन पिंडी के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया।

अत्यधिक भीड़ होने के कारण श्रद्धालुओं की डबल लाइन लुधियाना धर्मशाला जगदंबा ढाबा को पार करती हुई मोगा धर्मशाला से आगे तक मंदिर मार्ग मुख्य बाजार तक जा पहुंची, जिसे देखते हुए मंदिर प्रशासन द्वारा अनेक प्रकार की व्यवस्थाएं की गईं। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर प्रशासन द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। सातवें दिन पर श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी चुस्त दुरुस्त दिखा और बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मचारी, पुलिस जवान व एक्स सर्विसमैन पुराने बस स्टैंड गेट नंबर एक और दो में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती कर सुरक्षा ब लाइन व्यवस्था को पुख्ता किया गया है।

### पुलिस व्यवस्था रही चुस्त दुरुस्त, 6 दिन में चढ़ा 82 लाख रुपए का चढ़ावा

मंदिर मुख्य मार्ग में श्रद्धालुओं की आवाजाही से स्थानीय ब अस्थायी दुकानदारों के चेहरों पर रौनक है। प्रशासन द्वारा पेयजल और सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। मंदिर प्रशासन द्वाराकई स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस सेवाएं को अलर्ट पर रखा गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुझाव एवं शिकायत कक्ष और सूचना प्रदान करने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। श्रद्धालुओं को अपने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए हिमाचल प्रदेश पथ निगम की अतिरिक्त बसें सेवाएं दे रहे हैं।

मान्यता है कि सातवें मेला दिवस रात्रि पर अन्य शक्तिपीठों से ज्योति रूप मैं देवियां यहां आकर अपनी लाडली बहन चिंतपूर्णी से मिलने आती हैं। इन्हीं ज्योति को देखने के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में मेला क्षेत्र व उसके आसपास घरों की छतों पर बैठकर ज्योति रूप मैं मां भगवती के दर्शन करने का इंतजार करते हैं। मेले के सातवें दिन मेला सह अधिकारी एवं एसडीएम अंब सचिन शर्मा ब पुलिस सह मेला अधिकारी एवं डीएसपी अंब वसुधा सूद ने चिंतपूर्णी पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुविधाओं को और बेहतर सुचारू रूप से चलने के लिए निर्देश दिए गए।

मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल मेला क्षेत्र का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सुविधाओं को सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि सावन अष्टमी मेले के दौरान लगभग चार लाख के करीब श्रद्धालुओं ने मां की पावन पिंडी के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया है। उन्होंने मेलों के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाया गया चढ़ावे की जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर न्यास को पिछले 6 दिनों में 82 लाख रुपए से अधिक की धनराशि प्राप्त हुई है।

---

## चौकीमन्यार कॉलेज में छात्रवृत्ति योजनाओं पर छात्र किए जागरूक



राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी गई।

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही (ऊना)।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं को लेकर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता महाविद्यालय के छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी डॉ. रामकुमार नेगी ने की।

शिविर में डॉ. नेगी ने छात्रों को केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, बीपीएल, आईआरडीपी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी, साथ ही प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला और प्रदेश विवि शिमला द्वारा संचालित वार्षिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए उपलब्ध छात्रवृत्तियों पर भी प्रकाश डाला। शिविर के दौरान छात्रों को छात्रवृत्ति प्राप्त करने की पात्रता, आवश्यक दस्तावेजों एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में उनकी शंकाओं का समाधान भी किया गया।

डॉ. नेगी ने छात्रों से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और किसी भी समस्या की स्थिति में उनसे सीधे संपर्क करें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रवृत्ति समिति के सदस्य प्रो. कविता कौशल, डॉ. राम सिंह, डॉ. सगुन डोगरा और प्रो. नवीन शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

**धर्म-कर्म** सावन की अपार श्रद्धा में पूजा, लंगर, सेवा और समर्पण से गूंजे घाट

## गोबिंदसागर के घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियाणी।** सावन मास का शुभ अवसर आते ही गोबिंदसागर झील की पावन लहरों में श्रद्धा की गंगा बहने लगती है। श्रद्धालु बेड़ा पूजन के माध्यम से अपनी आस्था को साकार करते हैं। वीरवार को भी झील के घाटों पर वही दृश्य देखा गया, सिर पर पूजा की टोकरी, हाथ में नारियल और हृदय में भक्ति का समर्पण। वीरवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गोबिंदसागर के घाटों पर कुटुंबियों के साथ पहुंचकर पूजा की और बेड़े छोड़े। यह नजारा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही एक गहन सांस्कृतिक विरासत का जीवंत चित्र था।



गोबिंदसागर के घाट पर बेड़ा छोड़ने पहुंचे श्रद्धालुओं का आजकल काफी जमावड़ा लगा है।

**श्रद्धा की नाव से वैतरणी की ओर आस्था का अनोखा संगम :** लठियाणी, मंडली, बुधान, अंदरौली (गरीब नाथ मंदिर), दोबड़ जैसे प्रमुख घाटों पर सुबह से ही भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई थी। धब्बेड़ा घाट पर भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पवित्र पूजन और स्नान कर पुण्य अर्जित किया। बाबा अजय कुमार ने बताया कि बेड़ा छोड़ते समय पूर्ण श्रद्धा और विधि-विधान से पूजन करना अत्यंत आवश्यक है।

इसमें सजाई गई नाव में दलिया, हलवा, पूरी, खीर आदि भोग अर्पित किए जाते हैं और ख्वाजा को समर्पित किए जाते हैं। उन्होंने यह भी विशेष आग्रह किया कि सभी श्रद्धालु सफाई का पूरा ध्यान रखें, ताकि झील का पवित्र वातावरण बना रहे और भावी पीढ़ियां भी इस आस्था से जुड़ सकें।

**लंगर, पूजन, जल सेवा सेवा और समर्पण की अनुपम मिसाल :** श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर वीरवार को प्रात: 10 बजे से भव्य लंगर की व्यवस्था कर सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद रूपी भोजन ग्रहण करते हैं और साथ ही पीने के जल, पंडित, पूजा सामग्री, और बैठने की उचित व्यवस्था भी की जाती है। इस समूची सेवा व्यवस्था की देखरेख बाबा पहाड़िया मंदिर कमेटी द्वारा की जाती है, जो श्रद्धालुओं के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है।

**श्रद्धा के साथ स्वच्छता भी अपनाने की अपील :** पंचायत प्रधान कमलेश कुमारी ने कहा कि हम हर वीरवार को श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भंडारा करवाते हैं। आने वाले सभी भक्तों से मेरा निवेदन है कि झील में न नहाएं और स्वच्छता बनाए रखें। पूजा हेतु पंडित की आवश्यकता हो तो मंदिर कमेटी से संपर्क करें।

**सेवाभाव में जुटे रहे समर्पित श्रद्धालु**

इस पुण्य अवसर पर जसवंत सिंह, तिलक शर्मा, रोनू, सिंटू, सरवन सिंह, जय राम, कमलेश कुमारी, माया देवी, बीरबल, कृष्ण कुमार, अजय कालिया, संजीव कुमार, बाबा हरी, हंसराज, राम आदि सेवादार तन-मन से लगे रहे।

**सावन और श्रद्धा की साझी विरासत**

गोबिंदसागर की लहरों पर बेड़ा बहता है, तो केवल पानी नहीं, मन की मुरादें, पापों से मुक्ति की प्रार्थनाएं और आस्था की ऊर्जा उसमें समाहित होती है।

---

## बीमार महिला के लिए संजीवनी बनी सर्वहितकारी सभा, दी सहायता



सर्वहितकारी सभा समिति बीमारी से जूझ रही महिला को सहायता प्रदान करती हुई।

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

उपमंडल अंब की पंजोआ खुर्द पंचायत में सर्वहितकारी सभा समिति ने समाज सेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक कार्य करते हुए एक पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता कर मानवीय संवेदनाओं का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। यह सहायता लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रही शीला देवी, पत्नी हरि सिंह धीमान को दी गई, ताकि उनके इलाज में कोई बाधा न आए।

इस पुनीत अवसर पर समिति के प्रधान मदन धीमान, उपप्रधान अनिल शर्मा, ग्राम पंचायत पंजोआ लड़ोली के प्रधान बलविंदर सिंह, फतेह सिंह, कुशल धीमान सहित कई सदस्य मौके पर उपस्थित रहे। प्रतिनिधियों ने परिवार को आश्वस्त किया कि समिति भविष्य में भी हर जरूरतमंद के साथ खड़ी रहेगी। सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि यह सहायता समिति के सदस्यों द्वारा स्वेच्छा से किए गए अंशदान से संभव हो पाई है। सर्वहितकारी सभा का गठन पंजोया-लड़ोली क्षेत्र में समाज सेवा के उद्देश्य से किया गया था और अब इसके साथ आसपास की अन्य पंचायतों के लोग भी जुड़ रहे हैं।

पंचायत प्रधान बलविंदर सिंह ने सभा की इस नेक कार्य की प्रशंसा की और इसे समाज में आपसी सहयोग, मानवीयता और भाईचारे को बढ़ावा देने वाला कदम बताया।

# कूड़े के ढेर में तब्दील हुआ कुल्लू अस्पताल का परिसर

## ऑक्सीजन प्लांट के साथ गारबेज बैग में फेंका है कूड़ा, कई दिनों से नहीं उठा कूड़ा

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित क्षेत्रीय अस्पताल परिसर पूरी तरह से कूड़े-कचरे में तब्दील हो चुका है।

अस्पताल के निचले गेट के साथ अस्पताल परिसर में कूड़े-कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जो अस्पताल में आने-जाने वाले मरीजों व उनके साथ आए तीमारदारों के साथ-साथ राहगीरों का भी मुंह चिढ़ा रहे हैं। हालांकि, विभाग का कहना है कि कूड़ा उठाने की ड्यूटी नगर परिषद की है और नगर परिषद के द्वारा काफी समय से कूड़ा नहीं उठाया गया है। इससे यहां कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लग गए हैं। वहीं, अस्पताल प्रबंधन के आसपास कहीं कूड़ा रखने के लिए जगह न होने के कारण गेट के पास विभाग द्वारा कूड़े के लिए डंपिंग बना दी है, जहां कूड़े के ढेर लगे हैं वहीं बाहर रास्ता भी है साथ ही यहां पर ऑक्सीजन प्लांट भी है, जहां पर कचरे के ढेर लग गए हैं। उधर, यहां से गुजरने वाले लोगों का कहना है कि अस्पताल परिसर में बनी डंपिंग से कई बीमारियों के फैलने का खतरा पैदा हो गया है। साथ ही मरीजों को कूड़े के ढेर से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुल्लू अस्पताल से प्रतिदिन काफी मात्रा में मेडिकल वेस्ट, गीला व सूखा कूड़ा निकलता है। इस कचरे को पहले पिरड़ी की डंपिंग साइट में निष्पादित किया जाता था और पिरड़ी में डंपिंग साइट बंद होने के बाद मनाली के रांगड़ी कूड़ा भेजा जाता था, लेकिन चार-पांच माह पूर्व नप मनाली ने भी कूड़ा लेने से इंकार कर दिया है। इसके बाद नप कुल्लू के पास ही इस कूड़े को यहां से उठाने की जिम्मेदारी है। मेडिकल वेस्ट तो शालाबाग भेजा जा रहा और गिला कूड़ा मौहल में किसी स्थानीय व्यक्ति द्वारा पशुओं के लिए इस्तेमाल होता है, जबकि सूखा-कूड़ा नप कुल्लू उठाती है पर पिछले काफी समय से कूड़ा नहीं उठाया गया है। इससे यहां पर काफी ढेर लगा हुआ है। हालांकि, यह कूड़ा अस्पताल प्रबंधन द्वारा गारबेज बैग में भर कर रखा गया है, लेकिन तब भी मुख्य रास्ते के साथ लगे बड़े-बड़े ढेर को देखकर लोग मुंह चिढ़ा रहे होते हैं।



कुल्लू अस्पताल के परिसर में लगे कूड़े के ढेर, राहगीरों का मुंह चिढ़ा रहे अस्पताल परिसर में लगा कचरे का ढेर।

### अस्पताल खुद बीमार

तीन जिलों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने वाला कुल्लू अस्पताल आज खुद ही बीमार चल रहा है। अस्पताल गेट के पास ही कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इससे आते-जाते मरीजों को यहां पर कूड़े से परेशानी हो रही है। शहरवासी दिव्या, आशा, कर्ण, रामलाल, श्यामा देवी सहित अन्य का कहना है कि अस्पताल में कचरे के ढेर लगना मरीजों के स्वास्थ्य के हिसाब से ठीक नहीं है। लोगों के अनुसार अस्पताल और उसके आसपास का क्षेत्र हर दिन साफ-सुथरा होना चाहिए, लेकिन यहां अस्पताल के भीतर का कचरा बाहर निकालकर डंप कर रखा है।

"अस्पताल से निकलने वाले तीन तरह के कूड़े में से मेडिकल वेस्ट को शालाघाट गारवेज प्लांट भेजा जाता है, जबकि जनरल वेस्ट (सूखा कूड़ा) को नगर परिषद कुल्लू अस्पताल से उठाती है। यह कूड़ा नगर परिषद कुल्लू द्वारा बाशा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्टरी भेजा जाता है, लेकिन फिलहाल एक अगस्त तक अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्टरी में कूड़ा नहीं जा रहा। इस कारण नप कुल्लू द्वारा इस बार कूड़ा नहीं उठाया गया है। इस कारण अस्पताल में ही मजबूरन कचरा डंप करना पड़ रहा है। नगर परिषद से कूड़ा यहां से उठाने के लिए कहा गया है। वहीं, गीले कूड़े को मौहल भेजा जाता है, जहां पर स्थानीय व्यक्ति द्वारा घर पर पाले गए जंगली पशुओं के लिए इसे इस्तेमाल किया जाता है। जल्द ही अस्पताल में गीले कूड़े से खाद तैयार होगी, उसकी प्रक्रिया जारी है और कूड़े को कहीं सही जगह व्यवस्थित करने की भी योजना है।

**डॉ. तारा चंद,चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू।**

# तलाड़ा के पास मलबा आने के चलते 10 घंटे ठप रहा यातायात

## बरसात में आठवीं बार बंद हुआ लारजी-सैंज संपर्क मार्ग

**अनंत ज्ञान, सैंज**

जिला कुल्लू के विभिन्न स्थानों में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश से जहां नदी-नालों का जलस्तर बढ़ा है। वहीं, भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आई हैं।

इसी कड़ी में जिले की सैंज घाटी के तलाड़ा के पास सड़क पर भारी मलबा आने से लारजी सैंज संपर्क मार्ग पर दस घंटे यातायात बंद रहा। सड़क बंद होने के कारण किसानों व बागवानों के अतिरिक्त आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पिछले तीन दिनों से घाटी में लगातार बारिश आम लोगों के लिए आफत बन रही है। भारी बारिश के कारण वीरवार को एक बार फिर सैंज संपर्क मार्ग दस घंटे बंद रहा। इस कारण दोनों तरफ सैकड़ों गाड़ियां फंसी रही। हालांकि, मौसम खुलते ही लोक निर्माण विभाग की मशीनरी ने सड़क को बहाल कर दिया। सड़क मार्ग अवरुद्ध रहने से सैकड़ों यात्रियों को दस घंटे भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता चमन सिंह ठाकुर ने बताया कि विभाग की मशीनों ने यातायात को बहाल कर दिया है। वहीं, सैंज घाटी के गाड़ापारली पंचायत में बाढ़ से पुल, रास्तें टूट गए हैं। इस कारण क्षेत्र के 4 गांव का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है। लोगों को पैदल आवाजाही बंद होने से भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। लोग टूटे रास्ते से जान-जोखिम में डालकर अपने गंतव्य तक पहुंच रहे हैं। वहीं, कुल्लू की डीसी तोरुल एस रवीश ने आम लोगों से आग्रह किया कि सड़कों पर ध्यान पूर्वक सफर करना ही उचित समझें।



सैंज घाटी के गाड़ापारली पंचायत में बाढ़ से रास्ता टूट जाने के बाद व्यक्ति जान जोखिम में डालकर रास्ता पार करते हुए।

# 2016 की नौतोड़ पॉलिसी लागू करे सरकार : ओम प्रकाश शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भूमिहीन व आवासहीन कल्याण परिषद के अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार वन भूमि पर गरीबों के अवैध कब्जों को लेकर हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करे।

वीरवार को ढालपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि सरकार 2016 की नौतोड़ पॉलिसी लागू करके गरीब व भूमिहीन लोगों को राहत प्रदान करे। ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि साल 2016 की नौतोड़ पॉलिसी में साफ-साफ लिखा है कि प्रदेश में 5 बीघा से कम जितनी भी अवैध कब्जे हैं, उन्हें नियमित करने के लिए पॉलिसी बनाई जाए। साथ ही सभी पंचायत में एफसीए का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि 2016 की नौतोड़ पॉलिसी को प्रदेश सरकार जल्द लागू करें। वहीं, उन्होंने कहा कि हिमाचल में अमीर लोग और अमीर हो रहे हैं, जबकि गरीब लोग और गरीब। सरकार गरीब लोगों को राहत देने की बजाए बड़े पूंजीपतियों को ही फायदा दे रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में कब्जे भी गरीब लोगों के ही उठाए जा रहे हैं और अमीर लोगों को कोई पूछ भी नहीं रहा है। उन्होंने बताया कि कुल्लू जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ही कई ऐसे लोग हैं, जिन्होंने कई-कई बीघा सरकारी भूमि पर कब्जे किए हैं, लेकिन सरकार और जिला प्रशासन उन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा उल्टा गरीब लोगों के कब्जों और 50- 50 साल पहले लगाए गए सेब के बगीचों पर कार्रवाई हो रही है, जो कि गलत है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने अपने हजारों लोगों को कई हजार बीघा भूमि दान की है। हिमाचल सरकार बड़े-बड़े प्रोजेक्टों को भूमि दे रही है, लेकिन गरीब लोगों से कब्जे छीन कर उन्हें परेशान किया जा रहा है।



आवासहीन कल्याण परिषद के अध्यक्ष ओम प्रकाश प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

# भुट्टिको ने कर्मचारी को सेवानिवृत्ति पर दी 2.92 लाख रुपए की ग्रेज्युटी राशि



विदाई समारोह के अवसर पर भुट्टिको के सीईओ के साथ कर्मचारी व अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भुट्टिको सभागार में वीरवार को शेर सिंह (चौकीदार) को उनके सेवाकाल पूर्ण करने पर सम्मानजनक विदाई पार्टी दी गई।

शेर सिंह सभा में फिनिशिंग यूनिट में स्किल्ड वर्कर तथा सभा परिसर में रात्रि चौकीदार के पदों पर रहते हुए कड़ी मेहनत, ईमानदारी व लग्न से कार्य करते हुए सेवानिवृत्त हो रहे है, उन्होंने लगभग 33 वर्ष से अधिक तक अपनी सेवाएं भुट्टिको सभा में दी। सभा की ओर से शेर सिंह को 2.92 लाख रुपए की ग्रेज्युटी राशि, 1.20 लाख रुपए अर्जित अवकाश व सभा अधिकारियों/कर्मचारियों की ओर से 51000 रुपए की राशि प्रदान की गई। इसके उपरांत शेर सिंह को सम्मानित किया गया व कुल्लवी नाटी डालकर सम्मानजनक विदाई दी गई। इस अवसर पर सभा उपाध्यक्ष मोहर सिंह, प्रबंधक मंडल के सदस्य मदन लाल, कलावती, इंदिरा देवी, मुख्य महाप्रबंधक विजय सिंह ठाकुर, मुख्य सलाहकार रमेश ठाकुर, महाप्रबंधक किशन चंद, सुरती देवी, दिनेश ठाकुर व अन्य अधिकारी कर्मचारी व शेर सिंह का परिवारजन मौजूद रहा।

# शिक्षण सामग्री की वितरित

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** सरस्वती विद्या मंदिर कटराई में अंचल मनाली के संच शिरड़ की आचार्य बहनों के नए सत्र को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें संच शिरड़ समिति द्वारा आचार्य बहनों को महत्वपूर्ण शिक्षण सामग्री वितरित की गई।

यह पहल आचार्यों को उनके शिक्षण कार्यों में सहायता प्रदान करने और शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। वितरित की गई सामग्री में गिनती व हिंदी वर्णमाला लेखाचित्र, ब्लैकबोर्ड, मैट व बैग, आचार्य डायरी, आचार्य मार्गदर्शिका, तथा खेलें-कूदें नाचे गाएं जैसी उपयोगी पुस्तिकाएं शामिल रही। यह सामग्री विशेष रूप से प्राथमिक शिक्षा को रुचिकर और प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर संच के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शरबलिंग गोंपा में धार्मिक अनुष्ठान से शुरू हुआ लाहौल-स्पीति ईको टूरिज्म फेस्टिवल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

शरबलिंग गोंपा में धार्मिक अनुष्ठान से वीरवार को लाहौल-स्पीति इको टूरिज्म फेस्टिवल की शुरुआत हुई। शरबलिंग गोंपा में धार्मिक अनुष्ठान हुआ। शरबलिंग गोंपा में श्रद्धेय दुलकु तेनपा रबग्य पूजा-पाठकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। शुक्रवार को जिस्पा में प्रवचन (डोलमा छेवांग) देंगे।

प्रखर प्रवक्ता व ज्ञानी श्रद्धेय खेपे पेमा नेगी बौद्ध धर्म पर अपने विचार रखेंगे। शुक्रवार व शनिवार को लाहौल-स्पीति जिले के जिस्पा में आयोजित होने जा रहे लाहौल-स्पीति इको टूरिज्म फेस्टिवल में कलाकार खूब धमाल मचाने को तैयार हैं। दो दिन तक लाहौल-स्पीति, किन्नौर, पांगी के नृत्य दलों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों में जनजातीय संस्कृति के दर्शन होंगे। किन्नौरी कल्चरल टीम, पांगी कल्चरल टीम, लाहौल सुर संगम, गरजा पीती संगम, कल्चरल टीम आफ नेपाल सहित बीरबल किन्नौरा, रमेश ठाकुर, रवि मियाडी, तेंजिन नोर्गे, आकाश, फूरबु नेगी, कालजंग, मुकेश भारद्वाज, मंजू सूर्यवंशी जैसे स्टार कलाकार दर्शकों को नाचने पर विवश करेंगे।

लाहौल इको टूरिज्म सोसायटी के अध्यक्ष कलजग टशी सोसायटी के अध्यक्ष कलजग टशी ने बताया कि शरबलिंग गोंपा में धार्मिक अनुष्ठान से आज वीरवर को लाहौल-स्पीति इको टूरिज्म फेस्टिवल की शुरुआत हो गई है। इको टूरिज्म फेस्टिवल को मनाने का मुख्य उद्देश्य लाहौल-स्पीति में पर्यटन को बढ़ावा देना है। इससे अधिक से अधिक सैलानी लाहौल-स्पीति आ सकें। उन्होंने लाहौल-स्पीति की जनता से विनम्र अनुरोध किया कि इस धार्मिक अनुष्ठान व फेस्टिवल में बढ़-चढ़कर भाग लें।

## न्यूज ब्रीफ

### अंडर-19 बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राज्य स्तरीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता जो पांवटा साहिब में आयोजित होने जा रही है उसके लिए वीरवार को अंडर-19 वर्ग का ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस ट्रायल का संचालन एसोसिएशन के चेयरमैन मदन बौद्ध व कोच सुरज की देख-रेख में किया गया। चयन प्रक्रिया में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 19 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें 12 लड़के व 7 लड़कियां सम्मिलित थीं। चयनित खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 अगस्त से प्रारंभ किया जाएगा। इसमें उन्हें प्रतियोगिता के लिए आवश्यक तकनीकी व शारीरिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके उपरांत शिविर खत्म होते ही लाहौल-स्पीति की टीमें राज्य स्तरीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 14 अगस्त को पांवटा साहब के लिया रवाना होगी।

### भूस्खलन ने बढ़ाई राहगीरों की दिक्कत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** मनाली-लेह मार्ग के धुंधी में हाकी ब्रिज के पास भूस्खलन होने से राहगीरों की दिक्कत बढ़ गई है। सड़क की हालत को देखते हुए वीरवार रात से अटल टनल होते हुए बड़े वाहनों के लिए मार्ग बंद कर दिया है। छोटे वाहनों को हालांकि इसी मार्ग से भेजा जा रहा है, लेकिन बड़े वाहन रोहतांग होकर ही आ जा रहे हैं। हाकी ब्रिज के पास भूस्खलन से सड़क लगातार धंस रही है। हालांकि, इस जगह बीआरओ फ्लाई ओवर बना रहा है, लेकिन भूस्खलन वाहन चालकों के लिए सरदर्द बना गया है। लेह से मनाली आ रहे सभी बड़े वाहनों को लाहौल पुलिस अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल में रोककर कोकसर व रोहतांग होकर मनाली भेज रहे हैं, जबकि मनाली से लेह जा रहे वाहनों को मनाली पुलिस पलचान से रोहतांग होकर लाहौल भेज रहे हैं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि भूस्खलन से सड़क लगातार धंस रही है। उन्होंने बताया कि सड़क की हालत ठीक होने तक बड़े वाहनों को रोहतांग से होकर, जबकि छोटे वाहनों को इसी मार्ग से भेजा जा रहा है। उन्होंने वाहन चालकों से आग्रह किया कि बारिश को देखते हुए रात के समय सफर करने से बचें।

# हिमाचल की टीम ने कोर्फबॉल प्रतियोगिता में जीता रजत पदक



कोर्फबॉल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों के साथ बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

तमिलनाडु में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय अंडर-19 कोर्फबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।

इस टीम में जिला कुल्लू के दो प्रतिभा खिलाड़ियों कल्पना देवी पुत्री सुभाष चंद, सुल्तानपुर तथा आशीष पुत्र भोला राम, गांव गड़ुसा ने भाग लिया और प्रदेश के साथ-साथ जिले का नाम भी रोशन किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सोलन में आयोजित की गई थी, जहां इन खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन प्राप्त किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में टीम ने टीम कोच सुनीता देवी व रामप्यारी के मार्गदर्शन में बेहतरीन प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के लिए ग्राम पंचायत हुरला की प्रधान सीता महंत के योगदान की भी सराहना की गई, जो लंबे समय से कोर्फबॉल खेल के प्रचार-प्रसार में सक्रिय रही हैं। जिला संगठन कुल्लू ने इन सभी का हृदय से आभार प्रकट किया। संगठन की ओर से यह जानकारी जिला संगठन प्रधान रजनीकांत, उपप्रधान केवली राम नेगी व सचिव अजय शर्मा ने दी। विधायक सुरेंद्र शौरी ने वीरवार को विश्राम गृह बजौरा में दोनों खिलाड़ियों का सम्मान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# प्रेमचंद के साहित्य पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में वीरवार को मुंशी प्रेमचंद की जयंती के उपलक्ष्य पर कॉलेज साहित्य परिषद द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने की। इस अवसर पर छात्रों को मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित कहानी पंच परमेश्वर पर एक टेलीफिल्म दिखाई गई। फिल्म प्रस्तुति के बाद पंच परमेश्वर कहानी पर एक परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें यशस्वी, रानिका, तनिका व रिया शर्मा ने भाग लिया और कहानी से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर सार्थक चर्चा की। संगोष्ठी में डॉ. संगीता नेगी एवं प्रो. निर्मल सिंह ने प्रेमचंद के साहित्यिक अवदान पर अपना व्याख्यान दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने मुंशी प्रेमचंद द्वारा रचित कहानी बंद दरवाजा के उर्दू व हिंदी पाठों का वाचन करते हुए इस कहानी की समीक्षा प्रस्तुत की। उन्होंने प्रेमचंद के साहित्य पर प्रकाश डालते हुए उसकी वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने साहित्य परिषद को इस संगोष्ठी के आयोजन के लिए बधाई देते हुए भविष्य में इस प्रकार के साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर विचार रखें।

# देवता कार्तिकेय स्वामी व नाग धूमल ने वशिष्ट में किया स्नान

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** पर्यटन नगरी के मुख्य तीर्थ स्थल वशिष्ट में सिमसा के देवता कार्तिक स्वामी और हलाण के नाग धूमल के आगमन से माहौल भक्तिमय हो गया। दोनों देवता वशिष्ट में पवित्र स्नान के लिए पहुंचे।

वशिष्ट में पवित्र स्नान की रस्म पूरा करने के बाद देवता अपने-अपने देवालय को लौटे। देवताओं के दर्शन के लिए वशिष्ट में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने देवताओं का जगह-जगह भव्य स्वागत किया। वशिष्ट तीर्थ स्थल में देवी-देवताओं के पवित्र स्नान की सदियों पुरानी परंपरा है। सदियों से देवी-देवता वशिष्ट में पवित्र स्नान को जाते हैं। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए सिमसा गांव के देवता कार्तिक स्वामी और हलाण के देवता नाग धूमल ने पवित्र स्नान किया। नाग धूमल नग्गर गांव को अपने देवालय से वशिष्ट के लिए निकले थे। सुबह देवता ने वशिष्ट मे पवित्र स्नान किया। स्नान की रस्म पूरी करने के बाद देवता नाग धूमल अपने देवालय के लिए लौटे। दोपहर को लगभग तीन बजे देवता मनाली के माल रोड से गुजरे, तो पूरा परिवेश देवधुनों से गूंज उठा। नाचते-गाते हुए देवलू अपने देवालय के लिए रवाना हुए। देवलुओं ने बताया कि देवता के देवालय पहुंचने पर यज्ञ का आयोजन होगा। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उधर, सिमसा के आराध्य देव सेनापति कार्तिकेय स्वामी ने भी वशिष्ट में पवित्र स्नान किया। सुबह देवता सिमसा स्थित अपने मंदिर से वशिष्ट के लिए रवाना हुए। वशिष्ट में पवित्र स्नान की देव परंपरा का निर्वहन करने के बाद देवता देवालय पहुंचे। देवता के पुजारी रविंद्र शर्मा ने बताया कि देवता समय-समय पर स्नान के लिए वशिष्ट जाते हैं। इसी के तहत देवता वशिष्ट गए और पवित्र स्नान की रस्म पूरी की।



देवता नाग धुंबल हारियानों के साथ देवालय की ओर रवाना होते हुए।

# स्पीति कांग्रेस को भीड़ जुटाने के लिए लेना पड़ा दिहाड़ी देकर प्रवासी मजदूरों का सहारा



कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में शामिल प्रवासी मजदूर, भीड़ जुटाने में रही नाकामयाब।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

लाहौल-स्पीति भाजपा के उदरपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष किशोरी रावत ने कहा कि सत्ता में होते हुए भी स्पीति कांग्रेस भीड़ जुटाने में नाकामयाब रही है।

उन्होंने कहा कि 29 जुलाई को स्पीति कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान नेता प्रतिपक्ष भारतीय जनता पार्टी जय राम ठाकुर के खिलाफ बिना वजह विरोध-प्रदर्शन किया और उनका पुतला जलाने की, जो शर्मनाक हरकत की गई है कांग्रेस की इस हरकत की भाजपा उदयपुर मंडल ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस विरोध-प्रदर्शन से स्पीति की जनता ने साथ-साथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भी किनारा किया है। मजबूरी में स्पीति कांग्रेस को भीड़ जुटाने के लिए दिहाड़ी देकर प्रवासी मजदूरों का सहारा लेना पड़ा। इसका प्रमाण तस्वीरों में साफ दिख रहा है। एक प्रवासी मजदूर की पहचान साफ-साफ की गई। विशेष सूत्रों से पता चला है कि और भी प्रवासी मजदूर विरोध-प्रदर्शन में शामिल थे, जो कि कांग्रेस के झंडे के पीछे अपना चेहरा छुपा रहे थे। उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति में कांग्रेस के हालात इतने खराब हो जाएंगे कांग्रेस ने खुद भी सोचा नहीं होगा।

**परेशानी** लोगों में नाराजगी, पंचायत से सख्त कार्रवाई की मांग

# पतलीकूहल-नग्गर सड़क पर जलभराव

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** पतलीकूहल-नग्गर सड़क पर हर साल बारिश के मौसम में गंदगी और जल भराव एक गंभीर समस्या बन गई है।

इससे स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में इस उपेक्षा को लेकर काफी गुस्सा है। इस सड़क पर वन विभाग, बिजली बोर्ड, जल शक्ति विभाग, कृषि विभाग और उद्यान विभाग के कार्यालयों के साथ-साथ एक सब्जी मंडी भी स्थित है। लोक निर्माण विभाग समय-समय पर सड़क के नीचे से गुजरने वाली नहर (कूहल) से गंदगी साफ करता रहता है, लेकिन समस्या की जड़ कूहल में कचरा फेंकना है। लोग बार-बार कूहल में कचरा फेंक रहे हैं। वहीं, फिश फार्म द्वारा क्षमता से अधिक मात्रा में पानी छोड़ा जाता है, जो एक कारण है। इन दोनों कारणों से कूहल का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहने लगता है। यही पानी अपने साथ कचरा भी ले आता है। इससे सड़क पर कीचड़ और गंदगी फैल जाती है। स्थानीय निवासी मयुर, संजय, बंटी, राजू और शम्मी का मानना है कि इस समस्या के लिए पंचायत को जिम्मेदार लेनी चाहिए।

उनका कहना है कि पंचायत को कूहल में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए, जब तक कूड़ा फेंकने की इस आदत पर लगाम नहीं लगती, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। ग्राम पंचायत हलाण-2 की प्रधान सीमा देवी ने बताया कि फिश फार्म नहर में अधिक मात्रा में पानी छोड़ा जाता है। इससे यह ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहने लगता है। उन्होंने बताया कि पंचायत ने नहर के कुछ हिस्से पर लोहे की जाली लगा दी है और बचे हुए हिस्से पर भी बजट का प्रावधान होते ही जाली लगाई जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रशासन और स्थानीय निवासियों के बीच समन्वय और जागरूकता की आवश्यकता है।



पतलीकूहल-नग्गर सड़क किनारे फैला कूड़ा-कचरा व गंदा पानी, लोगों को हो रही परेशानी।

# अभिभावकों की उपस्थिति कम होने से पीटीए मीटिंग बेनतीजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय, कुल्लू में वीरवार को आयोजित पीटीए मीटिंग बेनतीजा रही। अभिभावकों की उपस्थिति कम होने के कारण नई कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका। राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में पांच हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए पीटीए की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया था। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सोम किशन शर्मा ने बताया कि पीटीए बायलॉज के अनुसार नई कार्यकारिणी का गठन के लिए आयोजित पहली बैठक में दो-तिहाई अभिभावकों की उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि वीरवार को आयोजित पहली बैठक में अभिभावकों की उपस्थिति काफी कम थी। इसके चलते नई कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका। डॉ. शर्मा ने बताया कि पीटीए की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए 3 अगस्त को दूसरी बैठक होगी। प्राचार्य ने बैठक में अधिक से अधिक अभिभावकों से उपस्थित रहने की अपील की है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को जल्द लागू किया जाए : अभिनव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई कुल्लू द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर 24 घंटे की सांकेतिक भूख-हड़ताल की गई। यह भूख-हड़ताल वीरवार को दोपहर 12 बजे खत्म हुई। कुल्लू जिला एबीवीपी के संयोजक अभिनव कश्यप ने बताया कि प्रदेश सरकार की छात्र विरोधी नीतियों व शैक्षणिक संस्थानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के विरोध में सांकेतिक भूख-हड़ताल का आयोजन किया गया।

यह भूख-हड़ताल बुधवार दोपहर 12 बजे राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में शुरू हुई थी, जो कि वीरवार दोपहर 12 बजे सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस भूख हड़ताल में विशेष उपस्थिति राहुल बिष्ट की रही। परिषद के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है तथा शिक्षा प्रणाली में बढ़ते राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण युवाओं का भविष्य संकट में पड़ता जा रहा है।



परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार इन मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लेती है, तो परिषद को आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। छात्र संघ चुनाव बहाल कर छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों को सुनिश्चित किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को प्रदेश में पूर्ण रूप से लागू किया जाए। शिक्षण संस्थानों की तालाबंदी जैसी कार्रवाईयों, जो राजनीतिक द्वेष से प्रेरित हैं, बंद की जाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### रेस्ट हाउस के हेल्पर ने पंखे से लटक कर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हेल्पर सर्किट हाउस परवाणू ने पुलिस थाना परवाणू में सूचना दी कि एक व्यक्ति जगदीश चौहान, जो कि लोक निर्माण विभाग परवाणू के रेस्ट हाउस में बतौर हेल्पर कार्यरत था उसने रेस्ट हाउस परवाणू में आत्महत्या कर ली है। इस सूचना पर पुलिस थाना परवाणू की पुलिस टीम मौके की तस्दीक के लिए रेस्ट हाउस परवाणू पहुंची, जहां पर उक्त टीम द्वारा रेस्ट हाउस के कमरा नं. 11 को खोलकर चैक किया, तो कमरे के अंदर एक व्यक्ति छत में लगे पंखे से दुपट्टे का फंदा लगाकर लटका हुआ पाया गया, जिसकी मृत्यु हो चुकी थी। तस्दीक करने पर उसकी पहचान जगदीश चौहान निवासी गांव धारड़ा डाकघर धारड़ा प्राथा तह. कसौली जिला सोलन हिप्र उम्र 31 वर्ष के रूप में हुई। मौके पर मृतक के परिवार के सदस्य व अन्य लोग भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान मृतक के गले में फंदे के निशान के अलावा कोई अन्य चोट खरोंच के निशान न पाए गए। मौके पर कोई भी सुसाइड नोट आदि बरामद न हुआ। मौके पर समस्त कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात मृतक के शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए ईएसआई अस्पताल परवाणू ले जाया गया। जांच में पाया गया कि मृतक जगदीश चौहान शादीशुदा था, जिसका पिछले काफी समय से एक महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसका पता उसके परिजनों को भी था। मृतक का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। मामले में धारा 194 बीएनएसएस, 2023 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### पांवटा में शुरू हुई जिला स्तरीय चेस प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** चेस एसोसिएशन जिला सिरमौर के सौजन्य से जिला स्तरीय चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिला सिरमौर के 22 से अधिक स्कूलों के 140 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मीडिया से बात करते हुए चेस एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य हितेश फंडा ने बताया कि चेस चैंपियनशिप में सिरमौर जिले के अलग-अलग क्षेत्र से भारी संख्या में अंडर-13 व अंडर-19 वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी किया जाएगा, जो सिरमौर जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि चेस एसोसिएशन का प्रयास है कि क्षेत्र के खिलाड़ियों को चेस के क्षेत्र में बेहतरीन प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया जाए। इसको लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। एसोसिएशन का मकसद युवाओं विशेष कर छोटे बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों की ओर प्रोत्साहित करना है।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर अध्यापकों सहित विद्यार्थियों ने लगभग 100 पौधे स्कूल परिसर व अपने घरों के आसपास खाली जमीन पर लगाए। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हेमचंद शर्मा और क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक बृजमोहन, युवा क्लब के प्रधान लक्की, पूर्व छात्र तरुण, कपिल ने भी स्कूल प्रबंधन का सहयोग किया। ईको क्लब प्रभारी नरेंद्र कुमार ने क्लब के सदस्यों को बताया कि हम सभी को बरसात में पौधे लगाने के बाद उनकी उचित देखभाल भी करनी चाहिए। मुख्याध्यापक पीसी बट्ट ने परिसर के साथ बेलपत्र का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वन मित्र रितिका ने विभिन्न पौधों की जानकारी व प्रक्रिया समझाई। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक नरेंद्र, शारीरिक शिक्षा अध्यापक जय प्रकाश, क्लर्क सुरेंद्र कुमार, लीला उपस्थित रहे।

### आज से मनाया जाएगा विश्व स्तनपान सप्ताह

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महिला एवं बाल विकास विभाग सोलन के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पदम देव शर्मा ने कहा कि प्रथम से 7 अगस्त तक जिला सोलन में विश्व स्तनपान सप्ताह आयोजित किया जाएगा। डॉ. पदम देव शर्मा ने कहा कि विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्तनपान व पोषण संबंधी जानकारी के बारे में धातृ महिलाओं को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह का विषय 'स्तनपान में निवेश, भविष्य में निवेश' निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से धातृ महिलाओं को स्तनपान के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त ऊपरी आहार व मां द्वारा अपने बच्चों की उचित देखभाल, कुपोषण, एनीमिया में कमी तथा नवजात शिशुओं को 6 माह तक केवल स्तनपान जैसे विषय पर भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### सिमरन और अंजलि ने चमकाया नाम

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट कॉलेज की छात्रा सिमरन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश विवि की विगत अप्रैल में आयोजित बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा में मेरिट सूची में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त एनएसएस स्वयं सेविका अंजली बीए तृतीय वर्ष की छात्रा 15 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस परेड में भाग लेने के लिए चयनित हुई है। इन दोनों छात्राओं की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल मनकोटिया ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं, ऐसी छात्राएं पूरे कॉलेज और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। यह सफलता केवल छात्राओं की ही नहीं, बल्कि पूरे कॉलेज की है।

### मुंशी प्रेमचंद के योगदान से परिचित करवाया

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** मुंशी प्रेमचंद जयंती के पावन अवसर पर राजकीय महाविद्यालय, पझौता में मुंशी प्रेमचंद के जीवन और विचारों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री विद्यार्थियों को दिखाई गई। डॉक्यूमेंट्री के पश्चात मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी नमक का दरोगा की दूरदर्शन द्वारा तैयार की गई फिल्म भी विद्यार्थियों को दिखाई गई। इस अवसर पर कॉलेज के इतिहास विषय के सहायक आचार्य डॉ. प्रकाश शर्मा ने विद्यार्थियों को मुंशी प्रेमचंद के महान जीवन तथा योगदान से परिचित करवाया। उन्होंने बताया कि मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं में भारतीय जीवन के यथार्थ व आदर्श दोनों ही गुंथे हुए हैं तथा उनकी रचनाओं से हम जीवन दृष्टि तथा संस्कार गढ़े जा सकते हैं। हिंदी भाषा, साहित्य तथा व्याकरण के सामान्य ज्ञान पर आधारित एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी इस अवसर पर किया गया। इसमें मुंशी प्रेमचंद के जीवन और विचारों पर केंद्रित एक अलग राउंड भी रखा गया था। प्रतियोगिता में अनिकेत, अश्विनी और नीरज की टीम ने प्रथम, कृष, यतिन और दिग्गज की टीम ने द्वितीय तथा कविता, ज्योति और अंजलि की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

### स्त्रोन देवता मेला 4 अगस्त से होगा शुरू

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** उपमंडल का प्रसिद्ध एवं पारंपरिक स्त्रोन देवता शनोल मेला 4 अगस्त को चुरवाधार के समीप कूफर जोहड़ धनोगा में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मेला समिति के प्रधान शेखर शर्मा ने बताया कि देवता स्त्रोन की पारंपरिक पूजा, कुश्ती और सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले के मुख्य आकर्षण होंगे। जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक एवं पूर्व उपाध्यक्ष जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक सोलन यशपाल सिंह ठाकुर मेले में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसके द्वारा 4 अगस्त को 11 बजे पूर्वाह्न मेले का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा, जबकि दिल्ली गाजीपुर के आढ़ती प्रवेश मेले के समापन अवसर पर बतौर विशिष्टातिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। प्रधान शेखर शर्मा ने बताया कि 4 अगस्त को स्त्रोन देवता की प्रातः 8 बजे पारंपरिक पूजा और हवन यज्ञ किया जाएगा। तदोपरांत मेला स्थल पर प्रातः दस बजे देवता की पवित्र छड़ी का भव्य स्वागत किया जाएगा। मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें सिरमौर व अन्य जिलों के प्रसिद्ध कलाकार अपनी कला का जादू बिखेरेंगे। दोपहर बाद कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। इसमें उत्तरी भारत के नामी पहलवान भाग लेंगे। इसमें माली जीतने वाले पहलवान को 51 हजार का इनाम दिया जाएगा।

# क्षेत्रीय अस्पताल में नहीं हो रहे आंखों के ऑपरेशन

## नेत्र रोग स्पेशलिस्ट ने दिया त्याग पत्र, लोग हो रहे परेशान

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

सोलन। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में इन दिनों आंखों के ऑपरेशन नहीं हो रहे हैं। इससे मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को मजबूरी में ऑपरेशन के लिए निजी क्लीनिकों या फिर आईजीएमसी शिमला का रुख करना पड़ रहा है।

इससे समय की बर्बादी तो हो रही है साथ ही मरीजों की परेशानी भी बढ़ रही है। आईजीएमसी शिमला में मरीजों को ऑपरेशन की डेट लेने के लिए भी कई बार धक्के खाने पड़ते हैं। इसके बाद ऑपरेशन की डेट मिल रही है। वहीं, निजी अस्पतालों में नेत्र के ऑपरेशन करवाने के लिए अधिक पैसे लग रहे हैं। ऐसे में लोगों को खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं।



फाइल फोटो।

### हिमकेयर कार्ड की सुविधा नहीं

**हिमकेयर** कार्ड की निजी क्लीनिकों में सुविधा न मिलने के कारण अधिक समस्या का सामना मरीजों को करना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार क्षेत्रीय अस्पताल में तैनात एक नेत्र रोग विशेषज्ञ ने बीते दिनों पद से त्यागपत्र दे दिया है। इसके बाद से पद रिक्त चला हुआ है। पहले यहां दो नेत्र रोग विशेषज्ञ होते थे, अब एक ही विशेषज्ञ अस्पताल में रह गए हैं। इससे एक ही ओपीडी के बाहर कतारें लगी रहती हैं। ऑपरेशन की डेट देने में भी दिक्कतें पेश आ रही हैं। हॉस्पिटल में मोतियाबिंद समेत कई तरह के ऑपरेशन न होने से मुश्किलें बढ़ गई हैं। अस्पताल में हर माह 40 मरीजों के ऑपरेशन होते थे, लेकिन इन दिनों एक भी ऑपरेशन नहीं हो रहा है। क्षेत्रीय अस्पताल जिले का सबसे बड़ा स्वास्थ्य संस्थान है। यहां सोलन ही नहीं, बल्कि जिला शिमला और सिरमौर से भी मरीज उपचार के लिए आते हैं। इन दिनों अस्पताल में नेत्र विभाग में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में रोजाना की नेत्र रोग ओपीडी भी करीब 70 है।

> **विशेषज्ञ** डॉक्टर के इस्तिफे के चलते अस्पताल में नेत्र रोग ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं। रिक्त पद को लेकर उच्चाधिकारियों को बता दिया गया है। जल्द ही ऑपरेशन की सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी।
>
> **डॉ. राकेश पंवार, चिकित्सा अधीक्षक, क्षेत्रीय अस्पताल, सोलन।**

## किला-कलांच सड़क की खस्ताहाल को लेकर रोष

**संजय राजन, सराहां।** उपमंडल पच्छाद के मुख्यालय सराहां से घिन्नीघाड़ को जोड़ने वाली डुंगा घाट से किला कलांच सड़क के खस्ता हाल को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। इसी के चलते क्षेत्र के समाजसेवी व किसान नेता विनोद शर्मा के नेतृत्व में गुस्साए ग्रामीणों ने एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा के मार्फत लोक निर्माण मंत्री को ज्ञापन दिया तथा किसी भी हाल में इस सड़क को पक्का करने का निवेदन किया, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके और उनकी गत पांच दशकों की मांग पूरी हो सके। लोगों ने बताया कि यह मार्ग इलाके की 10 पंचायतों को सराहां से जोड़ता है। इस इलाके के लोगों के रोजमर्रा के कार्य सराहां में ही संपन्न होते हैं। इसी मार्ग से प्रतिदिन स्कूल, कॉलेज व आईटीआई में पढ़ने वाले बच्चे आते हैं। वहीं, किसान भाई अपनी सब्जी, दूध व अन्य फसलों को सराहां लेकर आते हैं। नाहन व सोलन जाने का भी इस इलाके के लोगों का यही एकमात्र रास्ता है यदि कोई बीमार पड़ जाए, तो सराहां में ही इलाके का एकमात्र सिविल अस्पताल है, अभी तक सभी सरकारें इस जमीन पर लोक निर्माण विभाग का नाम न होने का हवाला देकर सड़क को पक्का नहीं करती थी, लेकिन लोगों का कहना है कि अब इस मार्ग में आने वाली भूमि लोक निर्माण विभाग के नाम लोगों द्वारा कर दी गई है। अत: अब इसे जल्द पक्का किया जाना चाहिए।

# भारतीय लोकतंत्र की गरिमा को किया महसूस



भारतीय जनता युवा मोर्चा हिमाचल के पदाधिकारी संसद भवन का भ्रमण करने के बाद।

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

भारतीय जनता युवा मोर्चा हिमाचल प्रदेश के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा की अध्यक्षता में दिल्ली स्थित संसद भवन का भ्रमण किया।

यह भ्रमण युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या के सौजन्य से करवाया गया। इसके संयोजक युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री साकेश शर्मा रहे। इस अवसर पर युवा मोर्चा की प्रदेश टीम ने संसद की कार्यप्रणाली को देखा और भारतीय लोकतंत्र की गरिमा को महसूस किया। इस संसद कार्यक्रम में मोर्चा के प्रदेश महामंत्री साकेश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष शाश्वत कपूर व भवानी पठानिया, प्रदेश सचिव करनैल सिंह, रोहित ठाकुर, जगदीप शर्मा व नरेंद्र ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता रोहित भारद्वाज, चंदन पंडित व प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक संजय बस्ता ने भाग लिया। सभी पदाधिकारियों ने संसद की ऐतिहासिकता और लोकतांत्रिक परंपराओं की महत्ता पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के समापन पर युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या से उनके आवास पर मिले और इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

## पुलिस को देख फेंका लिफाफा, 458 ग्राम गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन**

औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब-तिलोकपुर सड़क मार्ग पर पुलिस का नाका देखकर एक नशा तस्कर, जो कि पैदल ही जा रहा था उसने अपने हाथ में लिया काले रंग के लिफाफे को फेंक कर मौके से फरार होने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने आरोपी तस्कर को पकड़ लिया।



आरोपी के लिफाफे से 458 ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस टीम रात करीब 9.47 बजे खैरी गांव जोहड़ो में नाका लगाकर ट्रैफिक चकिंग कर रही थी, इसी दौरान एक व्यक्ति पैदल कालाआंब की तरफ आ रहा था, जिसने अपने हाथ में काले रंग का लिफाफा उठा रखा था। इसने पुलिस को देखकर वह लिफाफा वहीं फेंक दिया व भागने की कोशिश करने लगा। एसपी ने बताया कि पुलिस ने शक होने पर आरोपी को काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम उपेंद्र राम पुत्र बाबू लाल राम उम्र 40 साल निवासी गांव भगवानपुर बैरियर थाना वजिला शिवहर बिहार बताया, जो मौजूदा में गांव झिडिवाला हरियाणा का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि पुलिस ने जब फेंके गए लिफाफे को चैक किया, तो उसमें 458 ग्राम गांजा पाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## इशानी की सैन्य नर्सिंग सेवा में तैनाती

**अनंत ज्ञान, नाहन।** माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग नाहन की पूर्व छात्रा का सैन्य नर्सिंग सेवा में तैनाती हुई है। प्रबंधन ने पूर्व छात्रा, लेफ्टिनेंट इशानी ठाकुर, पुत्री राजेश ठाकुर की उल्लेखनीय उपलब्धि पर गर्व किया। लेफ्टिनेंट इशानी ने 2013-2017 बैच के तहत माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग नाहन से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। उनके समर्पण, करुणा और नेतृत्व ने उन्हें सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा के हिस्से के रूप में राष्ट्र की सेवा करने का यह प्रतिष्ठित अवसर प्रदान किया। माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग हमेशा से ही नर्सिंग में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है, साथ ही व्यावहारिक नैदानिक प्रशिक्षण को भी समान प्राथमिकता देता है। कॉलेज यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक छात्र न केवल शैक्षणिक रूप से, बल्कि पेशेवर रूप से भी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की गतिशील चुनौतियों का आत्मविश्वास और क्षमता के साथ सामना करने के लिए तैयार हो।

# मानपुरा में 138 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

नोबल चैरिटी वेलफेयर सोसायटी द्वारा गुरुद्वारा मानपुरा में आयोजित 26वें रक्तदान शिविर में 138 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ मानपुरा के धर्म सिंह ने किया। उन्होंने सोसायटी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पुनीत कार्यों में हम सब को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। रक्तदान शिविर में पीजीआई ब्लड बैंक की टीम ने यह रक्त डॉ. अनुभव, डॉ. पुनीत और डॉ. श्रीवतसम के नेतृत्व में करीब डेढ़ दर्जन कर्मियों की टीम के साथ रक्त एकत्रित किया।

सोसायटी के प्रमुख आयोजक गुरमैल चौधरी और उर्मिल चौधरी ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि यह 26वां रक्तदान शिविर है और यह भविष्य में भी जारी रहेंगे। उन्होंने टीम में आए सहयोग करने वालों का भी धन्यवाद किया। इस दौरान विशाल लंगर भी लगाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक परमजीत सिंह, राजेश वर्मा, भगवान सैनी, बलबीर सिंह, जिला परिषद सदस्य नारायण दास, जिला उपाध्यक्ष अमर चंद संधू, जिला सचिव गुरमैल चौधरी, मंडल प्रधान मान सिंह मेहता, हंस राज चंदेल, विधि चंद राणा, जितेंद्र ठाकुर, तरसेम चौधरी, पंचायत प्रधान नामदेव, उर्मिल चौधरी, धर्म सिंह, सुभाष शर्मा, पूर्व प्रधान देव राज ठाकुर, जगतार हीरा, रामदयाल नेगी, मेला राम आदि मौजूद रहे।



### रक्तदान कर जीवनदान का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** नालागढ़ स्थित इमाकयूल लाइफसाइंस में रोटरी क्लब बद्दी के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 65 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर विराल शाह ने किया। उन्होंने रोटरी क्लब बद्दी और अन्य सभी रक्तदाताओं का आभार जताया तथा कहा कि भविष्य में यह कंपनी रक्तदान शिविर लगाती रहेगी। शिविर की अध्यक्षता रोटरी क्लब बद्दी के नए प्रधान जगदीप अरोड़ा ने की। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब बद्दी सदैव ही सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए लगातार ऐसे कार्यों को अंजाम देता रहता है। ऐसे शिविर लगाने के लिए और प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि ब्लड बैंकों में रक्त की कमी न हो। शिविर में रोटरी एंड ब्लड बैंक सोसायटी रिसोर्सिस सेंटर सेक्टर-37 चंडीगढ़ की टीम ने डॉ. मनीष राय के नेतृत्व में यह रक्त एकत्रित किया और रक्तदानियों को रक्त का महत्व बताया तथा विस्तार से रक्त के बारे में जानकारी दी।

## हिमांशी का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंदन की छठी कक्षा की छात्रा हिमांशी गुप्ता का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। प्रधानाचार्या भीमा वर्मा ने बताया कि छात्रा वर्तमान समय में विद्यालय में छठवीं कक्षा में पढ़ती है। छात्रा की प्रारंभिक पढ़ाई स्थानीय स्कूल में ही हुई है और छात्रा शुरू से ही पढ़ाई में बहुत अच्छी रही है। छात्रा के पिता हेमंत गुप्ता प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा हैं और माता शमोनिका गुप्ता गृहिणी हैं। छात्रा के इस चयन से पूरे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से सभी छात्रों को एक प्रेरणा मिलेगी। छात्रा ने विद्यालय के साथ साथ पूरे इलाके को गौरवान्वित किया है।



# छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, सोलन**

विद्यार्थी परिषद महाविद्यालय सोलन इकाई द्वारा प्रदेश सरकार की छात्र-विरोधी नीतियों व शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्थाओं के विरोध में सांकेतिक भूख-हड़ताल का आयोजन किया गया।

एबीवीपी ने निम्नलिखित मांगों को प्रमुखता से उठाया। इसमें मुख्यता लोकतांत्रिक अधिकार छात्र संघ चुनाव बहाल करें, छात्र संघ चुनाव छात्रों का मौलिक लोकतांत्रिक अधिकार है, जिसे तत्काल बहाल किया जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को जल्द लागू किया जाए। नई शिक्षा नीति को प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों में जल्द व प्रभावी रूप से लागू किया जाए। शिक्षण संस्थानों की तालाबंदी बंद हो, राजनीतिक द्वेष के चलते शिक्षण संस्थानों को बंद किया जा रहा है। इससे छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है। यह रवैया बंद किया जाए। आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जाए। शिक्षण संस्थानों में भवन, पुस्तकालय, लैब, इंटरनेट जैसी सुविधाओं को बेहतर किया जाए। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर लगाम, खनन माफिया और नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई कर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। रिक्त पदों को जल्द भरा जाए व प्रदेश के विभिन्न विभागों में वर्षों से खाली पदों को जल्द भरा जाए, ताकि योग्य युवाओं को रोजगार मिल सके।

### एबीवीपी ने शुरू की 24 घंटे की भूख-हड़ताल

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नालागढ़ इकाई द्वारा प्रदेश सरकार की छात्र विरोधी नीतियों के विरोध में नालागढ़ कॉलेज परिसर में 24 घंटे की भूख-हड़ताल शुरू की गई। इसका लक्ष्य प्रदेश की शिक्षा विरोधी सरकार को जगाना है।

इसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रमुख मांगों में छात्र संघ चुनावों की जल्द बहाली। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया जाए। राजनीतिक द्वेष के कारण शैक्षणिक संस्थानों की तालाबंदी रोकी जाए। संस्थानों की बुनियादी संरचना को सुदृढ़ किया जाए। मूल्यांकन प्रणाली को पारदर्शी और मजबूत बनाया जाए। खनन माफियाओं और नशा तस्करों पर कठोर कार्रवाई की जाए। विभागों में रिक्त पदों को जल्द भरा जाए। आपदा प्रभावित परिवारों को तुरंत मुआवजा दिया जाए। एबीवीपी नालागढ़ इकाई के 15 कार्यकर्ता इस 24 घंटे की भूख हड़ताल में शुक्रवार 12 से लेकर आज 12 तक बैठेंगे तथा विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रदेश की हर एक जिले के अंदर प्रदेश की सोई हुई सरकार को जगाने के लिए ऐसे भूख-हड़तालों का आयोजन किया जा रहा है। इससे प्रदेश की शिक्षा विरोधी व युवाओं का शोषण करने वाली सरकार को उसकी नींद से उठाया जाए और प्रदेश की छात्रों और युवाओं के हित में कदम उठाने का आग्रह किया जाए। परिषद ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं करती, तो पूरे प्रदेश में जनांदोलन तेज किया जाएगा। एबीवीपी यह मांग करती है कि प्रदेश सरकार युवाओं की आवाज को गंभीरता से सुने और जल्द ठोस कदम उठाए।

# 4 अगस्त को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी डॉ. परमार की जयंती



सिरमौर कल्याण मंच सोलन की बैठक में मंच के प्रधान प्रदीप मंमगाई बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सिरमौर कल्याण मंच सोलन की बैठक मंच के प्रधान प्रदीप मंमगाई की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन मंच के महासचिव यशपाल कपूर ने किया। बैठक में मंच के सदस्यों ने 4 अगस्त को हिमाचल निर्माता व प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार के जन्मदिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया।

इस मौके पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल मुख्यातिथि होंगे, जबकि डॉ. यशवंत सिंह परमार के पौत्र व वरिष्ठ कांग्रेस नेता आनंद परमार विशिष्टातिथि होंगे। बैठक में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कमेटियों का गठन किया गया। सोलन में सिरमौर कल्याण मंच 24 वर्षों से डॉ. परमार की जयंती मना रहा है। प्रदेश की यह एकमात्र ऐसी संस्था है, जो पूरा दिन परमार जयंती को एक उत्सव की भांति मनाती है। इस वर्ष प्रात: 8 बजे सोलन की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी के दर्शन के बाद 9 बजे डॉ. यशवंत सिंह परमार की चिल्ड्रन पार्क स्थित प्रतिमा पर माल्यापर्ण होगा। 11 बजे कवि व विचार गोष्ठी का शुभारंभ होगा। दोपहर बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, मुख्यातिथि का स्वागत सत्कार किया जाएगा। इसके अलावा उल्लेखनीय कार्य करने वाले सिरमौर की दो विभूतियों को सिरमौर सम्मान व परमार सम्मान से नवाजा जाएगा।

# सामाजिक विकास योजना के बारे में ग्रामीणों को करें जागरूक: डीसी



डीसी की अध्यक्षता में वीपीआरपी के तहत समन्वय समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, सोलन+**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में गांव समृद्ध सतत विकास योजना (वीपीआरपी) के तहत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

मनमोहन शर्मा ने जिले के समस्त खंड विकास अधिकारियों तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव समृद्ध सतत विकास योजना, स्वयं सहायता समूह व गैर स्वयं सहायता की हदकारी योजना, आजीविका योजना, सार्वजनिक वस्तुएं, सेवाएं व संसाधन विकास योजना तथा सामाजिक विकास योजना के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करें, ताकि पात्र व्यक्तियों को इन योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों को खंड स्तरीय समन्वय समिति के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित बनाएं कि उक्त योजनाओं की जानकारी ग्रामीण स्तर तक पहुंचे तथा आमजन इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। डीसी ने निर्देश दिए कि दो अक्तूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभा में इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन, जिला उद्योग महाप्रबंधक सुरेंद्र ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवार, वन मंडल अधिकारी सोलन एचके गुप्ता, जिला पंचायत अधिकारी जोगिंद्र प्रकाश राणा तथा जिले के समस्त खंड विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**आयोजन** पांवटा में नशा मुक्त भारत जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन

# नशे की बढ़ती प्रवृत्ति की रोकथाम पर दिया विशेष बल

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

नशा मुक्त भारत जागरूकता अभियान के अंतर्गत मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर नवदीप मानसिक रोगी चिकित्सक, सिविल हॉस्पिटल पांवटा साहिब ने अपने विचार उपस्थित विद्यार्थियों, प्रधानाचार्य सभी स्टाफ सदस्यों, भारत विकास परिषद पांवटा साहिब शाखा के विभिन्न पदाधिकारियों व अभिभावकों के सम्मुख प्रस्तुत किए। इसमें मुख्यत: नशे की बढ़ती प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया।

वहीं, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में व गलत संगति से बचते हुए जीवन में नशे को न व शिक्षा को हां की प्रवृत्ति का उद्देश्य जीवन में सार्थक करने का आह्वान किया। डॉ. नवदीप द्वारा विद्यार्थियों के साथ समान भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अपने वक्तव्य को बहुत ही वैज्ञानिक व मेडिकल तकनीकियों के साथ प्रस्तुत किया। इसकी सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। इसी अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका सुमन गुप्ता द्वारा नशा रोकथाम अभियान को सार्थकता प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को जागरूक करने का सुंदर प्रयास किया गया तथा विशेष तौर पर विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों की भागीदारी को बढ़ावा देते हुए दोनों की जागरूकता पर विशेष बल प्रदान किया।




नशा मुक्त भारत जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम में शामिल गणमान्य लोग।

जागरूकता अभियान के अंतर्गत डॉ. भूपेश धीमान, प्रांत महिला सहभागिता द्वारा बहुत ही ओजस्वी पूर्ण तरीके से अपना संदेश विद्यार्थियों व अन्य उपस्थित महानुभावों के सम्मुख प्रस्तुत किया, जहां उन्होंने भारत विकास परिषद् संस्था के उद्देश्यों व प्रकल्पों पर विशेष प्रकाश डाला। वहीं, साथ-साथ सामाजिक व अन्य कारण जो नशे की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहे हैं उनसे बचने का आह्वान किया। अजय शर्मा संयोजक संपर्क भारत विकास परिषद पांवटा साहिब शाखा के द्वारा भी इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित किया गया तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में खेलों के माध्यम से समाहित ऊर्जा को सकारात्मक रूप प्रदान करते हुए आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने का आह्वान किया गया, ताकि विद्यार्थी समूह अपनी व्यस्तता बनाए रखते हुए पठन-पाठन कार्यों के साथ-साथ अन्य सह-संज्ञानात्मक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी ऊर्जा का सकारात्मक प्रभाव बढ़ाएं, ताकि नशे जैसी प्रवृत्तियों से उन्हें दूर रखा जा सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रेमपाल ठाकुर ने भारत विकास परिषद संयोजिका सुमन गुप्ता एवं अन्य उपस्थित सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा स्कूल में नशा निवारण कार्यक्रम को बढ़ावा देते हुए संपूर्ण विद्यालय परिवार का योगदान बढ़-चढ़कर प्रदान करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद पांवटा साहिब शाखा से राजेश शर्मा ने भी अपने विचार साझा किए एवं उनके द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अपनी सेवाएं निस्वार्थ एवं निशुल्क रूप से प्रदान करने का आश्वासन दिया तथा विद्यालय के आह्वान पर समय-समय पर विद्यार्थियों को शिक्षित, प्रशिक्षित एवं जागरूक करने के लिए भी अपना योगदान देने के लिए आश्वस्त किया। नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की उपप्रधानाचार्य मीनाक्षी शर्मा व सुमति शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से बहुत ही सुंदर तरीके से किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### एमसीएम में प्रेमचंद जयंती पर साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग द्वारा हिंदी साहित्य के शिखर पुरुष मुंशी प्रेमचंद की जयंती के उपलक्ष्य में एक साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने प्रेमचंद और उनके साहित्य पर अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें उन्होंने प्रेमचंद के यथार्थ, सामाजिक चेतना, नारी संवेदना और दलित विमर्श पर आधारित रचनाओं की चर्चा की। विद्यार्थियों ने प्रेमचंद के योगदान को वर्तमान संदर्भों से जोड़ते हुए उनकी प्रासंगिकता को उजागर किया। इस अवसर पर एक पुस्तक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें प्रेमचंद की प्रमुख रचनाओं – गोदान, गबन, कर्मभूमि, मानसरोवर, नमक का दारोगा आदि की प्रतियाँ प्रदर्शित की गईं। यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए साहित्यिक जानकारी का समृद्ध स्रोत बनी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा सत्यजीत रे द्वारा निर्देशित प्रेमचंद की कहानी 'सद्गति' फ़िल्म का प्रदर्शन। इस फ़िल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेमचंद की संवेदनशील दृष्टि और सामाजिक यथार्थ को देखनेसमझने का अवसर मिला। कॉलेज प्राचार्या श्रीमती नीना शर्मा ने स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को हमारे साहित्यकारों की सोच, संघर्ष और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को समझने का अवसर देते हैं।

### पलवल: घरेलू विवाद में बेटे ने बाप को मौत के घाट उतारा

**अनंत ज्ञान, पलवल।** पलवल के सुल्तानपुर गांव से इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। गुरुवार को घरेलू विवाद के चलते एक बेटे ने अपने ही पिता पर कैंची से हमला कर बेरहमी से हत्या कर दी। यह खौफनाक मंजर उस वक्त और भी दर्दनाक हो गया, जब बीच-बचाव करने आए छोटे भाई पर भी आरोपी ने हमला कर उसे घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी अनुसार मृतक की पहचान 60 वर्षीय अब्दुल के रूप में हुई है, जो गुरुवार सुबह रोज की तरह पशुओं को चारा डालने के लिए उठा था। तभी अचानक उसके बड़े बेटे अमीर ने पुराने विवाद को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया। बात इतनी बढ़ गई कि अमीर आपा खो बैठा और पास ही रखी कैंची उठाकर अब्दुल पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। जब छोटे बेटे मनीफ ने उन्हें बचाने की कोशिश की, तो उस पर भी हमला कर घायल कर दिया। हसनपुर थाना प्रभारी हरकिशन ने मृतक की पत्नी हसीना की शिकायत पर आरोपी अमीर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

### पलवल पुलिस ने 35 लाख की अवैध शराब पकड़ी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** क्राइम ब्रांच होडल की टीम ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 35 लाख रुपए कीमत की अवैध अंग्रेजी शराब की 541 पेटियां बरामद की हैं। यह शराब ट्रक में लदी हुई थी और सीमेंट पुट्टी के कट्टों के बीच में छिपाकर छत्तीसगढ़ ले जाई जा रही थी। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है, जिसकी पहचान मनीदीप कुमार के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी निरीक्षक जगमिंदर सिंह के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक पंजाब से भारी मात्रा में अवैध शराब भरकर पलवल-कोसी रूट होते हुए छत्तीसगढ़ जा रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने ट्रक को पकड़ने के लिए तत्परता से कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी की। जांच के दौरान ट्रक से सीमेंट पुट्टी के करीब 800 कट्टे बरामद हुए, जिनमें से हटाने पर नीचे भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की पेटियां छिपाकर रखी गई थीं। जब्त की गई शराब की कुल 541 पेटियों का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 35 लाख रुपए आंका गया है। पूछताछ में आरोपी मनीदीप शराब के संबंध में किसी प्रकार का वैध लाइसेंस या परमिट नहीं दिखा पाया। पुलिस ने शराब, ट्रक और पुट्टी के कट्टों को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

# शहीद ले. कर्नल भानू प्रताप सिंह की सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि

## चक्की पुल के समीप श्मशानघाट पर दी अंतिम विदाई

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



तिरंगे में लिपटी पार्थिव देह को सलामी देते सेना के जवान तथा (इनसेट) शहीद ले. कर्नल भानू प्रताप सिंह की फाइल फोटो।

**पठानकोट।** देश के वीर सपूत लेफ्टिनेंट कर्नल भानू प्रताप सिंह मनकोटिया का वीरवार को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जम्मू-कश्मीर के लद्दाख में तैनात 14 सिंध हॉर्स यूनिट के अधिकारी भानू प्रताप सिंह फायरिंग रेंज की ओर जाते समय लैंडस्लाइड की चपेट में आ गए थे, जिसमें वे और गुरदासपुर निवासी उनके ड्राइवर लांस दफादार दलजीत सिंह शहीद हो गए, जबकि तीन अन्य अफसर घायल हुए थे।

उनकी पार्थिव देह को आज चक्की पुल के समीप बने श्मशानघाट पर अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान ममून कैंट से आई सेना की 23 पंजाब यूनिट के कमांडिंग अफसर कर्नल पंकज राठी व गौरव शेट्टी के नेतृत्व में टुकड़ी मौजूद रही।

अंतिम संस्कार में आर्मी कमांडर वेस्टर्न कमांड लेफ्टिनेंट जनरल एमके कटियार, जीओसी इन चीफ अरट्रैक लेफ्टिनेंट जनरल दविंदर शर्मा, लेफ्टिनेंट जनरल आर. पुष्कर, तथा परिजनों सहित कई सैन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पिता रिटायर्ड कर्नल आरपीएस मनकोटिया, मां सुनीता, पत्नी तारिणी व डेढ़ वर्षीय पुत्र व्योम की आंखें नम थीं। जब मासूम व्योम अपने पिता के ताबूत पर चढ़ाए फूल उठाकर उनकी तस्वीर पर रख रहा था, तो वहां मौजूद हर आंख भर आई।

## सीएम सैनी हरियाणा के 1300 नवचयनित युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगामी 2 अगस्त को पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में ग्रुप ए, बी, सी और डी के लगभग 1,300 नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। मानव संसाधन विभाग के निदेशक और आबकारी एवं कराधान आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा की और कहा कि सभी को मिलकर यह कार्यक्रम भव्यता के साथ सम्पन्न करवाना है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ महीनों में हरियाणा के भर्ती आयोगों द्वारा ग्रुप ए, बी ,सी और डी के लिए चयनित युवाओं को मुख्यमंत्री नियुक्ति पत्र सौंपेगे। नवचयनित युवाओं को मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र सौंपे जाने से अन्य युवाओं को भी कड़ी मेहनत कर परीक्षा पास करने की प्रेरणा मिलेगी। इस कार्यक्रम में लगभग 1,300 नवचयनित युवा सम्मलित होंगे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत जीएमएचएस-42 में पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पर्यावरण जागरूकता, हरित क्षेत्र में वृद्धि और माताओं के सम्मान के उद्देश्य से राजकीय मॉडल हाई स्कूल, सेक्टर 42, में स्कूल के ईको क्लब की ओर से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर चंडीगढ़ नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर और वार्ड 24 के पार्षद जसबीर सिंह बंटी की माता सुरिंदर कौर समारोह के मुख्यातिथि थे।

इस मौके सीनियर डिप्टी मेयर, पार्षद जसबीर सिंह बंटी और एएसआई प्रभारी राजेश सहित स्कूल के प्रिंसिपल नवदीप कौर और शिक्षक भी उपस्थित थे। सम्मानित अतिथियों और प्रधानाध्यापिका नवदीप कौर, जीएमएचएस 42 के कर्मचारियों और छात्रों ने शहीद उधम सिंह को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की और छात्रों को देशभक्ति को बढ़ावा देने और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। जो आज समाज की तत्काल आवश्यकता है।

स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य निकट भविष्य में पर्यावरण की स्थिरता और माँ के सम्मान को बढ़ावा देना है। जिस प्रकार बच्चे का पालन-पोषण माँ द्वारा होता है। उसी प्रकार वृक्षारोपण धरती माता के सतत विकास को बढ़ावा देता है।

# स्वतंत्रता दिवस पर रजत जयंती वर्ष में हो भव्य आयोजन: मुख्य सचिव

**अनंत ज्ञान, देहरादून**



मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित बैठक में स्वतंत्रता दिवस 2025 की तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि राज्य के रजत जयंती वर्ष में यह पर्व भव्य और व्यापक जनसहभागिता के साथ मनाया जाए।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि राज्य एवं जनपद स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं, ब्लड डोनेशन कैंप, मैराथन, साइकिल रैली, और हाई एल्टीट्यूड साहसिक गतिविधियों का आयोजन किया जाए। प्रदेश के प्रमुख स्थलों पर पुलिस, सेना, पैरामिलिट्री और एनसीसी बैंड की संगीतमय प्रस्तुतियां भी होंगी। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम और अमृत सरोवरों में ध्वजारोहण व वृक्षारोपण जैसे अभियानों को दोहराने के निर्देश दिए। सरकारी व निजी भवनों में 'फ्लैग कोड ऑफ इंडिया 2002' का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया।

महानिदेशक सूचना ने बताया कि मुख्यमंत्री 15 अगस्त को सुबह 10 बजे परेड ग्राउंड में ध्वजारोहण करेंगे, जबकि 14 अगस्त को कवि सम्मेलन तथा सभी जिलों में देशभक्ति गीतों का प्रसारण और प्रभात-फेरियां आयोजित की जाएंगी।

## बठिंडा के कृष्णा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में लगाया ऑर्थो व बेरिएट्रिक सर्जरी कैंप

**अनंत ज्ञान, बठिंडा।** पार्क ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की इकाई कृष्णा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, बठिंडा में आयोजित निशुल्क ऑर्थो एवं बेरिएट्रिक सर्जरी कैंप में 200 से अधिक मरीजों की जांच की गई। इस अवसर पर हड्डियों व जोड़ों की समस्याओं के साथ-साथ मोटापे से जुड़ी बीमारियों की भी गहन जांच की गई।

**200 से अधिक मरीजों को जांचा**

डॉ. भानु प्रताप सिंह सलूजा (डायरेक्टर, रोबोटिक आथ्रीप्लास्टी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) और डॉ. अमित गर्ग (एसोसिएट डायरेक्टर, बेरिएट्रिक व मेटाबॉलिक सर्जरी) ने मरीजों को निशुल्क परामर्श, एक्स-रे, फिजियोथेरेपी और अन्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराईं। डॉ. भानु ने बताया कि 'पार्क महोत्सव' के अंतर्गत योग्य मरीजों को 31 अगस्त तक रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट तकनीक निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है।

डॉ. अमित गर्ग ने बताया कि मोटापा एक गंभीर मेटाबॉलिक बीमारी है, जो कई अन्य बीमारियों का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि मिनिमल इनवेसिव बेरिएट्रिक सर्जरी के जरिए मरीजों को लंबी अवधि के लिए स्वास्थ्य लाभ दिया जा सकता है।

# चंडीगढ़ के स्कूलों में शहीद ऊधम सिंह को दी ऐतिहासिक श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



शहीद ऊधम सिंह के बलिदान को सम्मान देने हेतु शिक्षा विभाग, यूटी चंडीगढ़ द्वारा एक ऐतिहासिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एक लाख से अधिक छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया। जलियांवाला बाग नरसंहार का प्रतिशोध लेने वाले इस महान क्रांतिकारी को याद करते हुए चंडीगढ़ के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त, केंद्रीय और निजी स्कूलों में एक साथ आयोजन हुआ।

कार्यक्रम को दो सत्रों (प्रात: 11 से 12 और अपराह्न 3 से 4 बजे) में आयोजित किया गया। स्कूलों में विशेष सभाओं, देशभक्ति गीतों, भाषण, नाटक, क्विज, पोस्टर निर्माण और खुले मंच चर्चा जैसी रचनात्मक गतिविधियों ने छात्रों को ऊधम सिंह के साहस और न्यायप्रियता से जोड़ दिया। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने इस अवसर पर बच्चों को लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस आयोजन को अभिभावक-शिक्षक बैठकों (पीटीएम) से जोड़ कर पीढ़ियों के बीच संवाद को और सशक्त किया गया। यह कार्यक्रम एक औपचारिक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि एक सशक्त शैक्षिक आंदोलन था, जिसने ऊधम सिंह की भावना को विद्यार्थियों में जीवंत कर दिया। शिक्षा विभाग ने सभी शिक्षकों और आयोजकों के योगदान की सराहना की।

## देश-विदेश

# सेना के 25 .20 लाख पेंशनधारकों को मिली 'वन रैंक वन पेंशन'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय सेना के 25.20 लाख पात्र पेंशनभोगियों को बतौर 'वन रैंक वन पेंशन' के तहत 16,925.20 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। संसद के मानसून सत्र के दौरान रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने यह जानकारी दी है। रक्षा राज्यमंत्री ने बताया कि ओआरओपी-1 और ओआरओपी-2 के अंतर्गत रक्षा बल कार्मिकों के सभी पात्र लाभार्थियों को बकाया राशि का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

**रक्षा राज्यमंत्री बोले- 16,925 करोड़ रुपए का किया भुगतान**

राज्यसभा में 28 जुलाई को डॉ. वी. शिवादासन ने वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) को लेकर सवाल पूछे थे। इनमें पहला सवाल, क्या वन रैंक वन पेंशन योजना के अंतर्गत संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया है। दूसरा सवाल, विगत तीन वर्षों के दौरान ओआरओपी योजना के बकाया भुगतान के लिए सरकार द्वारा कितनी राशि आवंटित और व्यय की गई पूछे गए थे।

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने इस सवालों के जवाब में बताया कि ओआरओपी-1 और ओआरओपी-2 के अंतर्गत रक्षा बल कार्मिकों के सभी पात्र लाभार्थियों को बकाया राशि का भुगतान पहले ही किया जा चुका है। (अनंत ज्ञान)

## दल-बदल से कमजोर हो रही लोकतंत्र की नींव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दल-बदल को लेकर बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह मुद्दा देश भर में बहस का विषय रहा है। अगर समय रहते इसे नहीं रोका गया तो यह लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने संसद में दिए गए कई नेताओं के भाषणों का हवाला भी दिया। कोर्ट ने राजेश पायलट, देवेंद्रनाथ मुंशी जैसे सांसदों के भाषणों का जिक्र करते हुए कहा कि विधायक/सांसद की अयोग्यता तय करने का अधिकार स्पीकर को इसलिए दिया गया, ताकि अदालतों में समय बर्बाद न हो और मामला जल्दी सुलझे। जस्टिस गवई ने कहा कि स्पीकर ने सात महीने बाद नोटिस जारी किया जब इस अदालत ने इस मामले में नोटिस भेजा। (अनंत ज्ञान)

# बिहार वोटर वेरिफिकेशन पर सदन में हंगामा

## प्रियंका गांधी ने अमेरिकी टैरिफ पर पीएम मोदी से मांगा जवाब




संसद के मकर द्वार पर बिहार वोटर वेरिफिकेशन मामले पर विरोध प्रदर्शन करते विपक्ष के सांसद।

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद के मानसून सत्र का वीरवार को 9वां दिन है। बिहार वोटर वेरिफिकेशन और अमेरिका के टैरिफ लगाने वाले मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को भारत पर 1 अगस्त से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति ने टैरिफ पर जो कहा, उसे सबने देखा है। प्रधानमंत्री मोदी हर जगह जाते हैं, दोस्त बनाते हैं और फिर हमें बदले में यही मिलता है।

इसके पहले प्रियंका सहित विपक्ष के सांसदों ने संसद के मकर द्वार पर बिहार मतदाताओं से जुड़े स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन पर विरोध प्रदर्शन किया। इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने वीरवार सुबह 10 बजे राज्यसभा में विपक्ष के नेता ऑफिस में बैठक की। आगे की रणनीति पर चर्चा की। (अनंत ज्ञान)

### विदेश मंत्री व एनएसए को बदले सरकार

**कांग्रेस** सांसद गौरव गोगोई ने कहा, पिछले 2 दिनों से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण रहे हैं। मुझे लगता है कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को बदल देना चाहिए। ये दोनों प्रधानमंत्री को विदेश नीति पर सलाह देते हैं और आज आप इसके परिणाम देख रहे हैं।

### ट्रंप और पाकिस्तान में डील दुर्भाग्यपूर्ण

गौरव गोगोई ने कहा कि टैरिफ लगाना ठीक नहीं है, लेकिन उससे भी ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण है राष्ट्रपति ट्रंप और पाकिस्तानी सरकार के बीच हुई ऑयल डील। उन्होंने कहा है कि वह पाकिस्तान के साथ एक समझौता करेंगे, ताकि भारत भविष्य में पाकिस्तान से तेल खरीद सके। यह भारत और अमेरिका के रिश्तों में एक नई गिरावट को उजागर करता है।

## फिलिस्तीन को अब कनाडा भी देगा मान्यता

**एजेंसी, ओटावा।** कनाडा भी फ्रांस और ब्रिटेन की तरह फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र के तौर में मान्यता देगा। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बुधवार को इसका ऐलान किया। यह मान्यता औपचारिक रूप से सितंबर 2025 में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान दी जाएगी। इसके साथ ही कनाडा, फ्रांस और ब्रिटेन के बाद जी7 का तीसरा देश बन गया है जिसने हाल ही में फिलिस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया है। गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच करीब दो साल से जंग जारी है। वहां में पानी और खाद्य संकट और रिफ्यूजी शिविरों की हमलों से मानवीय संकट गहरा गया है। इसके चलते इजराइल पर लगातार अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

## लिथुआनिया के पीएम गिनटॉटस ने दिया इस्तीफा



**एजेंसी, विनियस।** लिथुआनिया में एक बड़े राजनीतिक घटनाक्रम के तहत प्रधानमंत्री गिनटॉटस पलुकस ने अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, वे सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख भी थे और इन दोनों पदों से हटने का फैसला उन्होंने बढ़ते राजनीतिक दबाव और निजी कारोबारी लेनदेन की जांच के चलते लिया है। राष्ट्रपति गितानास नाउसैडा ने पुष्टि की कि पलुकस ने उन्हें फोन कर अपने इस्तीफे की जानकारी दी और उन्होंने इस फैसले को सही दिशा में लिया गया कदम बताया। इस राजनीतिक संकट की शुरुआत तब हुई जब 'डेमोक्रेटिक यूनियन फॉर लिथुआनिया' के नेता और संसद (सेइमास) के अध्यक्ष साउलियस स्कवर्नेइलिस ने कहा कि उनकी पार्टी पलुकस के प्रधानमंत्री बने रहने की स्थिति में सत्तारूढ़ गठबंधन में नहीं रहेगी। इसके बाद राष्ट्रपति से मुलाकात और दबाव के बीच पलुकस के इस्तीफे का रास्ता साफ हो गया। पार्टी की कार्यकारिणी से भी इस्तीफे को मंजूरी देने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

## सोना 500 और चांदी 2000 रुपए सस्ती



**एजेंसी, नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में वीरवार को सोने की कीमत 500 रुपए घटकर 98,520 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव वीरवार को 400 रुपए घटकर 97,800 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं, चांदी की कीमत 2,000 रुपए गिरकर 1,12,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि वीरवार को सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। सकारात्मक अमेरिकी समष्टि आर्थिक आंकड़ों के कारण अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ, जिससे बुलियन पर दबाव बढ़ा। (अनंत ज्ञान)

# रूस ने यूक्रेन पर फिर दागी मिसाइलें

## हमले में एक मासूम समेत छह की मौत, मलबे में दबे कई लोग

**एजेंसी, कीव**

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध अभी भी खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर बुधवार रात मिसाइलों और ड्रोन्स से जोरदार हमला किया। इस हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जिसमें एक छह साल का बच्चा भी शामिल है। इसके अलावा 52 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

अधिकारियों का कहना है कि घायलों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। मामले में कीव शहर के सैन्य प्रशासन प्रमुख तैमूर त्काचेंको ने बताया कि एक 9 मंजिला रिहायशी इमारत का बड़ा हिस्सा मिसाइल लगने से गिर गया। कई लोग मलबे के नीचे दबे हुए हैं और राहत व बचाव दल मौके पर काम कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका-पाक में ऑयल डील, तेल निकालने में सहायता करेगा यूएस

**एजेंसी, वॉशिंगटन**





अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ ऑयल डील होने का ऐलान किया है। इसके तहत पाकिस्तान के तेल भंडारों का विकास करेंगे। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान भविष्य में भारत को तेल बेच सकता है।

**ट्रंप बोले- क्या पता एक दिन भारत को तेल बेचे पाकिस्तान**

सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए ट्रंप ने लिखा, 'हमने पाकिस्तान के साथ एक डील फाइनल की है, जिसमें अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर वहां के विशाल तेल भंडारों का विकास करेंगे। शायद एक दिन वह भारत को भी तेल बेचे। वहीं, पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने ट्रंप का धन्यवाद किया है। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान में पिछले साल मिला था तेल भंडार

**पाकिस्तान** की समुद्री सीमा में पिछले साल सितंबर में तेल और गैस का एक बड़ा भंडार मिला था। पाकिस्तानी मीडिया हाउस डॉन के मुताबिक, इलाके में एक सहयोगी देश के साथ मिलकर 3 साल तक सर्वे किया गया था।

**खोज** 10 महीने की रिसर्च के बाद खोजा गया बेहद दुर्लभ ब्लड ग्रुप

# कर्नाटक में मिला नया ब्लड ग्रुप 'CRIB'

**एजेंसी, बेंगलुरु**



कर्नाटक के कोलार जिले की एक 38 वर्षीय महिला में डॉक्टरों ने एक ऐसा ब्लड ग्रुप खोजा है, जो अब तक दुनिया में कहीं भी पहचाना नहीं गया था। इसे CRIB नाम दिया गया है। अभी तक दुनिया में इस ब्लड ग्रुप के 10 लोग ही सामने आए हैं। यह मामला तब सामने आया जब महिला को दिल की सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। महिला का ब्लड ग्रुप O+ था, जो कि सबसे आम माना जाता है, लेकिन जब सर्जरी के लिए खून जुटाया गया, तो कोई भी ओ पॉजिटिव यूनिट उसके शरीर से मेल नहीं खा रही थी। मामला गंभीर था, इसलिए जांच के लिए सैंपल को बेंगलुरु के रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर की एडवांस्ड लैब में भेजा गया। टीम ने महिला के 20 परिजनों के ब्लड सैंपल भी जांचे, लेकिन कोई मेल नहीं मिला। डॉ. अंकित माथुर ने बताया,' हमने एडवांस टेस्टिंग की, जिसमें पाया गया कि मरीज का खून हर सैंपल से 'पैन-रिएक्टिव' था, यानी किसी भी खून से मेल नहीं खा रहा था। हमें शक हुआ कि यह कोई नया या बहुत दुर्लभ ब्लड ग्रुप हो सकता है।'

डॉक्टरों और परिवार की मदद से बिना खून चढ़ाए ही सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की गई। साथ ही महिला और उसके परिवार के ब्लड सैंपल इंटरनेशनल ब्लड ग्रुप रेफरेंस लैब ब्रिस्टल, यूके भेजे गए। दस महीने की रिसर्च और जेनेटिक टेस्टिंग के बाद आखिरकार वैज्ञानिकों ने इस महिला में एक बिलकुल नया ब्लड ग्रुप CRIB एंटीजन खोज निकाला। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप के टैरिफ बम से सेंसेक्स 296 अंक टूटा, निफ्टी भी लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**



अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप के भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले का असर घरेलू बाजार में देखने को मिला। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 296.28 अंक या 0.36 प्रतिशत गिरकर 81,185.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 786.71 अंक या 0.96 प्रतिशत गिरकर 80,695.15 पर पहुंच गया था। वहीं, एनएसई निफ्टी 86.70 अंक या 0.35 प्रतिशत गिरकर 24,768.35 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स, एनटीपीसी और एशियन पेंट्स सबसे ज्यादा गिरावट में रहे।

वहीं एफएमसीजी प्रमुख हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड ने 3.48 प्रतिशत की छलांग लगाई, क्योंकि फर्म ने वित्त वर्ष 26 की जून तिमाही के लिए अपने समेकित शुद्ध लाभ में 5.97 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,768 करोड़ की वृद्धि दर्ज की। इसके अलावा इटरनल, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और पावर ग्रिड भी लाभ में रहे। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में 30 टीमें लेंगी भाग

**एजेंसी, काकीनाडा।** हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप शुक्रवार से यहां शुरू होगी, जिसमें 30 टीम भाग लेंगी। इस बार यह प्रतियोगिता डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें टीमों को तीन डिवीजन ए, बी और सी में बांटा गया है।



प्रतियोगिता 12 अगस्त तक चलेगी। ए और बी डिवीजन में सबसे नीचे रहने वाली दो टीमों को अगले वर्ष के टूर्नामेंट में क्रमशः बी और सी में रेलीगेट कर दिया जाएगा जबकि बी और सी डिवीजन की शीर्ष दो टीमों को क्रमशः ए और बी डिवीजन में जगह मिलेगी। डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं। इसके पूल ए में गत वर्ष की चैंपियन हॉकी झारखंड, पूल बी में पिछले वर्ष की उपविजेता हॉकी मध्य प्रदेश और पूल सी में तीसरे नंबर की टीम हॉकी हरियाणा शामिल है। डिवीजन बी और डिवीजन सी में वे टीमें शामिल हैं जो राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष 12 में नहीं हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ''सीनियर राष्ट्रीय और सब जूनियर राष्ट्रीय के बाद अब जूनियर राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भी नया प्रारूप लागू किया जाएगा। सीनियर और सब जूनियर दोनों टूर्नामेंट से हमें वाकई सकारात्मक परिणाम मिले हैं और हमें पूरा विश्वास है कि जूनियर घरेलू खिलाड़ी भी इस नए प्रारूप में खेलकर उतने ही खुश होंगे।'' (अनंत ज्ञान)

### कनाडा के गैब्रियल डायलो तीसरे दौर में, अब मुकाबला फ्रिट्ज से

**एजेंसी, टोरंटो।** कनाडा के लंबे कद के खिलाड़ी गैब्रियल डायलो ने इटली के माटेओ गिगांटे को 6-3, 7-6 (5) से हराकर नेशनल



बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। मॉन्ट्रियल के रहने वाले छह फुट आठ इंच लंबे दाएं हाथ के खिलाड़ी डायलों ने बारिश से प्रभावित मैच में एक घंटे 46 मिनट में जीत दर्ज की। डायलो ने पिछले महीने नीदरलैंड में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता था। अब उनका सामना अमेरिका के दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज़ से होगा, जिन्होंने स्पेन के रॉबर्टो कार्बालिस बाएना को 7-5, 7-6 (1) से हराया। दूसरे दौर के अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के क्वालीफायर एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से और रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराया। (अनंत ज्ञान)

### लौरा वोल्वार्ड्ट का खूबसूरत अंदाज

**दक्षिण अफ्रीकी।** दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट जितनी अपने खेल में माहिर हैं, उतनी ही खूबसूरती के मामले में भी आगे हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल हो जाती हैं।



**5वां टेस्ट | पहला दिन** बारिश की वजह से दो बार रुका खेल

# कप्तान गिल ने तोड़ा गावस्कर का रिकॉर्ड

**एजेंसी, द ओवल**

भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का आखिरी टेस्ट गुरुवार से द ओवल में शुरू हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। बारिश की वजह से दो बार खेल रुका। समाचार लिखे जाने तक भारतीय टीम ने पहली पारी में 3 विकेट पर 85 रन बना लिए थे। साई सुदर्शन और करुण नायर नाबाद हैं। कप्तान शुभमन गिल 21, केएल राहुल 14 और यशस्वी जायसवाल 2 रन बनाकर आउट हुए। गिल को गस एटकिंसन ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया, जबकि राहुल को क्रिस वोक्स ने बोल्ड और जायसवाल को एटकिंसन ने एलबीडब्ल्यू किया। मैच शुरू होते ही इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भारत पर शिकंजा कस दिया और जल्दी-जल्दी दो विकेट चटका दिए। भारतीय कप्तान शुभमन गिल इस सीरीज में 743 रन बना चुके हैं। वे एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान बने हैं। हालांकि गिल ज्यादा रन नहीं बना सके, लेकिन उन्होंने सुनील गावस्कर (732 रन) का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो गावस्कर ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। शुभमन गिल इंग्लैंड में एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी कप्तान बने हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स (722 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा। वे वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ने 1966 में बनाया था। (अनंत ज्ञान)



शॉट खेलने के बाद रन लेते शुभमन गिल।

## विदेशी चुनौतियों से पार पाना हमेशा विशेष होता है: ध्रुव जुरेल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल समझते हैं कि विदेशी परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने से खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ता है और वह चोटिल उप कप्तान ऋषभ पंत की जगह इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पंत के चोटिल होने के कारण 24 वर्षीय जुरेल ने लॉर्ड्स और मैनचेस्टर में पिछले दो टेस्ट मैचों में भारत के लिए विकेटकीपिंग की थी। जुरेल ने बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए वीडियो में कहा, ''विदेश की चुनौतियों से पार पाना हमेशा विशेष होता है। अगर आप विदेश में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो लोग आपको ऊंचा दर्जा देंगे, इसलिए मैं बहुत उत्साहित हूं। मैं बस मैदान पर उतरकर खुद को अभिव्यक्त करना चाहता हूं।''

उन्होंने कहा, ''यह मैच हम सभी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है इसलिए मैं इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं टीम की जीत में अपना योगदान देना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा, ''एक टीम मैन वह होता है जो अंतिम एकादश में शामिल होने या नहीं होने पर भी ऐसा काम करता है जिससे टीम को जीत मिलती है।''

इस सीरीज में मैदान पर उतरने के पल को याद करते हुए जुरेल ने कहा, ''मैं बचपन से ही लॉर्ड्स में खेलने के बारे में सोचता था, इसलिए मैं बस उस पल को महसूस कर रहा था। वहां खेलने का अनुभव शानदार था। ऋषभ भैया के साथ जो हुआ वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था। लॉर्ड्स में खेलना मेरा सपना था।'' (अनंत ज्ञान)

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को एशेज में दर्शकों का नया रिकॉर्ड बनने की उम्मीद

**एजेंसी, मेलबर्न**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज में रोमांचक मुकाबलों का आगामी एशेज सीरीज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और उन्हें इसमें रिकॉर्ड संख्या में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज नवंबर में शुरू होगी। ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि एशेज में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) 2024-25 के दौरान 837,879 कुल दर्शकों की संख्या को पार कर जाएगी। ग्रीनबर्ग ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, ''यह शानदार है। एक प्रशंसक के तौर पर यह क्रिकेट (एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही सीरीज) देखने लायक है। इसका एशेज पर भी प्रभाव पड़ेगा और हमारे खूब टिकट बिकेंगे।'' ऑस्ट्रेलियाई इतिहास में एशेज के अलावा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज को सबसे अधिक दर्शकों ने देखा। एशेज का रिकॉर्ड 946,750 दर्शकों का है, जो 1936-37 एशेज के दौरान बना था, जब सर डोनाल्ड ब्रैडमैन अपने चरम पर थे।

ग्रीनबर्ग ने कहा, ''मुझे यकीन है कि हमारे अंग्रेज दोस्त एशेज देखने के लिए आएंगे। हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मुझे उनका क्रिकेट खेलने का तरीका बहुत पसंद है और मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि वे हमारे मैदानों पर कैसा प्रदर्शन करते हैं।'' (अनंत ज्ञान)

## विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक तीसरे दौर में



**एजेंसी, मॉन्ट्रियल**

विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीन की गुओ हान्यू को 6-3, 6-1 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

विंबलडन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराने के बाद पहली बार कोई मैच खेल रही स्वियातेक ने जल्द ही 4-0 की बढ़त बना ली और फिर अपने विजय अभियान को 24 मैच तक पहुंचा दिया। पोलैंड की विश्व में दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक का अगला मुकाबला जर्मनी की ईवा लिस से होगा, जिन्होंने रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-3, 6-4 से हराया।

अमेरिका की दो बार की गत विजेता जेसिका पेगुला ने भी यूनान की मारिया सक्कारी को 7-5, 6-4 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। अमेरिका की पांचवीं वरीयता प्राप्त अनिसिमोवा ने न्यूजीलैंड की लुलु सुन को 6-4, 7-6 (5) से हराया। अमेरिका की ही छठी वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज ने जर्मनी की लॉरा सीगेमंड को 6-2, 6-1 से और जापान की नाओमी ओसाका ने रूस की लियुडमिला सैमसोनोवा को 4-6, 7-6 (6), 6-3 से हराया।

**अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में हॉकी प्रतियोगिता का भव्य समापन**

## पुरुष वर्ग में शाहबाद की टीम बनी विजेता



विजेता-उपविजेता टीमें मुख्यातिथि व अन्य के साथ।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला 2025 के अंतर्गत आयोजित हॉकी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के फाइनल और समापन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस मौके पर चंबा सदर के विधायक नीरज नैय्यर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

**विधायक नीरज ने की शिरकत**

समारोह के दौरान हॉकी एसोसिएशन चंबा के महासचिव मुकेश बेदी ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विधायक ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं के व्यक्तित्व विकास और सामाजिक समरसता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने चंबा में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए और अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया।

पुरुष वर्ग में शाहबाद (हरियाणा) की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया, जबकि उपविजेता टीम के रूप में हॉकी हिम ने सराहनीय खेल का प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में अमृतसर की टीम विजेता बनी, जबकि मजरा सिरमौर (हिमाचल) की टीम उपविजेता रही। खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

### विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी ने बढ़ाया समारोह का गौरव

**इस** अवसर पर यश पॉल, विकास जमदगनी, बोधराज, अविनाश, शशि मेहरा, परमजीत मेहरा, अरुण मेहरा, मुन्ना सहित दोनों टीमों के कोच एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों के खेल कौशल और समर्पण की सराहना की।

### खिलाड़ियों में दिखा जोश

**हॉकी** प्रतियोगिता के समापन पर खिलाड़ियों ने मिंजर मेले के मंच से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। विजेता टीमों ने इस आयोजन को यादगार बताते हुए चंबा की खेल भावना की सराहना की।

## विशाखापट्टनम, जयपुर, चेन्नई और नई दिल्ली में खेली जाएगी प्रो-कबड्डी लीग

**एजेंसी, मुंबई।** प्रो-कबड्डी लीग (पीकेएल) का 12वां सत्र 29 अगस्त से शुरू होगा और इसे चार शहरों विशाखापट्टनम, जयपुर, चेन्नई और नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने एक विज्ञप्ति में बताया कि नए सत्र के पहले दिन विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगू टाइटंस का सामना तमिल थलाइवाज से और बेंगलुरु बुल्स का पुनेरी पल्टन से होगा। विशाखापट्टनम में 2018 के बाद पहली बार पीकेएल के मैच खेले जाएंगे। पीकेएल का दूसरा चरण 12 सितंबर से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां टूर्नामेंट ने 2023-24 के सत्र में अपने 1,000 मैच पूरे किए थे। तीसरा चरण 29 सितंबर से चेन्नई के एसडीएटी इंडोर स्टेडियम में जबकि चौथा और अंतिम चरण 13 अक्तूबर से नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्लेऑफ का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## मकाऊ ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे तरुण मन्नेपल्ली

**एजेंसी, मकाऊ।** भारत के तरुण मन्नेपल्ली शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू को हराकर मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। तरुण ने दुनिया के 15वीं रैंकिंग वाले ली को 19-21, 21-14, 22-40 से हराया। इससे पहले वह फरवरी में जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे थे। अब उनका सामना चीन के हू झे अन से होगा। आयुष शेट्टी को मलेशिया के जस्टिन होह ने 21-18, 21-16 से हरा दिया। महिला एकल में रक्षिता रामराज को थाईलैंड की बुसानन आंगबामरूंगफान ने 14-21, 21-10, 21-10 से मात दी। मिश्रित युगल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को मलेशिया के जिम्मी वोंग और लेइ पेइ जिंग ने 19-21, 21-13, 21-18 से हराया। (अनंत ज्ञान)

## मेस्सी के आखिरी पल में किए गए करिश्मे से जीता इंटर मियामी



**एजेंसी, मियामी**

लियोनेल मेस्सी के मैच के अंतिम पलों में दिखाए गए करिश्मे की मदद से इंटर मियामी ने लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में एटलस को 2-1 से हरा दिया।

मेजर लीग सॉकर द्वारा ऑल-स्टार भाग नहीं देने के कारण एक मैच के लिए निलंबित किए जाने के बाद मेस्सी और उनके साथी जोर्डी अल्बा का यह पहला मैच था। उन्होंने स्टॉपेज टाइम के आखिरी मिनट में मार्सेलो वीगंड्ट की विजयी गोल करने में मदद की। वीडियो समीक्षा प्रणाली के बाद ही यह गोल मान्य माना गया।

मेस्सी ने इससे पहले 58वें मिनट में टेलास्को सेगोविया के गोल में भी मदद की थी। रिवाल्डो लोजानो ने 80वें मिनट में एटलस की तरफ से बराबरी का गोल किया। इस मैच में अर्जेंटीना के मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल ने इंटर मियामी के लिए पदार्पण किया। मेस्सी के राष्ट्रीय टीम के साथी डी पॉल ने पिछले हफ्ते क्लब के साथ आधिकारिक तौर पर करार किया था।

## सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल टूर्नामेंट में किप्स का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन**





किप्स के खिलाड़ी।

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा के होनहार खिलाड़ियों ने 28 जुलाई से 31 जुलाई, 2025 तक शेमरॉक स्कूल, कैथल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-16 बास्केटबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

अंडर-17 वर्ग में कुल 22 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें किप्स के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए विश्वास पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद को 34-22 के स्कोर से हराकर क्वार्टर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया तथा क्वार्टर फाइनल मुकाबले किप्स के खिलाड़ियों ने एपीएस अंबाला को 42/21 के स्कोर से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं अंडर-19 वर्ग, जिसमें कुल 17 टीमें शामिल थीं, में किप्स के खिलाड़ियों ने एमएम स्कूल, अंबाला को जबरदस्त खेल का परिचय देते हुए 35-8 के बड़े अंतर से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई। विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, प्रधानाचार्य राजीव गुलेरिया तथा उपप्रधानाचार्या पूनम ठाकुर ने इस शानदार उपलब्धि पर खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और टीम भावना की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**हौसला** चल नहीं सकते, फिर भी देश के लिए खेलने का जज्बा है अमित ठाकुर में

## व्हीलचेयर पर हौसले की उड़ान, चंबा के अमित का क्रिकेट टीम इंडिया-बी में चयन

**विक्रम ढटवालिया अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के छोटे से गांव मकडोगा (पंचायत ठाकरी मट्टी, तहसील सलूणी) से ताल्लुक रखने वाले अमित ठाकुर ने अपने अदम्य साहस और मेहनत के बल पर वह मुकाम हासिल किया है, जो कई लोगों के लिए सिर्फ एक सपना बनकर रह जाता है। 85 प्रतिशत दिव्यांगता और व्हीलचेयर पर जीवन व्यतीत करने के बावजूद उन्होंने न केवल अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई, बल्कि भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट टीम (इंडिया-बी) में स्थान प्राप्त कर हिमाचल प्रदेश का गौरव भी बढ़ाया है।

हिमाचल व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के संचालक राजन कुमार ने बताया कि अमित ठाकुर का चयन आगामी राष्ट्रीय त्रिकोणीय व्हीलचेयर क्रिकेट सीरीज के लिए हुआ है, जो 7 से 9 अगस्त 2025 तक चेन्नई के अम्मा क्रिकेट ग्राउंड, मेलमरुवथुर में आयोजित की जाएगी। इस प्रतिष्ठित सीरीज में इंडिया-ए, इंडिया-बीऔर इंडिया-सी की टीमें एक-दूसरे से मुकाबला करेंगी। इसमें देशभर से चुने गए शीर्ष व्हीलचेयर क्रिकेट खिलाड़ी भाग लेंगे।

राजन ने बताया कि अमित वर्तमान में शिक्षा खंड चुवाड़ी के तहत एक प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। वर्ष 2018 से व्हीलचेयर क्रिकेट से जुड़े अमित एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और वर्तमान में हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के कप्तान भी हैं। वह अब तक दो राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिमाचल की अगुवाई कर चुके हैं।



अमित ठाकुर

क्रिकेट के प्रति अमित का प्रेम बचपन से ही रहा है, लेकिन शारीरिक अक्षमता के कारण उन्हें मैदान से दूर रहना पड़ा। जब उन्होंने पहली बार व्हीलचेयर क्रिकेट के बारे में सुना, तो यह उनके अधूरे सपनों को नई दिशा देने वाला क्षण था। राजन ने कहा कि व्हीलचेयर क्रिकेट उन खिलाड़ियों के लिए आशा की एक किरण है, जो शारीरिक चुनौतियों के बावजूद अपने सपनों को जीवित रखते हैं।

इस खेल के नियम पारंपरिक क्रिकेट जैसे ही होते हैं, बस खिलाड़ी व्हीलचेयर पर बैठकर बैटिंग, बॉलिंग, फील्डिंग और रनिंग करते हैं। आज भारत के लगभग सभी राज्यों में व्हीलचेयर क्रिकेट टीमें सक्रिय हैं, और यह खेल दिव्यांग खिलाड़ियों को आत्मविश्वास व सम्मान की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है। हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के संचालक राजन कुमार और मुख्य कोच गुरमीत धीमान ने अमित के चयन को प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया तथा उन्हें आगामी प्रतियोगिता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।